* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.com

22 सितंबर, 2022
आश्विन, कृष्ण पक्ष, द्वादशी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
गुरुवार, वर्ष 07, अंक 332

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


न्यूज चैनल के डिबेट में 'हेट स्पीच' पर सुप्रीम कोर्ट ने लगायी लताड़, कहा- नफरत को रोकना एंकर की जिम्मेदारी।








## पीएम केयर्स फंड के ट्रस्टी बने रतन टाटा





■ पूर्व लोकसभा उपाध्यक्ष कड़िया मुंडा को भी बनाया गया ट्रस्टी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** पीएम केयर्स फंड ट्रस्ट के नये ट्रस्टियों के नाम की घोषणा बुधवार को हुई। इसमें रतन टाटा, पूर्व सुप्रीम कोर्ट जज जस्टिस केटी थॉमस, पूर्व लोकसभा उपाध्यक्ष कड़िया मुंडा, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और गृह मंत्री अमित शाह को ट्रस्टी बनाया गया है। यह घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली कमेटी की बैठक के एक दिन बाद हुई।

### सलाहकार बोर्ड में भी मशहूर हस्तियां

ट्रस्टियों के बाद पीएम केयर्स फंड में सलाहकार बोर्ड भी बनाया गया। इसमें कई मशहूर शख्सियतों को शामिल किया गया। इनमें भारत के पूर्व सीएजी राजीव महर्षि, इंफोसिस फाउंडेशन की पूर्व अध्यक्ष सुधा मूर्ति, टीच फॉर इंडिया के सह-संस्थापक और इंडिकॉर्प्स और पीरामल फाउंडेशन के पूर्व सीइओ आनंद शाह शामिल हैं।

### 2020 में हुई थी शुरुआत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में पीएम केयर्स फंड की शुरुआत 28 मार्च 2020 में हुई थी। इस फंड के जरिए सरकार का मकसद कोविड-19 जैसी आपातकालीन और संकट की स्थिति में राहत मुहैया कराना है। यह फंड पूरी तरह से लोगों या संगठनों की तरफ से मिलने वाले ऐच्छिक सहयोग से काम करता है। प्रधानमंत्री इसके पदेन अध्यक्ष हैं और इसमें दिये जाने वाली हर रकम आयकर से पूरी तरह मुक्त है। ट्रस्टियों ने फंड में मिले योगदान को एक्सेप्ट किया, जिसमें 4,345 बच्चों को सपोर्ट देने वाली पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रेन योजना भी शामिल है। केंद्र के आंकड़ों के मुताबिक 2020-21 के बीच पीएम केयर्स फंड के तहत कुल 7,031.99 करोड़ रुपये इकट्ठा हुए थे। वर्तमान में इस फंड का कुल बैलेंस 10990.17 करोड़ रुपये है।

### लीगल स्टेटस पर दिल्ली हाइकोर्ट में याचिका

जुलाई 2022 में दिल्ली हाइकोर्ट ने सम्यक गंगवाल की याचिका पर केंद्र से जवाब दाखिल करने को कहा था, जिसमें पीएम केयर्स फंड का स्टेटस घोषित करने की मांग की गयी थी। दिल्ली हाइकोर्ट ने 16 सितंबर को संविधान और सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत पीएम केयर्स फंड के लीगल स्टेटस पर जानकारी मांगी है।

## न मैं झुका हूं और न ही कभी झुकूंगा : लालू

**पटना (आजाद सिपाही)।** राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने बुधवार को भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मैं अपनी आइडियोलॉजी पर मजबूती से कायम हूं। कई पार्टियों ने भाजपा के साथ समझौता कर घुटने टेक दिये। लेकिन ना मैं झुका हूं और ना ही कभी झुकूंगा। भाजपा हमारी सबसे बड़ी दुश्मन है, अगर मैं झुक जाता तो मुझे इतने दिन जेल में नही रहना पड़ता। लालू राजद राज्य परिषद की बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मैं जल्द ही नीतीश कुमार के साथ मिलकर दिल्ली जाकर सोनिया गांधी से मुलाकात करूंगा। राहुल गांधी की यात्रा के बाद राहुल से भी मुलाकात करूंगा।

### सीएम हेमंत सोरेन ने ग्राम प्रधान सम्मान समारोह को किया संबोधित, कहा

# योजनाओं में बिचौलियागीरी बर्दाश्त नहीं

● साहिबगंज, पाकुड़, गोड्डा जिले के विभिन्न प्रखंडों से आये ग्राम प्रधानों को किया गया सम्मानित



आजाद सिपाही संवाददाता

**साहिबगंज।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि सरकार की जो भी योजनाएं हैं, उसका पूरा लाभ ग्रामीणों को मिलना चाहिए। कई बार शिकायतें मिलती हैं कि योजनाओं की जानकारी नहीं होने की वजह से ग्रामीणों को बिचौलिया झांसा देकर अपनी गिरफ्त में ले लेते हैं। उसे मिलने वाला लाभ फर्जी तरीके से अपनी जेब में भर लेते हैं। सरकार इस मामले में बेहद गंभीर है। अब किसी भी योजना में किसी भी तरह की बिचौलियागीरी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। सोरेन बुधवार को साहिबगंज जिले के पतना प्रखंड स्थित धरमपुर मैदान में ग्राम प्रधान सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य और राज्यवासियों के कल्याण के लिए सरकार कई महत्वाकांक्षी योजनाएं चला रही है। इनकी जानकारी देने के लिए अधिकारी ग्राम प्रधानों का सम्मेलन आयोजित करेंगे। इस सम्मेलन में उन्हें सरकार की सभी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जायेगी। ताकि वे गांव-गांव जाकर डुगडुगी अथवा अन्य पारंपरिक माध्यमों से ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं के महत्व से अवगत कराते हुए उसका लाभ उन्हें देना सुनिश्चित करें। समारोह में उन्होंने साहिबगंज, पाकुड़, गोड्डा जिले के विभिन्न प्रखंडों से आये ग्राम प्रधानों को सम्मानित किया ।

### सुखाड़ से निपटने में ग्राम प्रधानों की अहम भूमिका

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में सुखाड़ को लेकर सरकार काफी चिंतित है। सरकार ने इससे निपटने की तैयारियां शुरू कर दी हैं। गांव से पलायन नहीं हो। ग्रामीणों को अपने ही घर में रोजगार मिले, इसके लिए सरकार कई योजनाएं शुरू करने जा रही है। योजनाओं को ग्रामीणों तक पहुंचाने में आप जैसे ग्राम प्रधानों की अहम भूमिका है। आपके सहयोग से सुखाड़ से निपटने में सरकार निश्चित तौर पर कामयाब होगी।

### समस्याओं का हो रहा समाधान

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की सेवा दे रहे सभी श्रेणी के कर्मियों के लंबे समय से चली आ रही समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। हमारी सरकार ने सरकारी सेवकों की पुरानी पेंशन योजना को लागू करने, पुलिसकर्मियों को क्षतिपूर्ति अवकाश, सहायक पुलिसकर्मियों को अवधि विस्तार, आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका के लिए सेवा शर्त नियमावली, जल सहियाओं का मानदेय फिर से शुरू करने जैसी मांगों को पूरा करने का काम किया है। दूसरी ओर राज्य के मूल निवासियों और आदिवासियों के लिए 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति और ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का भी निर्णय हमारी सरकार ले चुकी है। आने वाले दिनों में उन सभी समस्याओं का समाधान करने का काम करेंगे, जो राज्य के विकास और लोगों के मान-सम्मान और हक अधिकार से जुड़ा होगा।

### मजबूत और विकसित राज्य बनने की राह पर बढ़ रहे

समारोह को राजमहल सांसद विजय हांसदा ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड एक मजबूत और विकसित राज्य बनने की राह पर आगे बढ़ रहा है। यह सरकार लोगों की भावनाओं के अनुरूप योजनाओं को बना रही है ताकि उसका लाभ राज्य वासियों को मिल सके। समारोह में साहिबगंज जिला परिषद अध्यक्ष मोनिका किस्कू, साहिबगंज, गोड्डा और पाकुड़ के उपायुक्त, एसपी सहित बड़ी संख्या में ग्राम प्रधान उपस्थित थे।

## बंद लिफाफे में क्या है इसकी चिंता हमें नहीं, हम हर तरह से जवाब देना जानते हैं

साहिबगंज। राज्य में राजनीतिक ऊहापोह के बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ताबड़तोड़ फैसले ले रहे हैं। विकास योजनाओं की समीक्षा कर रहे हैं। साथ ही प्रखंड स्तर पर जाकर जनता से सीधा संवाद भी कर रहे हैं। बुधवार को पतना में एक कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पूरे तेवर में दिखे। मीडिया से बात करते हुए हेमंत सोरेन ने कहा कि बंद लिफाफे में क्या है इसकी उन्हें चिंता नहीं है, वे जवाब देना जानते हैं।
**भाजपा अपनी चिंता करे :** जब मुख्यमंत्री से यह पूछा गया कि आप अपने विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर हैं और भाजपा के भी सभी बड़े नेता संथाल में डेरा जमाये हुए हैं। कहीं भाजपा आपके संथाल के गढ़ में सेंधमारी करने की फिराक में तो नहीं है। जवाब में हेमंत सोरेन ने कहा कि भाजपा हमारे गढ़ में क्या सेंधमारी करेगी, पहले वह अपने गढ़ को तो बचाये। साफ कहा कि आनेवाले समय में भाजपा का कोई गढ़ तो क्या झारखंड में नामलेवा नहीं बचेगा। कहा कि वह अपना काम कर रहे हैं। राज्य की जनता को कैसे सरकार की योजनाओं का लाभ मिले, यह उनकी प्राथमिकता है। यही वजह है कि जनता की मांग पर सरकार ने पिछले दिनों कई अहम फैसले लिये हैं। कहा कि यह सिलसिला अब जारी रहेगा। विपक्ष क्या कर रहा है यह मेरे लिए महत्वपूर्ण नहीं है। मेरा फोकस सिर्फ और सिर्फ झारखंड की जनता है और मैं उसे ही ध्यान में रख कर काम कर रहा हूं।

## झारखंड में हुआ 1000 करोड़ से अधिक का अवैध खनन : इडी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने अपनी चार्जशीट में खुलासा किया है कि झारखंड में 1000 करोड़ रुपये से अधिक का अवैध खनन हुआ है। इडी ने बुधवार को प्रेस रिलीज जारी करते हुए कहा है कि मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े एक मामले में गिरफ्तार पंकज मिश्रा को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है। पंकज मिश्रा झारखंड के मुख्यमंत्री और बरहेट के विधायक के राजनीतिक प्रतिनिधि हैं और उनके विधानसभा क्षेत्र में संचालित अवैध खनन गतिविधियों को अपने सहयोगियों के जरिये नियंत्रित करते हैं। गौरतलब है कि बीते 16 सितंबर को इडी ने रांची की विशेष पीएमएलए अदालत में पंकज मिश्रा और उनके दो सहयोगियों-बच्चू यादव और प्रेम प्रकाश के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया था। इडी के मुताबिक पंकज मिश्रा द्वारा अवैध गतिविधियों से अर्जित लगभग 42 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्ति की पहचान की गयी है। इडी द्वारा गिरफ्तार पंकज मिश्रा, बच्चू यादव और प्रेम प्रकाश फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं।

### 47 तलाशी अभियान चलाये गये

जांच एजेंसी ने कहा है कि उसने राज्य में अब तक अवैध खनन से अर्जित लगभग एक हजार करोड़ रुपये मूल्य की संपत्तियों की पहचान की है। इडी के मुताबिक, धन शोधन से जुड़े इस मामले में 47 तलाशी अभियान चलाये गये, जिनमें 5.34 रुपये की नकदी, 13.32 करोड़ रुपये बैंक जमा राशि, 30 करोड़ रुपये मूल्य का पानी जहाज, पांच स्टोन क्रशर और दो ट्रक जब्त किये गये हैं। जांच एजेंसी के अनुसार, छापेमारी में दो एके-47 राइफल भी बरामद हुए हैं, जिन्हें बाद में झारखंड पुलिस ने अपना बताया था।

### 19 ठिकानों पर हुई थी छापेमारी

बता दें कि इडी की जांच तब शुरू हुई थी, जब एजेंसी ने अवैध खनन और जबरन वसूली के कथित मामलों को लेकर 8 जुलाई को झारखंड के साहिबगंज, बरहेट, राजमहल, मिर्जा चौकी और बरहरवा इलाके में पंकज मिश्रा और उनके कथित सहयोगियों के 19 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इडी ने मार्च में मिश्रा और अन्य के खिलाफ पीएमएलए के तहत मामला दर्ज करने के बाद छापेमारी शुरू की थी। इडी ने साहिबगंज जिले के बरहरवा पुलिस थाने में मिश्रा के खिलाफ दर्ज राज्य पुलिस की प्राथमिकी और शस्त्र अधिनियम, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम, आदि की विभिन्न धाराओं के तहत अवैध खनन व्यापार मामलों में दायर कुछ अन्य पुलिस शिकायतों का संज्ञान लिया था।

## केंद्रीय रेल राज्यमंत्री का मोबाइल गुम, हड़कंप

■ साहिबगंज से दिल्ली तक परेशान रहे अफसर
■ फ्लाइट से मोबाइल भेजा गया दिल्ली

आजाद सिपाही संवाददाता

**साहिबगंज।** केंद्रीय रेल, कोयला और माइंस राज्यमंत्री रावसाहेब पाटील दानवे का मोबाइल गुम होने की वजह से प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया। अधिकारियों के हाथ-पांव फूल गये। हालांकि, उनका मोबाइल दुमका में सकुशल बरामद कर लिया गया। जिस गाड़ी से वह सर्किट हाउस से रेलवे स्टेशन तक गये थे, मोबाइल उसी वाहन में था। इसके बाद स्पेशल मैसेंजर से मोबाइल को दिल्ली भेजा गया। मंत्री रविवार की शाम तीन दिवसीय दौरे पर यहां पहुंचे थे। दौरा समाप्त करने के बाद मंगलवार की रात वे यहां से स्पेशल ट्रेन से पटना रवाना हुए। रात में नयी दिल्ली के लिए उनकी फ्लाइट थी।

बताया जाता है कि पटना पहुंचने के बाद उन्हें अपने मोबाइल की याद आयी। रेलवे अधिकारियों को उन्होंने इस बारे में बताया। सर्किट हाउस से लेकर स्पेशल ट्रेन के सैलून तक में मोबाइल की खोज हुई, लेकिन वह नहीं मिला। इसके बाद जिले के अधिकारियों ने उस वाहन की खोज शुरू की, जिससे वह सर्किट हाउस से रेलवे स्टेशन तक गये थे। पता चला कि वह गाड़ी दुमका की थी और वह वापस जा चुकी है।

तत्काल उसके चालक से संपर्क किया गया। उसने गाड़ी में जाकर देखा तो मोबाइल उसी में था। इस सूचना के बाद रेलवे अधिकारियों की जान में जान आयी। रात में ही साहिबगंज से एक व्यक्ति को भेज कर मोबाइल मंगाया गया। रेलवे अधिकारियों ने उसे पटना भेजा, जहां से एक व्यक्ति फ्लाइट से उस मोबाइल को लेकर दिल्ली पहुंचा।






## सबको हंसानेवाला रुला कर चला गया, आज अंतिम संस्कार

■ हार्ट अटैक के बाद 42 दिन से चल रहा था इलाज

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/रांची।** राजू श्रीवास्तव के परिवार सहित शुभचिंतकों को भी भरोसा था कि वह ठीक हो जायेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। उन्हें बुधवार को दोबारा कार्डिएक अरेस्ट पड़ा, जिसके बाद उनका निधन हो गया। राजू ने जिंदगी और मौत के बीच लंबी जंग लड़ी। पहला कार्डिएक अरेस्ट पड़ने के करीब 42 दिन तक वह मौत से लड़ते रहे। उनका एम्स में इलाज चल रहा था। उनका अंतिम संस्कार दिल्ली में ही गुरुवार को सुबह 9:30 बजे निगमबोध घाट पर किया जायेगा।



### कानपुर के थे राजू

राजू कानपुर के रहने वाले थे। 25 दिसंबर 1963 को जन्मे, नाम रखा गया सत्य प्रकाश श्रीवास्तव। पिता रमेश चंद्र श्रीवास्तव सरकारी कर्मचारी थे और शौकिया तौर पर कविताएं लिखते। छुट्टियों में पिता कवि सम्मेलनों में जाते। राजू का ये हुनर विरासती था। 1993 में राजू की शादी हुई। पत्नी शिखा, दो बच्चे अंतरा और आयुष्मान हैं। राजू की एक बहन और 5 भाई हैं। राजू श्रीवास्तव की पत्नी शिखा का कहना है कि राजू सच्चे फाइटर थे। वहीं उनके भतीजे कौशल ने बताया कि कल तक उम्मीद थी कि राजू ठीक हो जायेंगे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत कई बड़ी हस्तियों ने राजू के निधन पर शोक जताया है।



'राजू श्रीवास्तव ने हंसी, हास्य और सकारात्मकता के साथ हमारे जीवन को रोशन किया। उन्होंने बहुत जल्द हमारा साथ छोड़ दिया, लेकिन वह वर्षों तक अपने समृद्ध काम की बदौलत अनगिनत लोगों के दिलों में जीवित रहेंगे। उनका निधन दुखद है। उनके परिवार और प्रशंसकों के प्रति संवेदना। - ऊं शांति।'- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



'मशहूर हास्य कलाकार राजू श्रीवास्तव जी के निधन का दुखद समाचार मिला। जीवन भर सभी को हंसाने वाले राजू जी जिंदगी की जंग लड़ते हुए चले गये। उनके जाने से हास्य जगत को अपूरणीय क्षति हुई है। परमात्मा दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवार को दुख की घड़ी सहन करने की शक्ति दे।'- हेमंत सोरेन, मुख्यमंत्री

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No. 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 46,900 रु./10 ग्राम
चांदी 58,000 रु./प्रति किलो



# आरएसएस और मोदी के प्रति ममता साफ्ट, क्या है राज

## अपने परिवार और राजनीतिक जमीन को बचाने की कवायद

आजाद सिपाही विशेष

कहते हैं राजनीति में कोई किसी का स्थायी दोस्त या दुश्मन नहीं होता है। कब कौन किसका दोस्त या दुश्मन बन जायेगा, कहा नहीं जा सकता। भारत के संदर्भ में यह कथन और भी सही है। अब पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को ही लें। इस फायरब्रांड नेता ने हाल के दिनों में पीएम नरेंद्र मोदी और आरएसएस के प्रति जो 'सॉफ्ट कॉर्नर' दिखाया है, उससे यह कथन पूरी तरह सही साबित होती है। महज 16 महीने पहले पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पूर्व इसी ममता बनर्जी ने पीएम मोदी के नाम के आगे पीछे किन-किन विशेषणों, शब्दों का इस्तेमाल नहीं किया था, यह सभी को याद होगा। अब वह पीएम मोदी का यह कह कर बचाव कर रही हैं कि केंद्रीय जांच एजेंसियों के कथित दुरुपयोग में उनकी कोई भूमिका नहीं है। इतना ही नहीं, ममता ने यहां तक कह दिया कि पीएम मोदी को उनके सलाहकार गलत सलाह देते हैं। इससे पहले ममता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और परिवहन मंत्री नितिन गडकरी की भी तारीफ कर चुकी हैं। इसके अलावा आरएसएस के कार्यक्रम में पहुंच कर उन्होंने कह दिया कि संघ में अच्छे लोग भ्ज्ञी होते हैं। यही नहीं, बंगाल में हिंदुओं के प्रति ममता सरकार के रवैये में भी बदलाव देखने को मिल रहा है। कभी भाजपा, आरएसएस और पीएम मोदी की धुर विरोधी रही ममता के रुख में यह बदलाव क्या संकेत करता है, यह बड़ा सवाल है। ऐसा लगता है कि ममता अपने कुनबे और बंगाल में अपनी राजनीतिक जमीन बचाने के लिए ऐसा कर रही हैं, क्योंकि उन्हें समझ में आ गया है कि बंगाल की राजनीति करवट ले रही है। पार्टी और सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों से बुरी तरह घिर चुकीं ममता बनर्जी यह भी समझ गयी हैं कि बंगाल के बाहर उनकी कोई राजनीतिक हैसियत नहीं है, इसलिए अब बदलना ही श्रेयस्कर होगा। ममता के रवैये में इसी बदलाव का विश्लेषण कर रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कुछ दिन पहले ही आरएसएस की तारीफ करके सबको चौंका दिया था। अब ममता बनर्जी ने केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग पर पीएम मोदी का बचाव किया है। दरअसल, सीएम ममता बनर्जी ने विधानसभा में केंद्रीय एजेंसियों के कथित दुरुपयोग के खिलाफ लाये गये प्रस्ताव के दौरान हो रही बहस के दौरान कहा कि उन्हें नहीं लगता है कि प्रधानमंत्री मोदी का इसके पीछे हाथ है। ममता के इस बयान के कई राजनीतिक मतलब निकाले जा रहे हैं। एक ओर जहां लोकसभा चुनाव में विपक्षी एकता की बात हो रही है, तो दूसरी ओर भाजपा की धुर विरोधी ममता बनर्जी के सुर बदलते जा रहे हैं। हालांकि अपने भाषण में उन्होंने भाजपा को खूब खरी-खोटी भी सुनायी, लेकिन अगर वह केंद्रीय एजेंसियों के कथित दुरुपयोग के मामले में पीएम मोदी का बचाव करती रहीं, तो उनका इशारा किसकी ओर है, यह भी अपने आपमें बड़ा सवाल है।

पश्चिम बंगाल विधानसभा में ममता बनर्जी ने कहा कि उन्हें नहीं लगता है कि पीएम मोदी सीबीआइ, इडी का दुरुपयोग कर रहे हैं, बल्कि कुछ भाजपा नेता अपने हितों के लिए ऐसा कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं पीएम मोदी से सरकार और पार्टी के कामकाज को अलग-अलग रखने का आग्रह करती हूं।। यह देश के लिए अच्छा नहीं होगा। इससे पहले बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कोलकाता में आयोजित एक कार्यक्रम में आरएसएस की तारीफ करते हुए कहा था कि आरएसएस में सभी खराब नहीं हैं और उसमें ऐसे कई लोग हैं, जो भारतीय जनता पार्टी का समर्थन नहीं करते हैं। इतना ही नहीं, बंगाल की सीएम ने कहा, आरएसएस इतना बुरा नहीं है। कुछ लोग अब भी संघ में ऐसे हैं, जो भाजपा की तरह नहीं सोचते हैं। संघ में ऐसे लोग भी हैं, जो भाजपा की राजनीति को स्वीकार नहीं करते।



**तृणमूल सुप्रीमो को अपनी राजनीतिक हैसियत का अंदाजा लग गया है**

### तो फिर इस बदलाव का मतलब क्या है

यह सभी जानते हैं कि राजनीति में कोई भी स्थायी दोस्त या दुश्मन नहीं होता है। भारतीय राजनीति में यह आम बात है। बिहार के हाल का राजनीतिक घटनाक्रम इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। यही बात ममता बनर्जी के साथ भी लागू होती है। दुनिया जानती है कि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्ती की पार्टी तृणमूल कांग्रेस की मुख्य प्रतिद्वंद्वी पार्टी अब भाजपा ही है। लोकसभा चुनाव से लेकर विधानसभा चुनाव तक भाजपा तृणमूल कांग्रेस के बाद दूसरे नंबर पर है। वामदल और कांग्रेस मिल कर भी कहीं नहीं ठहर पाये। तो फिर ममता बनर्जी अचानक से आरएसएस-पीएम मोदी को लेकर नरम रुख क्यों अपना रही हैं।

### नीतीश कुमार क्या ममता बनर्जी के लिए झटका हैं

ममता के रुख में बदलाव का पहला कारण यही लगता है कि नीतीश कुमार के अचानक से राष्ट्रीय राजनीति में उभर आने से ममता बनर्जी खुद को उपेक्षित महसूस कर रही हैं। साल 2019 के लोकसभा चुनाव से लेकर पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव तक ममता बनर्जी ने खुद को पीएम मोदी के खिलाफ सबसे बड़ा नेता स्थापित करने की कोशिश की है। लोकसभा चुनाव में भले ही भाजपा ने तृणमूल कांग्रेस को झटका दे दिया था, लेकिन विधानसभा चुनाव में ममता पीएम मोदी और समूची भाजपा के आक्रामक प्रचार के बवजूद प्रचंड बहुमत से वापस आ गयीं। इसके बाद खुद को पीएम मोदी के खिलाफ सबसे बड़ा चेहरा बताने में जुटीं ममता के लिए नीतीश कुमार न सिर्फ प्रतियोगी बनकर दिल्ली पहुंच गये, बल्कि उस विपक्षी एकता की शुरुआत कर दी, जिसकी बात ममता बनर्जी खुद की अगुवाई में साल 2019 के लोकसभा चुनाव से कर रही हैं।

यह बात भी गौर करने लायक है कि राजनीतिक कैरियर में ममता बनर्जी और नीतीश कुमार में ज्यादा अंतर नही है, लेकिन ममता बनर्जी ने तीसरी बार अपने दम पर सरकार बनायी है, जबकि नीतीश कुमार एक भी बार अपने दम पर बहुमत नहीं पा सके हैं। इसी अंतर को ममता भुनाने में लगी थीं। लेकिन जब से नीतीश कुमार ने केंद्र की राजनीति में सक्रियता दिखायी है, ममता बनर्जी ने उचित दूरी बना ली है और पार्टी की ओर से दो टूक कह दिया गया है कि कोई भी फैसला अब चुनाव के बाद सीटों के आधार पर तय होगा। मतलब साफ है कि अगर तृणमूल कांग्रेस को जदयू से ज्यादा सीटें आयीं, तो वह नीतीश की अगुवाई आसानी से स्वीकार लेंगी, ऐसा लगता नहीं है। दूसरी संभावना यह भी हो सकती है कि अगर भाजपा को बहुमत की जरूरत पड़ी, तो मोदी-ममता के बीच संवाद का एक रास्ता भी खुला है। वैसे भी ममता बनर्जी कई वर्षों से गुजरात के इस नेता को उनके जन्मदिन पर कुर्ता और मिठाई भिजवाती रही हैं।

जांच की आंच ममता बनर्जी तक इस राजनीतिक कारण के अलावा ममता के रुख में बदलाव का एक और कारण है। हाल ही में ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस के कई नेताओं पर कई अलग-अलग मामलों में सीबीआइ और इडी जैसी एजेंसियां जांच कर रही हैं। ममता सरकार में मंत्री पार्थो चटर्जी शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में जेल में हैं। उनके खिलाफ चार्जशीट भी दायर की जा चुकी है। पार्टी के एक अन्य नेता और ममता बनर्जी का दाहिना हाथ माने जानेवाले अनुव्रत मंडल भी जेल में हैं। उनको पशु तस्करी मामले में गिरफ्तार किया गया है। ममता बनर्जी के भतीजे और पार्टी में उनके बाद सबसे ताकतवर नेता अभिषेक बनर्जी परिवार सहित कोयला घोटाला मामले में इडी के रडार पर हैं। उनसे एक बार एजेंसी पूछताछ भी कर चुकी है और केस दर्ज भी कर लिया है। उनकी पत्नी से भी एजेंसी एक बार सवाल-जवाब कर चुकी है। उनकी साली को बाहर जाने से एयरपोर्ट से रोक दिया गया। इतना ही नहीं, बीते साल नारदा घोटाला मामले में सीबीआइ ने ममता सरकार के दो मंत्रियों, फरहाद हकीम और सुब्रत मुखर्जीसहित तीन विधायकों को गिरफ्तार कर चुकी है। नारदा स्टिंग केस साल 2014 में सामने आया था, जिसमें वेब पोर्टल ने वीडियो जारी कर इन नेताओं से किसी कंपनी के प्रतिनिधियों से पैसा लेने का आरोप लगाया था।

इन सभी आरोपों की जांच की तपिश ममता बनर्जी के मुख्यमंत्री कार्यालय तक भी महसूस की जा रही है और बंगाल के मुख्य विपक्षी दल भाजपा सहित कांग्रेस भी ममता बनर्जी को सीधे-सीधे घेर रही हैं। जिस तरह से जांच एजेंसियों को सबूत मिल रहे हैं, उससे ममता को यह आभास हो गया है कि कहीं उनकी स्थिति भी लालू प्रयाद यादव जैसी न हो जाये।

वैसे केंद्रीय जांच एजेंसियां भले ही ममता बनर्जी के भतीजे तक पहुंच गयी हों, लेकिन अभी तक ममता बनर्जी से एक उचित दूरी बनी हुई है। राज्य के भाजपा नेता भले ही ममता बनर्जी के खिलाफ बयानबाजी कर रहे हों, लेकिन चुनाव के बाद भाजपा आलाकमान ने ममता के प्रति नरम रुख अपना रखा है। ऐसा लगता है कि दोनों पक्षों को भविष्य में एक दूसरे की जरूरत समझ में आ रही है। इन कारणों से इतर सबसे गौर करनेवाली बात वह तस्वीर है, जो बीते जुलाई में सामने आयी थी। वह तस्वीर दार्जिलिंग से आयी थी, जिसमें असम के मुख्यमंत्री हिमंत विस्व सरमा, ममता बनर्जी और उस समय उपराष्ट्रपति चुनाव में उम्मीदवार और बंगाल के राज्यपाल रहे जगदीप धनखड़ एक साथ बैठे हैं। उस बैठक में क्या हुआ था, यह तो आज तक रहस्य है, लेकिन उसके बाद ही ममता का रुख बदलता गया है। उपराष्ट्रपति चुनाव में उन्होंने संयुक्त विपक्ष की उम्मीदवार मारग्रेट अल्वा का समर्थन नहीं किया और फिर राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी और आरएसएस के प्रति नरम रुख अपना कर इस बात के संकेत दे दिये हैं कि भाजपा को लेकर ममता बनर्जी का नजरिया कुछ-कुछ बदलने लगा है।

---

# गोड्डा: जब बीच सड़क में बैठ कर नहाने लगीं विधायक दीपिका पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** महगामा विधायक दीपिका पांडेय सिंह ने बुधवार को ऐसा विरोध जताया कि सभी देख कर अवाक रह गये। दरअसल, दीपिका पांडेय बीच सड़क पर हुए जलजमाव में ही बैठ कर नहाने लगीं। विधायक गोड्डा-पीरपैंती एनएच 133 बनाने की मांग को लेकर इस तरह अपना विरोध जता रही थीं। सड़क की जर्जर हालत और निर्माण नहीं होने को लेकर उन्होंने विरोध जताया। दीपिका कीचड़ वाले गंदे पानी से नहाते हुए बोलीं कि सड़क की हालत इतनी खराब है कि लोग परेशान हो जाते हैं। लोगों की इसी परेशानी को दिखाने के लिए वह इस तरह बीच सड़क पर नहा रही हैं। विधायक दीपिका पांडेय ने सड़क नहीं बनने के लिए गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे को जिम्मेदार ठहराया।



### सांसद निशिकांत दुबे ही हैं जिम्मेवार: दीपिका

दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि इस सड़क के निर्माण को लेकर बहुत वक्त से आश्वासन मिल रहा है, लेकिन सड़क निर्माण नहीं हो पाया। साथ ही कहा कि यह सड़क नेशनल हाइवे की है और इसके निर्माण की जिम्मेवारी सासंद की होती है, लेकिन जनता की परेशानी को देखते हुए भी सासंद निशिकांत दुबे जी ने सड़क निर्माण नहीं करवायी। इससे आगे विधायक ने महगामा, मेहरमा और ठाकुरगंगति प्रखंड की सड़कों की दुर्दशा के लिए निशिकांत दुबे को ही जिम्मेवार ठहरा दिया। इस दौरान विधायक ने सीएम हेमंत सोरोन से भी मांग की कि जल्द ही इस ओर ध्यान दिया जाये और सड़क की दुर्दशा को ठीक किया जाये, क्योंकि केंद्र और उसके प्रतिनिधि से ऐसी कोई उम्मीद करना बेकार ही है।

**दीपिका पांडेय का कीचड़ स्नान**

# सांसद निशिकांत दुबे ने सीएम के सिर फोड़ा ठीकरा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की लापरवाही के कारण यह सड़क नहीं बन पा रहा है। भारत सरकार ने महगामा बाराहाट एनएच 133 का पैसा नवंबर 2021 में ही राज्य सरकार को दे दिया है। टेंडर हो गया तो हेमंत सोरेन ने कमीशनखोरी के कारण काम शुरू नहीं किया। कहीं मुख्यमंत्री को हटाने के लिए तो कांग्रेस ने यह मुद्दा नहीं उठाया है। निशिकांत ने कहा कि दीपिका उस नेशनल हाइवे में गड्ढे के खिलाफ धरने पर बैठ गयी हैं, जिसके रख-रखाव का जिम्मा झारखंड सरकार के पास है। केंद्र ने तो पैसे भी राज्य सरकार को दे दिये हैं। पथ निर्माण विभाग के मंत्री हेमंत सोरेन हैं। उनकी लापरवाही या कमीशनखोरी के कारण सड़क नहीं बन पा रही है। इसके पहले भी कांग्रेस महगामा-दिग्घी सड़क पर धान रोप चुकी है। उस दिन भी उन्होंने कहा था कि यह राज्य सरकार का रोड है, कल ही इस सड़क का शिलान्यास मुख्यमंत्री ने किया था और विधायक भी साथ थीं।



# केंद्र सरकार ने एक पैसा भी नहीं दिया, राज्य के पैसे से भरा जा रहा गड्ढा: चीफ इंजीनियर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे के इस दावे के बाद कि सड़क की मरम्मत के लिए केंद्र सरकार ने राज्य सरकार को पैसे दे दिये हैं, राज्य सरकार मरम्मत नहीं करवा रही है, राज्य के पथ निर्माण के मुख्य अभियंता का एक पत्र सामने आया है। यह पत्र उन्होंने पथ निर्माण विभाग को भेजा है। पत्र में मुख्य अभियंता वाहिद कमर फरीदी ने कहा है कि विदित हो कि जिस एनएच की बात गोड्डा जिले में हो रही है, वह भागलपुर मंडल बिहार के अंतर्गत आता है। इस रास्ते का करीब 1.2 किलोमीटर झारखंड राज्य के अंतर्गत आता है। फिलहाल लगभग 1 किलोमीटर की सड़क की स्थिति काफी दयनीय है। इस सड़क को बनाने के लिए केंद्र सरकार की तरफ से किसी तरह की कोई राशि विभाग को प्राप्त नहीं है। इस बारे में विभाग की तरफ से फोन के माध्यम से मुख्य अभियंता दक्षिणी बिहार को फोन पर बताया जा चुका है। और साथ ही तत्काल सचिव पथ निर्माण विभाग झारखंड द्वारा राज्य निधि से गड्ढे भरने का काम शुरू कर दिया गया है।


मुख्य अभियंता का कार्यालय

# डेंगू के 15 संदिग्ध मरीजों का लिया सैंपल

**देवघर (आजाद सिपाही)।** एआइआइएमएस के हॉस्टल में डेंगू के दो संदिग्ध की पहचान होने के बाद सीएस के निर्देश पर जिला महामारी कार्यालय तथा जसीडीह से आरआरटी टीम हॉस्टल पहुंची। इस दौरान टीम ने डेंगू के संदिग्ध 15 मरीजों के खून का नमूना संग्रह किया। साथ ही सभी की आरटीपीसीआर जांच के लिए सैंपल लिया गया। इस संबंध में जसीडीह सीएचसी प्रभारी डॉ एके सिंह एवं जिला महामारी विशेषज्ञ डॉ मनीष शेखर ने बताया कि जांच के साथ सभी की ट्रेवल हिस्ट्री ली गयी, साथ ही छात्रों को डेंगू के लक्षण एवं बचाव के उपाय बताये गये। वहीं, टीम ने लारवा साइडल छिड़काव छात्रावास के जलजमाव वाले क्षेत्र में किया। मौके पर टीम के सदस्य एलटी ब्रह्मचारी अजय कुमार, एमटीएस राजीव रंजन, निगरानी कार्यकर्ता आसिफ हुसैन के साथ एमपीडब्ल्यू मुकेश कुमार, रामाकांत मेहरा, प्रणय कुमार मिश्र, बिरेंद्र प्रसाद सिंह, राजेश कुमार और पान मुर्मू थे।

# खफा कांग्रेसी हेमंत को बना रहे निशाना : बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बुधवार को सुबह गोड्डा में नेशनल हाइवे पर महगामा विधायक दीपिका पांडेय सिंह ने कीचड़ वाले पानी से स्नान किया। वह कई घंटे गंदे पानी में बैठी रहीं और केंद्र सरकार को कोसती रहीं। इसके बाद भाजपा विधायक दल के नेता और पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने झारखंड सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि लगता है अब हेमंत जी के रवैये से कांग्रेसी नेता भी खफा हो गये हैं और इसलिए अपनी ही सरकार को निशाना बना रहे हैं। बाबूलाल मरांडी ने ये बातें ट्वीट कर कहीं।



### क्या कहा पूर्व सीएम ने

पूर्व सीएम ने लिखा कि कांग्रेस की एक विधायक गोड्डा ज़िले में उस नेशनल हाइवे में गड्ढे के खिलाफ धरने पर बैठ गयी हैं, जिसका रख रखाव का ज़िम्मा झारखंड सरकार के पास है। केंद्र ने तो पैसे भी राज्य सरकार को दे दिये हैं। लगता है मुख्यमंत्री हेमंत जी के रवैये से खफा कांग्रेसी अब उन्हें निशाना बना रहे हैं।

## आम्रपाली कोल परियोजना में टेरर फंडिंग पर लगी रोक

# विस्थापित ग्रामीण संचालन समिति के नाम पर हो रही थी लेवी की वसूली

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** चतरा जिले की आम्रपाली कोल परियोजना में विस्थापित ग्रामीण संचालन समिति के नाम पर टीपीसी उग्रवादियों के द्वारा लंबे समय से वसूली का खेल चल रहा था। वह अब बंद हो गया है। चतरा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए विस्थापित समिति के नाम पर होने वाली वसूली को बंद करा दिया है। इस वजह से टीपीसी उग्रवादी संगठन को आम्रपाली कोल परियोजना से मिलने वाी लेवी बंद हो गयी है।

### विस्थापित ग्रामीण संचालन समिति के नाम पर लिया जा रहा था 150 रुपये प्रति टन

विस्थापन समिति और कोल फील्ड लोडर एसोसिएशन के नाम पर टंडवा स्थित संचालित होनेवाली मगध, आम्रपाली, अशोका, पिपरवार एवं पुरनाडीह कोल परियोजना में टीपीसी उग्रवादियों द्वारा वसूली का खेल चल रहा था। यहां विस्थापित ग्रामीण संचालन समिति के नाम पर कोल व्यवसायी, डीओ होल्डर और ट्रांसपोर्टर से 150 रुपये प्रति टन और कोयला लिफ्टर से 265 रुपया प्रति ट्रक की वसूली की जा रही थी।

### विस्थापित ग्रामीण संचालन समिति का किया गया था गठन

टीपीसी के कमांडर ब्रजेश गंझू, आक्रमण और अन्य टीपीसी उग्रवादियों के संरक्षण में विस्थापित ग्रामीण संचालन समिति का गठन किया गया है। बेंती, विजन टोला, न्यू मंगरदाहा, सरैया ठेठांगी, सरैया के कुछ व्यक्तियों को अशोक कोल परियोजना में, ग्राम कल्याणपुर, बहेरा, राजधर के कुछ लोगों को पिपरवार कोल परियोजना में और ग्राम पुरनाडीह, जामडीह, एकराडीहगड़ा और कठौन के कुछ लोगों को पुरनाडीह कोल परियोजना की संचालन समिति में शामिल किया गया था। कोल व्यवसायी, डीओ होल्डर और ट्रांसपोर्टर से टीपीसी उग्रवादी संगठन का भय दिखा कर लेवी की वसूली की जा रही थी।

### टेरर फंडिंग मामले में 77 लोगों पर केस हुआ था

टेरर फंडिंग मामले में 77 लोगों के खिलाफ चतरा के पिपरवार थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज की गयी है। इन 77 लोगों में अधिकतर लोग क्षेत्र के विस्थापित परिवार से जुड़े हैं या फिर विस्थापित नेता हैं। इन लोगों पर उग्रवादी गतिविधि में शामिल रहने या उग्रवादियों को फंड मुहैया कराने का आरोप लगा है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1 Channel


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 26.2 °c | 22.5 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.46 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.37 बजे |



# सीएम हेमंत सोरेन के आदेश के बाद 234 हॉस्टल को मिला नया स्वरूप





आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कड़े निर्देश के बाद आखिरकार राज्य के 234 हॉस्टल को नया स्वरूप मिल गया। अब इन छात्रावासों में टूटे-फूटे फर्श, बरसात में छत से टपकते पानी, जीर्ण-शीर्ण खिड़की और दरवाजे से मुक्ति मिल रही है। वर्षों से रंग-रोगन को तरसते हॉस्टल के भवनों को अब नया लुक मिल रहा है। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक हॉस्टल का स्वरूप बदलने लगा है। आधुनिक आधारभूत संरचनाओं से सुसज्जित आदिवासी हॉस्टल नजर आने लगे हैं। अब ऐसे हॉस्टल में फर्श, आंखों को सुकून देने वाली दीवारों पर सजे रंग, स्वच्छ शौचालय, लाइब्रेरी, पानी और बिजली की व्यवस्था हो गयी है।

## छात्रावासों में अब अनाज, रसोइया और सुरक्षा की व्यवस्था करेगी सरकार

मुख्यमंत्री और विभागीय मंत्री चंपई सोरेन के निर्देश के बाद कल्याण विभाग के छात्रावासों के जीर्णोद्धार का काम तो किया ही जा रहा है, साथ ही छात्रावासों में सुरक्षा प्रहरी एवं रसोइया की भी बहाली करने का प्रबंध हो रहा है। मुख्यमंत्री ने रिक्त पड़े पद को यथाशीघ्र भरने का आदेश दिया है। वर्तमान में कुल 90 सुरक्षा प्रहरी एवं रसोइया कार्यरत हैं। पूर्व की व्यवस्था के तहत कल्याण विभाग के इन छात्रावासों में रहने वाले छात्रों को अपने घर से अनाज ले जाना पड़ता था। लेकिन सरकार अब इन छात्रावासों में छात्रों के लिए अनाज भी उपलब्ध करायेगी। इसके लिए छात्रों को किसी तरह का शुल्क नहीं चुकाना होगा।

### जीर्णोद्धार का कार्य दो वर्ष में पूर्ण करना है

ऐसे 593 छात्रावासों में से 234 छात्रावासों को नया स्वरूप मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आदेश के बाद प्रदान कर दिया गया है। इनमें अनुसूचित जनजाति के 42, अनुसूचित जाति के 96, पिछड़ा वर्ग के 47 और 92 अल्पसंखयक छात्रावास शामिल हैं। 221 छात्रावासों के जीर्णोद्धार का कार्य दो वर्ष में पूर्ण करना है। जबकि वित्तीय वर्ष 2022 -23 में 139 एवं 2023-24 में 82 छात्रावासों का जीर्णोद्धार कार्य प्रस्तावित है। छात्रावासों के नवीनीकरण के दौरान छात्रों के हितों को प्राथमिकता देते हुए निर्माण कार्य कराया जा रहा है।

**कार्यक्रम :** प्रखंड अध्यक्ष सम्मेलन को किया संबोधित

# मजबूत नींव पर ही संगठन का स्वरूप और ढांचा खड़ा होता है: अविनाश पांडे

**प्रदेश कांग्रेस पभारी ने कहा- प्रखंड अध्यक्ष ही हमारे नाक, कान और आंख होते हैं**

**राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को मिल रहा व्यापक जनसमर्थन**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी अविनाश पांडे ने कहा कि प्रखंड अध्यक्ष की मजबूत नींव पर ही संगठन का स्वरूप और ढांचा खड़ा होता है। प्रखंड अध्यक्षों को संगठन की नींव का पत्थर बनना है, प्रखंड अध्यक्ष ही हमारे नाक, कान और आंख होते हैं और काफी संघर्ष के बाद एक राजनीतिक कार्यकर्ता तैयार होता है, तब जाकर प्रखंड अध्यक्ष का निर्वाचन होता है। पांडे बुधवार को मोरहाबादी स्थित संगम गार्डेन में नवनिर्वाचित प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों के पहले सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। पांडे ने प्रखंड अध्यक्षों को संबोधित करते हुए कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा पर देश और दुनिया की गहरी नजर है। जिस प्रकार आठ वर्षों में लोकतांत्रिक प्रणाली को तहस-नहस किया जा रहा है और जनता त्राहि-त्राहि कर रही है, ऐसी स्थिति में राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को मिल रहा व्यापक जनसमर्थन साफ संकेत दे रहा है कि देश की राजनीति करवट ले रही है। उन्होंने कहा, प्रदेश कांग्रेस कमिटी 10 अक्टूबर से 31 दिसंबर तक 90 दिन भारत जोड़ो यात्रा का आयोजन कर रही है, जिसे झारखंड में सफल करना है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमिटी के इतिहास में पहली बार प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष को जिम्मेदारियों के मार्गदर्शन के लिए आमंत्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि सात महीनों से संघर्षशीलता और प्रतिबद्धता के साथ दिये गये कार्यक्रमों में अपने आपको जोड़ कर चाहे सड़कों पर उतरने की बात हो, चाहे सदस्यता की बात हो, हमारे हर एक पदाधिकारी ने ईमानदार भूमिका निभायी है। इस कार्य के लिए पांडे ने सभी को धन्यवाद दिया। इसके पूर्व संगठन सशक्तिकरण अभियान के संयोजक आलोक कुमार दुबे ने प्रदेश कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे का संगम गार्डन में पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

मौके पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, मंत्री आलमगीर आलम, विधायक अनूप सिंह, शिल्पी नेहा तिर्की, कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, केशव महतो कमलेश, राजीव रंजन, राकेश सिन्हा, आलोक दुबे समेत काफी संख्या में प्रखंड अध्यक्ष मौजूद थे।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| | |
| --- | --- |
| मेष | सामाजिक क्षेत्र में कार्य विस्तार होगा, लोगों से संबंध अच्छे होंगे। |
| वृष | आमदनी में वृद्धि, धर्म-कर्म में रूचि, मान-सम्मान-यश में वृद्धि होगी। |
| मिथुन | विपरीत स्थितियों में सुधार, हर क्षेत्र में सफलता, पारिवारिक सुख। |
| कर्क | आर्थिक एवं व्यावसायिक मामलों के लिए समय अच्छा है, नयी कार्य की योजना बनेगी। |
| सिंह | विरोधियों पर विजय, आर्थिक लाभ, स्वजन-मित्रों का सहयोग मिलेगा। |
| कन्या | रुका हुआ काम पूरा होगा, संतान सुख, महत्वकांक्षा पूरी होगी, धन लाभ होगा। |
| तुला | सुख-दुःख की समानता, पारिवारिक उलझन, स्वास्थ्य बाधा, आर्थिक परेशानी। |
| वृश्चिक | आत्मविश्वास में वृद्धि, पुरानी परेशानी से छुटकारा, मनोकामना पूरी होगी। |
| धनु | कर्मक्षेत्र में संतोषजनक वातावरण, अधिकारियों का सहयोग, यशस्वी कार्य करने का अवसर। |
| मकर | घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण,संतान की उन्नति से मन प्रसन्न रहेगा। |
| कुंभ | कुछ नये संबंध बनेंगे, पारिवारिक परेशानी से छुटकारा, नौकरी में बदलाव होगा। |
| मीन | नौकरी करनेवालों के नवीन पद और अधिकार मिलने की संभावना, आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। |

# लैंप्स, पैक्स कर्मचारियों ने मंत्री से की स्थायीकरण की मांग



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लैम्पस, पैक्स कर्मचारियों ने राज्य सरकार से अपने लिए गुहार लगायी है। झारखंड राज्य लैम्पस, पैक्स कर्मचारी संघ ने कृषि, पशुपालन और सहकारिता मंत्री बादल से बुधवार को मुलाकात की। इस दौरान उन्हें ज्ञापन भी सौंपा। प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार दत्ता ने इस दौरान मंत्री से कहा कि लैम्पस, पैक्स कर्मियों को हाइकोर्ट के आदेश के आलोक में न्यूनतम मजदूरी भी नहीं दी जा रही। बजटीय प्रावधान होने के बावजूद ऐसा नहीं होना दुखद है। सहकारिता विभाग लैम्पस, पैक्स कर्मियों को भुगतान के मामले में उदासीनता दिखाता रहा है। सरकार इस दिशा में पहल करे और सेवा को स्थायी करे। इस दौरान उनके साथ मनोज गुप्ता, आशुतोष पाल सहित अन्य भी मौजूद थे।

### बने नियमावली

संघ के मुताबिक लैम्पस, पैक्स कर्मियों को भुगतान के मामले में हाइकोर्ट के आदेश का पालन होना चाहिए। इसके अलावा लैम्पस, पैक्स के उप विधि में संशोधन करते हुए लैम्पस, पैक्स कर्मियों के लिए सेवा नियमावली बनायी जाये। जब तक सेवा का स्थायीकरण ना हो, कोर्ट के आदेश पर न्यूनतम मजदूरी मिले।

# 15 लाख का इनामी माओवादियों का स्टेट एरिया कमेटी सदस्य विनय यादव गिरफ्तार

**रांची।** भाकपा माओवादियों का स्टेट एरिया कमेटी सदस्य सह संगठन का टॉप कमांडर विनय यादव उर्फ मुराद को गिरफ्तार कर लिया गया है। पलामू और औरंगाबाद पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में विनय यादव को औरंगाबाद के दाउदनगर के इलाके से गिरफ्तार किया गया है। विनय यादव पर झारखंड सरकार ने 15 लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा है। विनय यादव से झारखंड और बिहार की सुरक्षा एजेंसियां पूछताछ कर रही हैं। विनय यादव पिछले तीन दशक से माओवादी संगठन में सक्रिय रहा है। उस पर झारखंड-बिहार में 100 से भी अधिक नक्सल हमलों को अंजाम देने का आरोप है। विनय यादव माओवादियों का मध्य जोन का प्रवक्ता भी था। वह झारखंड-बिहार सीमावर्ती क्षेत्र में माओवादियों का दूसरा सबसे बड़ा कमांडर था।वह मूल रूप से बिहार के औरंगाबाद के अंबा थाना क्षेत्र के देउरा का रहने वाला है। विनय यादव उर्फ मुराद अपने साथ एके-56 लेकर चलता था। उस पर पलामू, लातेहार, गढ़वा, चतरा और बिहार के औरंगाबाद, गया में 100 से भी अधिक नक्सल हमले को अंजाम देने का आरोप है। 2015-16 में बिहार के गया औरंगाबाद और पलामू सीमा पर कोबरा के जवानों पर हमला हुआ था। इस हमले में कोबरा के 10 जवान शहीद हुए थे। माओवादी 2005 के बाद झारखंड बिहार सीमावर्ती इलाके में जितनी भी बड़ी घटनाओं को अंजाम दिया है, उस हमले में विनय यादव शामिल रहा है। विनय यादव की संपत्ति को भी पहले इडी जब्त कर चुकी है। उसकी संपत्ति इडी ने औरंगाबाद और गया के इलाके में जब्त की थी।

# राज्यकर्मियों को ओल्ड पेंशन योजना चयन के लिए 15 नवंबर तक देना होगा शपथ पत्र

**15 नवंबर, झारखंड स्थापना दिवस तक अनुसूची को भर कर अपलोड कर देना है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य सरकार ने 1 दिसंबर 2004 के बाद नियुक्त और 31 अगस्त 2022 के पहले नियुक्त अंशदायी पेंशन पानेवाले राज्यकर्मियों के पेंशन विकल्प चयन के लिए शपथ पत्र जारी कर दिया है।

पुरानी पेंशन योजना का लाभ जिन राज्यकर्मियों को लेना है, उन्हें अनुसूची वन और अंशदायी पेंशन योजना का लाभ लेने के लिए अनुसूची दो में विस्तृत जानकारी देनी होगी। 15 नवंबर, झारखंड स्थापना दिवस तक अनुसूची को भर कर अपलोड कर देना है। इस संबंध में वित्त विभाग ने आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार नवंबर माह तक का वेतन बिना एनपीएस और जीपीएफ की कटौती के ही भुगतान किया जायेगा। वित्त विभाग ने अंशदायी पेंशन योजना से नियुक्त कर्मियों के लिए पुरानी पेंशन योजना या नयी अंशदायी पेंशन योजना का विकल्प चयन करने के लिए प्रक्रियात्मक दिशा-निर्देश अनुसूचित टीम में दिया है। इसी के अनुसार राज्यकर्मियों को पेंशन के विकल्प का चयन करना होगा।

बता दें कि झारखंड सरकार ने विगत 1 सितंबर से राज्य भर के वैसे कर्मी, जो 1 दिसंबर 2004 के बाद नियुक्त हुए हैं, उनके लिए पुरानी पेंशन योजना विकल्प योजना के साथ बहाल की है। इसके अलावा भी कई शर्तें रखी गयी हैं, जिसे स्वीकार करने के बाद भी अब कर्मियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ मिलेगा।

# कुर्मी समाज के आंदोलन के दूसरे दिन भी रेल सेवा प्रभावित

**एसटी में शामिल करने की मांग कर रहे हैं आंदोलनकारी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कुर्मी को एसटी में शामिल करने सहित अन्य मांगों को लेकर कुर्मी समाज ने बुधवार को दूसरे दिन भी आंदोलन किया। आद्रा मंडल के कुसतौर और नीमडीह रेलवे स्टेशन पर आंदोलन की वजह से रेलवे ने बुधवार को भी कई ट्रेन सेवाओं को स्थगित कर दिया।

आद्रा मंडल एवं खड़गपुर मंडल में आंदोलन के कारण अभी तक तीन ट्रेनों को रद्द किये जाने का फैसला लिया गया है। इनमें ट्रेन संख्या 08641/08642 आद्रा-बरकाकाना- आद्रा मेमू पैसेंजर, ट्रेन संख्या 03598/03597 आसनसोल-रांची-आसनसोल मेमू पैसेंजर और ट्रेन संख्या 03595/03596 बोकारो स्टिलसिटी-आसनसोल-बोकारो स्टिलसिटी मेमू पैसेंजर ट्रेनें शामिल हैं। इसके अलावा ट्रेन संख्या 22892 रांची-हावड़ा इंटरसिटी एक्सप्रेस को भी बुधवार को रांची से कैंसिल रखा गया है। ट्रेन संख्या 18085/18086 खड़गपुर-रांची-खड़गपुर एक्सप्रेस ट्रेन का आद्रा स्टेशन पर आंशिक समापन/आंशिक प्रारंभ होगा तथा यह ट्रेन आद्रा-रांची-आद्रा के बीच रद्द रहेगी। ट्रेन सेवाओं को सामान्य बनाये रखने को लेकर रेलवे के अधिकारी लगातार आंदोलन कारियों से बात कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि बीते मंगलवार को भी झारखंड में कुर्मी को एसटी की सूची में शामिल करने की मांग को लेकर अलग-अलग जगहों पर रेलवे स्टेशनों पर आंदोलन हुआ। इस कारण रांची रेल मंडल की तीन ट्रेनों को रद्द करना पड़ा था।

# अब डीएसपी को भी मिलेगा वर्दी के लिए साल में एक हजार रुपये



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में पहली बार डीएसपी को वर्दी भत्ता मिलेगा। झारखंड में डीएसपी को भी वर्दी भत्ता देने का आदेश पुलिस मुख्यालय ने जारी किया है। अब डीएसपी को सरकारी खजाने से हर वर्ष वर्दी के लिए एक हजार रुपये मिलेंगे। इस वर्ष से यह लाभ इन्हें दिया जायेगा। मालूम हो कि पुलिस मुख्यालय ने झारखंड सरकार से डीएसपी के लिए भी दूसरे पड़ोसी राज्यों की तरह वर्दी भत्ता दिये जाने संबंधित प्रस्ताव दिया था, जो सरकार के पास विचाराधीन था।

### पुलिस मुख्यालय ने दिया आदेश

झारखंड पुलिस मुख्यालय के द्वारा जारी किये गये आदेश में कहा गया है कि झारखंड पुलिस सेवा के पदाधिकारियों को संबंधित नियंत्री पदाधिकारी, संबंधित राज्य पुलिस सेवा के पदाधिकारियों से वर्दी भत्ता प्राप्त नहीं करने का प्रमाण लेकर, नियमानुसार वर्दी भत्ता का भुगतान 1000 रुपया प्रति वर्ष की दर से करने का आदेश किया जाता है।

**श्री दुर्गा पूजा समिति के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य सचिव सुखदेव सिंह से शिष्टाचार भेंट की, कहा**

# दुर्गोत्सव के दौरान वीआइपी मूवमेंट कम हो



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल समिति के अध्यक्ष डॉ अजीत सहाय के नेतृत्व में झारखंड सरकार के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह से जाकर उनके कार्यालय में पुष्पगुच्छ देकर शिष्टाचार भेंट की।

प्रतिनिधिमंडल में डॉ अजीत सहाय, रामधन वर्मन, प्रदीप राय बाबू, राजकिशोर, राजन वर्मा, रविंद्र वर्मा, संजय सिन्हा गोपू, संजय मिनोचा एवं अमरनाथ साहू उपस्थित थे। प्रतिनिधिमंडल के लोगों ने मुख्य सचिव से दुर्गोत्सव के दौरान वीआइपी मूवमेंट को कम करने एवं पूजा के दौरान प्रशासनिक सुविधाओं की उपलब्धता पर जोर देते हुए एक ज्ञापन सौंपा एवं आग्रह किया कि इस ज्ञापन को अवलोकन कर दिशा निर्देश जारी करें। आपके सहयोग एवं मार्गदर्शन से हम सभी आयोजकों का मनोबल ऊंचा होता है।

मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि मां दुर्गा साफ सफाई पसंद करती हैं एवं स्वच्छता पर मानव जाति को आशीर्वाद बरसाती हैं। आप सभी से आग्रह है कि दुर्गोत्सव के दरम्यान अपने-अपने पूजा पंडाल के आसपास स्वच्छता साफ-सफाई एवं आपसी भाईचारे के साथ पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनायें। पूजा के दौरान किसी भी तरह की कोई कठिनाई नहीं होगी। साथ ही समुचित व्यवस्था दी जायेगी। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई असुविधा ना हो, इस बात पर संकल्पित रहें।

# पूजा के पति अभिषेक को बेल के लिए करना होगा इंतजार

**इडी ने जवाब के लिए मांगा समय**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** निलंबित आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा की अग्रिम जमानत याचिका पर रांची इडी की कोर्ट में सुनवाई हुई। बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान इडी की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए समय देने का आग्रह किया है। इडी के आग्रह को स्वीकार करते हुए इडी की स्पेशल कोर्ट ने एक सप्ताह में जवाब दायर करने का निर्देश दिया है। रांची इडी कोर्ट के न्यायाधीश पी के शर्मा की कोर्ट में अभिषेक झा की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। बचाव पक्ष यानी अभिषेक झा की ओर से अधिवक्ता विश्वजीत मुखर्जी और इडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक आतिश कुमार ने पक्ष रखा। यहां बता दें कि मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े केस में अभिषेक झा पर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है। उनके विरुद्ध इडी कोर्ट से समन जारी हुआ है, जिसके बाद अग्रिम बेल के लिए उन्होंने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 22 सितंबर, 2022
www.azadsipahi.com


## इचाक थाना प्रभारी धनंजय सिंह ने लोगों से अफवाहों से बचने की अपील की

**इचाक (आजाद सिपाही)।** थाना प्रभारी धनंजय सिंह ने क्षेत्र के लोगों से बच्चा चोर, मुड़ कटवा जैसे अफवाहों पर ध्यान नही देने और किसी प्रकार की सूचना मिलने पर प्रशासन को सूचित करने का निवेदन किया है। कहा है की कुछ दिनों से बच्चा चोर जैसे अफवाह फैलाए जा रहे हैं। जिस कारण कभी भी अंजान और बाहरी लोग इसका शिकार बन सकते हैं। अफवाह के कारण गांव के लोग कानून को अपने हाथ में लेने लगते है, जो कही से भी न्यायसंगत नहीं। कही कोई संदेहास्पद व्यक्ति दिखाई दे तो तुरंत हमे फोन पर इसकी सूचना दे, पुलिस उसका जांच पड़ताल करेगी। अफवाह पर ध्यान न दे और भ्रामक खबरों से दूर रहें। साथ ही एक जिम्मेवार नागरिक की भूमिका निभाए।

## खैरा पंचायत में पीएम आवास के अधूरे भवन का कार्य जल्द पूरा करे : मुखिया

**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड क्षेत्र में गरीब लाभुकों को पीएम आवास 2021-22 में दिया गया दो किस्त देने के बावजूद भी पीएम आवास नही बना अभी तक अधूरा पड़ा है। समयानुसार नही बनने के कारण प्रखण्ड कार्यालय के निर्देशानुसार आज खैरा पंचायत के बेडमक्का में खैरा पंचायत मुखिया कुमारी माधुरी की अध्यक्षता और रोजगार सेवक निरंजन प्रसाद की उपस्थिति में बैठक किया गया । बैठक में मुखिया कुमारी माधुरी ने पीएम आवास के सभी लाभुक जो 2021-22 में पीएम आवास की स्वीकृति मिला और अब तक दो किस्त की राशि भी कुल मिलाकर 1 लाख 25 हजार रुपये मिल चुका है वे सभी अपना अधूरा पड़ा आवास को जल्द से जल्द पूरा करे प्रखण्ड कार्यालय द्वारा भी जल्द से जल्द अधूरा आवास को पूरा करने का निर्देश दिया गया इस बैठक में पंचायत रोजगार सेवक निरंजन प्रसाद, पंचायत समिति सदस्य विनय कुमार दास वार्ड सदस्य रंजीत कुमार, पप्पू रविदास अरविंद केसरी, रामचन्द्र प्रसाद धानेस्वरी देवी, बुधनी देवी, मनोज कुमार, राजेन्द्र प्रसाद, दीपक कुमार, महाबीर महतो सहित उपस्थित थे ।

## चेचकप्पी पंचायत के विहिप अध्यक्ष बने मुकेश साव

**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड के चेचकप्पी श्री राम मंदिर में विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल प्रखंड इकाई का बैठक की गयी। अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष संजय यादव एवं संचालन प्रखंड मंत्री सत्यम भारती ने किया। संगठन विस्तार कार्यक्रम के तहत चेचकप्पी पंचयात कमेटी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से चेचकप्पी पंचयात अध्यक्ष मुकेश साव,उपाध्यक्ष कैलाश सिंह,मंत्री दुर्गा सिंह, सह मंत्री बालेश्वर मेहता, संयोजक राजेश साव,सह संयोजक परमेश्वर पासवान, सत्संग प्रमुख राजकुमार पासवान,मिलन प्रमुख सरजू साव,सेवा प्रमुख अशोक सिंह,गौ रक्षा प्रमुख सुरेश सिंह,सुरक्षा प्रमुख गोवर्धन साव,सह मिलन प्रमुख शिव शंकर साव, मार्गदर्शन मंडली बीरेंद्र मेहता,सदस्य महेश्वर मांझी,भागीरथ साव,सीताराम साव को बनाया गया।इस बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड संयोजक दीपक राणा,प्रखंड धर्म प्रचार प्रमुख धीरज गुप्ता, प्रखंड गौ रक्षा प्रमुख विक्की चंद्रवंशी,संतोष साव,संतोष सिंह, दौलत सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

## गुरुद्वारा में वर्षगांठ मनायी गयी

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विष्णुगढ़ प्रखण्ड के रमुआ स्थित गुरुद्वारा में वर्षगांठ मनाई गई।इस सम्बंध में पंडित कालीचरण पांडेय ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष वर्षगांठ मनाई जाती है।इस अवसर पर पूजा अर्चना कर ध्वज को बदला जाता है।साथ ही भंडारे का भी आयोजन किया जाता है।जो वर्षो से मेरे द्वारा आयोजन किया जाता है।बताते है कि महंत केशव दास ने कालीचरण पांडेय को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया था।और गुरुद्वारे को सौप कर उसके देखरेख की जिम्मेवारी दी ।तब से अब तक कालीचरण पांडेय ने बखूबी अपनी जिम्मेदारी को सम्भालने का काम जारी रखा है।मौके पर सुनील कुमार अकेला, राजेश कुमार दुबे, रंजीत झा, त्रिभुवन पांडेय, शिवम कुमार, बीरेंद्र पांडेय, रंजीत पांडेय, सुनील मालाकार आदि उपस्थित थे।

## पुट्टी लदा 709 ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** थाना अंतर्गत नौवां माइल के पास पुट्टी लोड 709 ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना में चालक बाल बाल बच गया वहीं रांची पटना रोड एक घंटा जाम रहा। जानकारी के अनुसार बंगाल से पुट्टी लोड करके पटना की तरफ जाने के दौरान बुधवार दोपहर कोडरमा घाटी नौवा माइल के पास अनियंत्रित होकर पलट गया। इस दौरान चालक बाल-बाल बच गया वहीं पुट्टी के रोड के बीचो बीच गिर जाने से रांची पटना रोड 1 घंटे जाम रहा। जाम में कई छोटी-बड़ी गाड़ियां भी फंसी रही और यात्री भी परेशान हुए। इसकी सूचना कोडरमा पुलिस को मिलने के बाद पुलिस पहुंचकर वाहन को क्रेन की मदद से साइड कराया गया और परिचालन चालू किया गया। गाड़ी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

## लगातार बारिश से गरीब का घर क्षतिग्रस्त

**जयनगर (आजाद सिपाही)।** पंचायत तिलोकरी के अशोक पांडेय पिता स्वर्गीय मिसिर पांडेय का मकान ध्वस्त हो गया। जिला परिषद सदस्य केदारनाथ यादव तथा मुखिया इंदर देव यादव ने उनके जर्जर आवास का जायजा लिया। स्थानीय ग्रामीण बद्रीनाथ पांडेय, रोशन पांडेय एवं पीड़ित परिवार के सभी सदस्यो ने बताया कि रात्रि में अचानक घर बैठने की आवाज सुनने के बाद सभी परिवार जान बचाने के लिए बाहर निकले और दूसरे के घर में डेरा डाले हुए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री आवास की सूची में मेरा नाम दर्ज है और जियो टैग भी किया गया था। परंतु स्थानीय पंचायत सेवक एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी को बार-बार लिखित सूचना देने के बाद भी प्रधानमंत्री आवास नहीं दिया गया है।

## स्वावलंबी योजना के तहत हुई बैठक

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड स्थित उत्तरी पंचायत के ग्राम अरकोसा पुनर्वास में बुधवार को स्वावलंबी योजना के तहत बैठक की गई। बैठक में जिला समन्वयक दीपक कुमार, स्वच्छ भारत मिशन के प्रखंड समन्वयक रामकुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में उपस्थित महिलाओं और पुरुषों को स्वच्छ भारत मिशन के तहत शपथ दिलाया गया तथा सभी ग्रामीणों को शपथ दिलाने को कहा गया एवं स्वावलंबी महिला पुरुषों के साथ विस्तार से चर्चा की गई। एक बार सिंगल यूज प्लास्टिक बंद, नाली की साफ-सफाई इत्यादि पर विशेष जोर दिया गया।बैठक में दामोदर प्रसाद कुशवाहा, बाबूलाल महतो, पूजा देवी भुनेश्वर महतो, ललिता देवी, मंजू देवी समेत दर्जनों महिला-पुरुष उपस्थित थे।

## सुरेंद्र प्रताप बने दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** दुर्गा मंदिर परिसर मरकचो में शारदीय दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर बैठक हुई। बैठक में शारदीय दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने, दुर्गा पूजा के अवसर पर साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में पूजा समिति के कोषाध्यक्ष रविंद्र पांडे ने राम नवमी पूजा का आय-व्यय प्रस्तुत किया। बैठक में सर्व समिति से पुरानी कमेटी को ही बरकरार रखा गया और सुरेंद्र प्रताप को फिर से अध्यक्ष चुना गया। बैठक की अध्यक्षता शिक्षक नारायण राणा ने की जबकि संचालन सुरेंद्र प्रताप सिंह ने किया। बैठक में अधीन कुमार पांडे, अवध किशोर सिंह, दिगम्बर सिंह, बैजनाथ मोदी, कामदेव सिंह, विजय सिंह, शंभू कुमार सिंह, मनोज सिंह, सतीश सिंह, दामोदर मिस्त्री, सरजू यादव, मुखलाल प्रसाद वर्मा, सरयु यादव, भरत महतो समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## बाइक चोर को ग्रामीणों ने पकड़ कर किया पुलिस के हवाले, मामला दर्ज

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** मोटरसाइकिल चोरी कर रहे बोलेरो सवार दो बाइक चोर को बड़कागांव थाना क्षेत्र के हरली गांव के ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले किया। मिली जानकारी के अनुसार दो चोर बोलेरो पर सवार होकर थाना क्षेत्र के हरली गांव के विवाह मंडप स्थित मंगलवार देर रात्रि पहुंचे और बोलेरो खड़ा कर आसपास के घरों का मुआयना करने लगे इस बीच स्थानीय लोगों द्वारा शौच के लिए जैसे ही बाहर निकले तो उक्त चोरों पर नजर पड़ी उनकी हरकतों पर ध्यान दिया जाने लगा जिसके बाद समीप के दिनेश्वर महतो के घर की गली में रखा बाइक में चाबी लगाकर हैंडल खोल लिया और मुख्य सड़क में निकाला इस बीच निगरानी कर रहे लोगों द्वारा शोर मचा या गया जिससे ग्रामीण इकट्ठा हो गये और एक चोर को धर दबोचा गया जिसकी पहचान जुबेर अंसारी पिता मुबारक अंसारी ग्राम बुंडू थाना केरेडारी के रूप में की गई वही दूसरा बोलेरो लेकर भागने लगा इसी क्रम में मंदिर चौक स्थित देवकी महतो के होटल में समीप गड़े बिजली पोल को तोड़ते हुए जा घुसा जिसके बाद ग्रामीणों ने घेर कर उसे भी दबोच लिया जिसकी पहचान जावेद अंसारी पिता मोहम्मद अजमल अंसारी मंगलवारा थाना पिपरवार जिला चतरा के रूप में पहचान की गई उक्त दोनों चोरों को बड़कागांव पुलिस को सूचना देकर बोलेरो तथा पूर्व से चोरी किए गए बोलेरो में लगा बैटरी व कुछ अन्य सामग्री के साथ सुपुर्द किया वहीं जांच के दौरान उक्त दोनों चोरों के पास मोटरसाइकिल खोलने का कई मास्टर चाभी तथा कई फर्जी आधार कार्ड मिला पूछताछ के दौरान उक्त चोरों ने कई लोगों का नाम बताया जिनके साथ मिलकर लंबे समय से क्षेत्र में चोरी की घटनाओं का अंजाम दे रहे थे ।

### बच्चा चोरी की घटना महज अफवाह, भ्रामक खबरों से रहें दूर

# जिम्मेवार नागरिक बनें सजग रहें, सुरक्षित रहें : डीसी

▶▶ **साईबर सेल व मीडिया सेल सक्रिय, रखी जा रही है नजर : पुलिस अधीक्षक**



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** इंटरनेट मीडिया पर भ्रामक वीडियो व मैसेज पोस्ट कर आमजन को डराया जा रहा है, कि बच्चा चोरी करने वाला गिरोह शहर, गांव में सक्रिय है, जिसकी वजह से लोग किसी भी अपरिचित को संदेह की दृष्टि से देख रहे हैं। जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन ने इस प्रकार की घटना को महज अफवाह घोषित करते हुए ऐसे भ्रामक खबरों से आमजन को दूर रहने की अपील की है। उपायुक्त नैंसी सहाय व पुलिस अधीक्षक चोथे मनोज रतन ने कहा है कि इस प्रकार की अफवाह फैलाने वालों तथा निर्दोष व्यक्तियों पर हमलावर होने की स्थिति में तत्काल मुकदमा दर्ज करते हुए कड़ी सजा दी जाएगी। पुलिस कप्तान ने जिले की साइबर सेल व मीडिया सेल को अलर्ट किया है तथा इस प्रकार के निराधार, भ्रामक खबरों में सक्रिय लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दे दिए हैं। जिला प्रशासन ने आमजनों, ग्राम वासियों से अपील की है कि यदि किसी गांव, कस्बों में बच्चा चोर, मुढी कटवा, चोटी कटवा आदि की अफवाह फैलने की सूचना मिलती है या इस प्रकार के आरोप में किसी निर्दोष व्यक्ति को गांव के लोगों के द्वारा मारपीट किए जाने की सूचना प्राप्त होती है तो तत्काल स्थानीय पुलिस को अवश्य सूचित करें। समाज में अलगाव, अफवाह, अशांति फैलाना एक दंडनीय अपराध है। इस प्रकार के मामलों में लिप्त दोषियों पर सख्त कार्रवाई करते हुए जेल की सजा हो सकती है। इसलिए जिम्मेवार नागरिक बने, सजग रहें, सुरक्षित रहें। जिला प्रशासन आपकी सेवा में तत्पर है।

## महाविद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता : अंबा प्रसाद

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** कर्णपुरा महाविद्यालय बड़कागांव में दिन सोमवार को शासी निकाय की बैठक संपन्न हुई, जिसमें बतौर अध्यक्ष स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद मुख्य रूप से मौजूद रही उक्त बैठक में सचिव टूकेश्वर प्रसाद, प्रभारी प्राचार्य कीर्तिनाथ महतो, शिक्षक प्रतिनिधि निरंजन प्रसाद नीरज समेत कई लोग मौजूद थे बैठक का मुख्य एजेंडा महाविद्यालय के कर्मियों की वेतन वृद्धि एवं अनुकंपा,जमीनदाता तथा आरक्षण के तहत नियुक्ति के संबंध में रखी गई थी बैठक मे महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मियों का वेतन कई वर्षों से नहीं बढ़ाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया जिसमें महंगाई को ध्यान में रखते हुए आय के अनुसार वेतन वृद्धि अप्रैल 2022 से करने को लेकर स्वीकृति प्रदान की गई वही संकल्प दो के अनुसार दिनांक 14 अप्रैल 2022 विज्ञापन संख्या 86/केसीबी/2022 रांची एक्सप्रेस का नियुक्ति के संबंध में निकाले गए विज्ञापन के आधार पर दिनांक 17 सितंबर 2022 को विशेषज्ञ श्री तारकेश्वर प्रसाद कुशवाहा, लेखापाल मारखम कॉलेज ऑफ कॉमर्स हजारीबाग द्वारा



साक्षात्कार लेकर कुल 10 कर्मियों की सर्वसम्मति से अस्थाई पद में नियुक्ति पत्र देकर नियुक्त करने की अनुशंसा बैठक में की गईं जिन 10 कर्मियों की नियुक्ति का प्रस्ताव पारित हुआ उसमें सनवीर कुमार, लेखापाल, नेमधारी राम लिपिक, अनीता देवी लिपिक, धनुनाथ प्रसाद आदेशपाल, कृष्णा पटेल आदेशपाल, चंचल कुमार मेहता माली, मालती देवी माली, जयमनी देवी सफाई कर्मी, अंजना कुमारी सफाई कर्मी एवं हेमराज कुमार को रात्रि पहरी के पद पर नियुक्त किया गयो इस मौके पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि महाविद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता में है तथा महाविद्यालय को आधुनिक बनाने एवं हर तरह की कोर्स की पढ़ाई सुनिश्चित करने के लिए लगातार सार्थक पहल की जा रही है।

## कांग्रेस के नवनियुक्त प्रखंड अध्यक्ष संकल्प सम्मेलन में हुए शामिल

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह के नेतृत्व में जिले के 17 नवनियुक्त प्रखंडों के अध्यक्ष झारखंड की राजधानी रांची में भारत जोड़ो यात्रा के तहत की गई संकल्प सम्मेलन में शामिल हुए। जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान नें बताया कि कार्यक्रम में जिला संयोजक सह पूर्व प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष मानस सिन्हा, राजीव गांधी पंचायती राज के प्रदेश अध्यक्ष जय शंकर पाठक, जोनल कोडीनेटर भीम कुमार, 20 सुत्री कार्यक्रम के उपाध्यक्ष जवाहरलाल सिन्हा, पूर्व अध्यक्ष विजय कुमार यादव, दिगम्बर मेहता, नगर के नवनियुक्त अध्यक्ष मनोज नरायण भगत, प्रखंड अध्यक्षों में विकास कुमार यादव, रविन्द्र गुप्ता, अब्दुल मनान वारसी, अजित कुमार सिंह, नरसिंह प्रजापति, मो मोइनुद्दीन, प्रदीप मंडल, लाल मोहन रविदास, गोवर्धन गंझू, मो नौशाद, दीपक गुप्ता सहित सभी प्रखंड अध्यक्ष उपस्थित थे।

## ई-रिक्शा का परिचालन शुरू, विभावि की छात्राओं के चेहरे पर बिखरी मुस्कान

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय में ई-रिक्शा का परिचालन प्रारंभ हो गया। मुख्य द्वार से परिसर के सभी विभागों के लिए यह सुविधा छात्राओं को प्रदान की जा रही है। दिव्यांग विद्यार्थी भी इससे लाभान्वित हो रहे हैं। ई रिक्शा की शुरूआत किए जाने पर विशेषकर छात्राओं को चेहरे पर मुस्कान देखी जा रही है। उन्हें अभी बारिश से बचने का मौका मिला है और अपने विभाग तक जाने के लिए समय से पहुंचने का अवसर भी। मालूम हो कि स्थापना दिवस के अवसर पर कुलपति ने इस सुविधा को उपलब्ध कराने की घोषणा की थी जिसे पूर्ण रूप से अमली जामा पहना दिया गया है। शीघ्र ही दो ई रिक्शा परिसर में अपनी सेवा देना प्रारंभ करेंगे।

## रैयत विस्थापित प्रभावित मोर्चा के बैनर तले प्रतिरोध मार्च एंव रैली प्रदर्शन किया गया

**चरही (आजाद सिपाही)।** चरही कोयलांचल क्षेत्र के तापीन साउथ में रैयत विस्थापित प्रभावित मोर्चा के बैनर तले बुधवार को प्रतिरोध मार्च एंव रैली प्रदर्शन किया गया।। जिसका अध्यक्षता रामकिशोर मुर्मू व मंच संचालन मन्नू टुडू ने किया सभा को संबोधित करते हुए रैयत विस्थापित प्रभावित मोर्चा के अध्यक्ष रामकिशोर मुर्मू ने गरजकर शिवलाल महतो को निशाना साधते हुए कहा कि शिवलाल महतो मजदूर का रुपए तीन करोड़ छप्पन लाख से ज्यादा रुपए गमन कर मजदूरों का ठगने का काम किया है और तापीन साउथ कांटा बेरियर के पास महीनों दिन से टेंट लगाकर बाहर फर्जी लोगों को बैठाकर धरना पर बैठे हुए हैं लिपटर के साथ बैठक कर मजदूरों का रुपए देने मना कर दिया है और खुद का 1778 गाडी का रुपए मजदूरों को नहीं दिया है और बात करता है कि मैं विस्थापित प्रभावित का केंद्रीय अध्यक्ष है मै तो कहता हूं कि शिवलाल महतो सहित उस टेंट के निचे बैठने वाला ना विस्थापित है और ना ही प्रभावित है शिवलाल महतो सहित तमाम लोग फर्जी आदमी है। तापीन साउथ में फुसरी का 945 एकड जमीन सीसीएल अधिग्रहण किया है जमीन के बदले तिन सौ से भी ज्यादा नौकरी मिलना चाहिए लेकिन सिर्फ 35 लोगों को ही नौकरी मिला है तो रोजग का हक किसको है यहा का लोगों का या शिवलाल महतो को है इधर डंप उद्घाटन हुए दो वर्ष हो गया है शिवलाल महतो के इशारे पर दो करोड़ 21 लाख रुपए से ज्यादा नहीं दिया है।



**ये लोग रहे उपस्थित**

रामकिशोर मुर्मू, मन्नू टुडू परमेश्वर महतो, निलकंठ महतो अनवर हुसैन, कुर्बान अंसारी, बैजनाथ महतो, प्रभू मुर्मू, दिपक कुमार गुप्ता, उमाशंकर ठाकुर, लखी राम मांझी, संजय मुर्मू, जगदीश मांझी, जिवलाल मांझी, गनेश मांझी, आशिक हुसैन, खुलेश्वर सिंह भोक्ता, मेही लाल, बोबी क्रीम, सोना राम मांझी, बबलू टुडू, जय राम टुडू, मैनू टुडू, बसंती टुडू, राजेश कुमार हसदा, धनेशवर हसदा, सुरेश हसदा, शेयाम मरांडी, बेलाल अंसारी, रहमान अंसारी, शब्बीर अंसारी सहित सैंकड़ों लोगों ने शामिल हुए।

### चट्टी बरियातू कोल माइंस में ओबी हटाने का कार्य युद्ध स्तर पर जारी

# 646.23 हेक्टेयर भूमि पर अगले 24 वर्षो तक 7 मिलियन टन प्रति वर्ष है कोयले के उत्पादन का लक्ष्य

**केरेडारी/बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी की अति महत्वकांक्षी चट्टी बरियातू कोल परियोजना में ओबी हटाने का कार्य पिछले अप्रैल महीने से युद्ध स्तर पर जारी है इस कोल परियोजना का कुल खनन कार्य के लिए सीबीए अधिनियम के तहत प्राप्त कुल क्षेत्रफल 646.23 हेक्टेयर है। एनटीपीसी के अधिकारी ने आजाद सिपाही को बताया की इस खदान से अगले 24 वर्षों तक 7 मिलियन टन प्रति वर्ष कोयले का उत्पादन किया जायेगो यहाँ से उत्पादन किया हुआ कोयला बाढ़ व देश के अन्य कारखानों में भेजा जायेगो एनटीपीसी के द्वारा खनन कार्य का ठेका एम आर ऋत्विक कंपनी को दिया गया है जो लगातार काम कर रही है। आगे बताया की एनटीपीसी केरेडारी व चट्टी बरियातू कोल माइंस के पूर्व महाप्रबंधक एस के



सिन्हा व एनटीपीसी में कार्यरत अन्य अधिकारीयों के अथक प्रयास के परिणाम से यह कोल काफी मशक्कत के बाद माइंस धरातल पर उतारा गया है जिसमे ग्रामीणों का भी विशेस सहयोग मिला है । आगे कहा की कोल माइंस खुल जाने से यहाँ के लोगों को रोजगार से सीधे जोड़ा जा रहा है व योग्यता के आधार पर रोजगार भी दिया जा रहा है व आगे भी दिया जाता रहेगा। एनटीपीसी के द्वारा परियोजना से प्रभावित गांवों में नियमित रूप से मेडिकल कैम्प आयोजित किये जा रहे हैं जिसका सीधा लाभ स्थानीय ग्रामीणों को मिल पा रहा है वहीं ग्रामीणों के स्वास्थ्य के लिए एम्बुलेंस भी दिया गया है जबकि 117 लोगों का मोतियाबिंद का ऑपरेशन निःशुल्क किया गया है। आगे आने वाले समय में शिक्षा के लिए ग्रामीण विद्यालयों में 5 केवी का इन्वर्टर व स्कूल में छात्राओं के लिए सैनिटी नैपकिन समय समय पर उपलब्ध कराइ जायेगी क्षेत्र में लोगों को रोजगार मिलेगा व स्वरोजगार के लिए प्रेरित कर उन्हें आईटीआई के माध्यम से तकनिकी शिक्षा भी उपलब्ध कराया जायेगा। अभी वर्तमान में चट्टी बरियातू गाँव से 14 लोगों ने मशीन परिचालन आवासीय प्रशिक्षण के लिए आवेदन दिया जिसका उन्मुखी करण 22 सितम्बर से शुरू होगो एनटीपीसी के द्वारा परियोजना से प्रभावित गांवों में कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है जिसके तहत मेडिकल शिविर का आयोजन, जुट के थैले का वितरण, मच्छरदानी का वितरण, कम्बल वितरण, केरेडारी सीएचसी में डीजी, सिलाई मसीन का वितरण, दिव्यांग भाइयों के लिए ट्राय साइकिल का वितरण, ड्राइविंग लाइसेंस वितरण व युवावों के लिए विशेस प्रशिक्षण शिविर आयोजित कर उनमे स्किल डेवलेप किया जा रहा है।

## बंगाली एसोसिएशन की बैठक में 5 नवंबर को विजोया सम्मेलन मनाने का निर्णय



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** झारखंड बंगाली एसोसिएशन कोडरमा शाखा की एक बैठक मंगलवार की देर शाम अड्डी बंगला रोड स्थित रविंद्र भवन में हुई। जिसमें सर्वसम्मति से डॉ ओमियो विश्वास अध्यक्ष बनाए गए। मौके पर अपने दायित्व को संभालते हुए डॉ श्री विश्वास ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को साथ लेकर चलते हुए समाज के कल्याणार्थ कार्य को आगे बढ़ाएंगे। इसके लिए उन्होंने सभी से सहयोग की अपील की। यहां बताते चले की पूर्व के अध्यक्ष रहे उत्पल सामान्तो की अस्वस्थता को देखते हुए नए अध्यक्ष बनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में पूर्व के कई कमेटी सदस्यों को कार्यकारिणी कमेटी में शामिल किया गया। वही आगामी 5 नवंबर को विजोया सम्मेलन मनाने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा मैट्रिक, इंटर व जेपीएससी में सफल हुए समाज के बच्चो को एसोसिएशन की ओर से सम्मानित किए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक के अंत में एसोसिएशन के सदस्य रहे अचिंतो राय चौधरी के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया। बैठक में सचिव उत्तम चटर्जी, कोषाध्यक्ष आलोक सरकार, पूर्व सचिव प्रदीप साहा, उत्तम दास पाल, रवींद्र चंद्र दास, सुधन्य घोष, विमल चटर्जी, सेवा निवृत शिक्षक सुनील देवनाथ, अनूप सरकार काल्टू, अरूप मित्रा, सपन दे, सुधीर नंदी,कमल दत्ता, भ्रमर राय, निमाई दास व तन्मय बनर्जी आदि लोग मौजूद थे।

## अलौंजा कला में दुर्गा पूजा मनाने को लेकर कमेटी का किया गया गठन



**इचाक (आजाद सिपाही)।** शारदीय दुर्गा पूजा शांति पूर्वक और हर्षोल्लास से मनाने को लेकर अलौंजा कला के चट्टान पर ग्रामीणों की एक बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता मुखिया सकेन्द्र प्रसाद मेहता ने किया। ग्रामीण समेत अलौंजा कला से दर्जनों धर्म प्रेमियों ने भाग लिया। सर्वसम्मति से आगामी शारदीय नवरात्र और दुर्गा पूजा धुमधाम से और शांति पूर्वक मनाने पर सहमति बनी। इसके लिए पुर्व के कमिटी को भंग कर नई कमिटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष बने फुलेश्वर मेहता, सचिव प्रकाश कुमार दास, उप सचिव बासुदेव महतो, कोषाध्यक्ष बसंत कुमार मेहता, संगठन मंत्री रंजन मेहता, अंकेक्षक खुश नारायण प्रसाद मेहता, पुजारी विजय प्रसाद मेहता, पुरोहित शंभू पांडे, महेंद्र पांडे, गौतम पांडे बने। मौके पर ग्रामीण अयोध्या प्रसाद मेहता, बालेश्वर प्रसाद मेहता, बासुदेव मेहता, नागेश्वर महतो, जालो महतो सेवा महतो, बद्री महतो, विक्की यादव, सुकेन्द्र मेहता, कृष्णा मेहता, सुरेन्द्र मेहता, विनोद मेहता, आनन्द मेहता, धीरज मेहता, राजु मेहता, किशोरी प्रजापति, मुकेश प्रजापति, अनिल मेहता, अरुण मेहता, छोटेलाल मेहता, सुनिल मेहता, सुरज मेहता, नकुल मेहता समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## तीन दिवसीय शांति पाठ का हुआ आयोजन



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के कोसमा गांव में तीन दिवसीय सम्पूर्ण शांति पाठ का आयोजन किया गया है। शांति पाठ को लेकर 11 कन्याओं के साथ कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा नगर भ्रमण करते हुए उत्तर वाहिनी नदी में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जल भरकर पूजा स्थल पर पहुंचे। मौके पर मुख्य रूप से प्रमुख रेणु देवी एवं मुखिया मुन्नी देवी उपस्थित थे। इन्होंने कन्याओं को कलश देकर पूजा का शुभारंभ किया। पूजा को सफल बनाने में पूजा समिति के अध्यक्ष राजेंद्र पासवान, सचिव नारायण राणा, कोषाध्यक्ष विकास कुमार का अहम योगदान रहा। मौके पर उपस्थित लोगों में बालगोविन्द प्रसाद, राजकुमार साव, छोटी प्रसाद, शिवलाल महतो, मुनीलाल प्रसाद, केशो राणा, अर्जुन मण्डल, शंकर प्रसाद, सन्तोष प्रसाद, संजय भूषण, अर्जुन दास, रामलखन पंडित, बिजय साव समेत सैकड़ों लोग थे।

## दस्तावेज नवीस संघ ने मुख्यमंत्री के नाम से जेएमएम केंद्रीय सदस्य को सौंपा ज्ञापन

**बरही (आजाद सिपाही)।** अवर निबंधन कार्यालय, बरही अंतर्गत डीड - राइटरों का कलम बंद हड़ताल पिछले 15 सितंबर से जारी है। बुधवार को दस्तावेज नवीस संघ, बरही के अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद सिंह व सचिव मो. इसराफील के नेतृत्व में संघ ने अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम से बरही विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी जेएमएम के केंद्रीय सदस्य विनोद विश्वकर्मा को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से बरही नवीस संघ ने बरही अवर निबंधन कार्यालय में नियमित रूप से निबंधन कार्य हो, इसके लिए निबंधन पदाधिकारी की नियुक्ति अतिशीघ्र करने की मांग मुख्यमंत्री से किया है। मांग करते हुए अनुरोधपूर्वक ज्ञापन में बताया गया है कि बरही अवर निबंधन कार्यालय में विगत 2 वर्षों से दस्तावेज निबंधन कार्य प्रभावित है। 2020 से निबंधन पदाधिकारी के पदस्थापन नहीं रहने के कारण कभी-कभी सप्ताह में 2 दिन या कभी-कभी एक भी दिन रजिस्ट्री का कार्य नहीं हो पाता है। जबकि बरही अवर निबंधन कार्यालय अंतर्गत चौपारण, बरही, पदमा, बरकट्ठा, चलकुसा पांच ब्लॉक का निबंधन कार्य होता है। लोग दूर-दराज से जमीन का रजिस्ट्री करवाने आते हैं। जब रजिस्ट्री कार्य नहीं हो पाता है तो लोग निराश होकर वापस चले जाते हैं। जमीन की खरीद बिक्री नहीं होने पर लोगों को आर्थिक रूप से परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्हे अपना इलाज, शादी विवाह या महाजन का पैसा देने में असमर्थ हो जाते हैं। जिन मकसद से जमीन खरीद बिक्री करना चाहते हैं, उनका मकसद पूरा नहीं हो पा रहा है। इन कारणों से लोगों में निराश का भाव उत्पन्न हो रहा है। इधर सरकार का राजस्व का भी नुकसान हो रहा है। विनोद विश्वकर्मा ने आश्वासन दिया कि जल्द ही मुख्यमंत्री को समस्या से अवगत कराते हुए समस्या का समाधान किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने वालों में संघ के अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद सिंह, सचिव मो. इसराफील, कृष्ण ठाकुर, इंद्रदेव चौधरी, जितेंद्र सिंह, सुखदेव मालाकार, बृजेश ठाकुर, मनोज कुमार, कपिलदेव प्रसाद, मो. कलीम, मनोज कुमार, राजेंद्र दांगी, मो शोहिद अख्तर, अंकित कुमार, अंगेश, जयशंकर प्रसाद, रिजवान अली, गौतम आदि शामिल है।

## गायत्री शक्तिपीठ महिला मंडल ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** गायत्री शक्तिपीठ महिला मंडल व हरिहर आश्रम योगा क्लास के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को पूर्णिमा विद्या मंदिर परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 15 लोगों ने रक्तदान किया। शिविर का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव व पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। मौके पर मुख्य अतिथि विधायक डॉ नीरा यादव ने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को सेवा पखवाड़ा के तहत मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में गायत्री शक्तिपीठ महिला मंडल की ओर से आयोजित रक्तदान शिविर के लिए वे दिल से धन्यवाद दिया और कहा कि उन्हें खुशी है कि बहनों ने इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि रक्तदान के प्रति लोगों में जागरूकता आई है। अब किसी भी गरीब मां-बाप को रक्त की कमी के कारण बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उन्होंने कहा रक्तदान जीवनदान है। लोगों के द्वारा किया गया रक्तदान कई जिंदगियों को बचाता है, और इस बात का एहसास हमें तब होता है जब हमारा कोई अपना खून के लिए जिंदगी और मौत से जूझता है उस वक्त हम नींद से जागते हैं और उसे बचाने के लिए खून के इंतजाम की जद्दोजहद करते हैं। उन्होंने कहा अनायास दुर्घटना या बीमारी का शिकार हम में से कोई भी हो सकता है आज हम शिक्षित व सभ्य समाज के नागरिक है जो केवल अपनी नहीं बल्कि दूसरों की भलाई के लिए सोचते हैं और लोगों को इसके लिए प्रेरित करते हैं।वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने कहा कि इस रक्तदान जैसे नेक व पुनीत कार्य के लिए गायत्री शक्तिपीठ महिला मंडल सराहनीय योग्य उन्होंने कहा रक्तदान करने वाला का कोई जात पात व धर्म नहीं होता। रक्तदान करने वाले ईश्वर से कम नहीं होता क्योंकि इससे हमेशा दूसरों की जान बचाया जा सकता है। शिविर का संचालन परियोजना निदेशक सुनीता भगत व गोपाल शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर शीला जयसवाल, मंगला जयसवाल, रेखा वर्णवाल, द्रौपदी शर्मा, सावित्री बरनवाल, नीलू देवी, पूनम देवी, ज्योति वर्णवाल, बबीता देवी, सीमा वर्णवाल, नीलम शाहाबादी, सुमन पांडेय, अंजली गुप्ता, सुनीता बरनवाल, शीला बरनवाल, मिथिलेश राम गुप्ता, अरविंद एकघड़ा, विजय सिंह, श्रीकांत गुप्ता, संतोष भदानी, चंदन मोदी, अर्जुन राणा, भीष्म गुप्ता, संतोष वर्णवाल, राजेंद्र मिष्टकार सहित काफी संख्या में महिला मंडल की महिला व गणमान्य लोग मौजूद थे।

## सीएमओएआइ चुनाव में सचिव पद प्रत्याशी प्रशांत प्रियदर्शी ने जारी किया चुनावी घोषणा पत्र



**कुजू (आजाद सिपाही)।** आगामी 23 सितंबर को सीसीएल कुजू क्षेत्र की कोल माइंस ऑफिसर एसोसिएशन इकाई के लिए होने वाले चुनाव में सचिव पद के प्रत्याशी (वित्त प्रबंधक) प्रशांत प्रियदर्शी ने बुधवार को अपना चुनावी घोषणा पत्र जारी किया। चुनाव को लेकर चल रहे जनसंपर्क अभियान के दौरान उन्होंने क्षेत्र के सभी परियोजनाओं में कार्यरत अधिकारियों से मिलकर अपने पक्ष में वोट डालने की जोरदार अपील की। इसी दौरान उन्होंने अपने को सीएमओएआई से 10 वर्षों से जुड़े रहने की बात कही। अपने जारी 11 सूत्री घोषणा पत्र में अधिकारियों के हित में कई महत्वपूर्ण सुविधाओं एवं सुधारों की चर्चा की है। जिनमें मुख्य रूप से नवनियुक्त प्रबंधकीय प्रशिक्षुओ के लिए बेहतर आवासीय सुविधा एवं खेलकूद, व्यायाम शाला तथा योग इत्यादि की सुविधा उपलब्ध कराने, अधिकारियों के बीच मैत्री पूर्ण वातावरण तैयार करने, अधिकारियों के लिए पूर्ण सुसज्जित एवं सुविधायुक्त आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने, समय पर ग्रेच्युटी, सीएमपीएफ सहित अन्य सुविधाओं का भुगतान सुनिश्चित करने, नौकरी के दौरान दिवंगत अधिकारियों के आश्रितों को अन्य अधिकारियों के सहयोग से सहयोग राशि की व्यवस्था करने सहित कई अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया है। गौरतलब है कि 10 वर्षों के बाद हो रहे इस चुनाव को लेकर अधिकारियों में काफी उत्साह है। हालांकि संगठन के कई पदों के लिए होने वाले इस चुनाव में विभिन्न पदों के लिए कई पदाधिकारी अपना भाग आजमा रहे हैं। लेकिन अध्यक्ष संजय कुमार सिंह, सचिव प्रशांत प्रियदर्शी वाले गुट के ही दावेदारी मजबूत बतायी जा रही है।

## भाजपा सेवा पखवाड़ा को सफल बनाने का निर्णय



**गोला (आजाद सिपाही)।** भाजपा की बैठक बुधवार को ठाकुर बाड़ी मंदिर में गोला मंडल अध्यक्ष बबलू साव की अध्यक्षता में हुई। संचालन महामंत्री सह उप मुखिया जितेंद्र साहु ने किया ।इस बैठक में मुख्य रूप से जिला प्रभारी शशी भूषण भगत , मंडल पालक चन्द्र शेखर चोधरी , मंडल प्रभारी राजु चतुवेर्दी, रामगढ़ विधानसभा के सांसद प्रतिनिधि रंणज्जय कुमार उर्फ कुंटु? बाबू, सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा आदि शामिल हुए ।बताया गया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर पूरे भारत में सेवा पखवारा के तहत 17, से 2, अक्टूबर तक कार्यक्रम होना है। जिसके लिए बुधवार को गोला हाई स्कूल में कोरोना टिकाकरण शिविर लगाकर छात्र छात्राओं का टिकाकरण किया गया। 22,ओर 23 सितंबर को सभी बुथो पर वृक्षारोपण किया जाना है। 24 सितंबर को जल संरक्षण अधिनियम , 25 सितंबर को मोदी के मन की बात ओर पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जंयती सभी बुथों पर कार्यक्रम आयोजित किया जाना है ।मौके पर डोमन नायक ,महामंत्री रवी हाजरा, मनोज कुमार महतो, हरिश बर्मन, सचिन कुमार,संतोष कुशवाहा, पंचम चोधरी, एसानुल हक, बिकास मणी पाठक, ललन कुशवाहा, प्रमोद रजवार, संतोष साव, रामकुमार नायक, मुन्ना नायक, जय किशोर महतो, सुमन दांगी ,सुरज कुमार,सुरेश महतो, नन्द किशोर महतो ,जय किशुन साव, मुशीं महतो थे।

## जीएम ऑफिस डकरा में हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

**टंडवा (आजाद सिपाही)।** सीसीएल आम्रपाली-चंद्रगुप्त क्षेत्र महाप्रबंधक कार्यालय डकरा में बुधवार को राजभाषा पखवारा के अंतर्गत हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजन किया गया। जिसमें महाप्रबंधक कार्यालय में कार्यरत कर्मियों ने भाग लिया।इस अवसर पर स्टाफ अधिकारी कार्मिक अशोक कुमार, बासुकीनाथ पवन गुप्ता अनूप भगत,आलोक रंजन, मौजूद रहे। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले कर्मी संतोष विश्वकर्मा जिया आलम वीरेंद्र कुमार सादमान अंसारी, अभिषेक कुमार, सूरज कुमार सिंह आनंद कुमार पांडे, निखिल आनंद समेत अन्य लोगो ने भाग लिया।

## मुखिया संघ की बैठक में प्रखंड प्रशासन के क्रिया कलापों की हुई निंदा



**सिमरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुखिया संघ की बैठक स्थानीय किसान भवन में प्रखंड अध्यक्ष विनोद महतो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पंचायतों के सर्वांगीण विकास को लेकर चर्चा किया गया। बैठक में उपस्थित सभी मुखियाओं ने एक सुर में प्रखंड प्रशासन के वर्तमान क्रियाकलापों का घोर निंदा किया। मुखियाओं ने कहा कि प्रखंड प्रशासन सहित सभी विभाग मनमाने तरीके से सभी कामों को करता चला जा रहा है। पंचायतों में कार्यरत कर्मी भी अपनी मनमानी करते हैं। जिसे अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पंचायती राज व्यवस्था के तहत प्रखंड क्षेत्र में चलने वाले सभी योजनाओं की जानकारी पंचायत सचिवालयों को मुहैया करवाना होगा। ग्राम सभा में मुखिया के नेतृत्व में सभी योजनाओं का चयन कर योग्य लाभुकों तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाएगा। बैठक में सभी पंचायतों में चल रहे विभिन्न योजनाओं को लेकर मुखियाओं ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया। जिसमें अंबेडकर आवास, जनवितरण प्रणाली दुकान, आंगनबाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य उपकेंद्र, बैठकों की सूचना का तरीका, प्रखंड प्रशासन के द्वारा आयोजित कार्यक्रमों व समारोहों में मुखियाओं की सहभागिता सहित विभिन्न मुद्दे शामिल होंगे। बैठक में नरेश साव, अनीता देवी, शकुंतला देवी, ईफतेशाम परवीन, चंदा देवी, पूरन राम, उमेश राम सहित अन्य मुखिया मौजूद थे।

## भद्रकाली मंदिर संकीर्तन की 20 वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनी, सैकड़ों लोग हुए शामिल



**चतरा (आजाद सिपाही)।** जिले के प्रसिद्ध मां भद्रकाली मंदिर परिसर में आयोजित हरे राम हरे कृष्ण संकीर्तन का 20 वां वर्षगांठ समारोह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की श्री रामानुजाचार्य श्रीमन्नारायण श्री निवासाचार्य स्वामी ( हनुमान मंदिर स्वामी) के मंत्रोच्चार के बीच चैय समाज के गुरु श्यामानंद जी महाराज अध्यक्ष स्व बाबू राम शेवक सिंह व सूरज दास बाबा चित्र पर माल्यार्पण कर मुख्य अतिथि विधायक द्वारा सामुदायिक भवन निर्माण का विधिवत पूजा कर व नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा, संकीर्तन मंडली के अध्यक्ष शिवशेवक सिंह, सचिव श्याम प्रसाद सिंह, उपाध्यक्ष हरिश्चन्द्र सिंह, सीताराम सिंह, सुखदेव बरई, देवकुमार सिंह, ऋषिबाला सिंह, पुरुषोत्तम सिंह, सन्यासी शंकर चंद्रवंशी, सीताराम दांगी, जीप प्रतिनिधि भरत साव, मृत्युंजय सिंह, राजेन्द्र राम आदि मौके पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में श्याम प्रसाद सिंह ने एक वर्ष के आय व्यय प्रस्तुत की। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि श्री दास ने कहा जिस उम्मीद से विधान सभा की जनता जनार्दन ने हमें सेवक चुना है मैं उसपर खरा उतरने का प्रयास कर रहा हूँ। साथ ही आगे उन्होंने कहा मुझे आज काफी प्रसन्नता हो रही है कि मैं इस संकीर्तन के 20 वें वर्षगांठ में के इस अवसर पर उपस्थित हो, बन रहे इस इतिहास का साक्षी बना हूँ। समिति के सदस्यों द्वारा एक सामुदाईक भवन की मांग की गई थी। जिसका मैंने आज शिलान्यास किया है। इसके बाद उपस्थित अन्य सदस्यों ने अपनी अपनी बातें रखी ।बतादें माता भद्रकाली मंदिर परिसर स्थित संकीर्तन का आयोजन वर्ष 2002 में स्वामी स्यामनन्द जी महाराज मठाधीश मठ जगन्नाथ पुरी के हाथों किया गया था। जो अनवरत 20 वें वर्ष निरंतर जारी रहेगा। मौके पर इटखोरी, चौपारण के दर्जनों चैय समाज के बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## चोकाद में बारिश से मकान ध्वस्त

**गोला (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चोकाद गांव में बीती रात एक गरीब परिवार का मकान का कच्चा व खपरैल मकान ध्वस्त हो गया। घर के अंदर सो रहे परिवार के आधा दर्जन लोग बाल बाल बच गए। बताया जाता है कि गांव निवासी कामेश्वर महतो व दसरथ महतो का मकान आधी रात ध्वस्त होना शुरू हुआ। घर गिरने की भनक लगते ही वहाँ पर सो रहे जाग गए और घर से बाहर निकल गए। घर का भीतरी भाग पूरी तरह से ध्वस्त हो गया। साथ ही बाहरी भाग का गिरना शुरू हो गया। पीड़ित परिवार ने बताया कि पिछले कई दिनों से लगातार मूसलाधार बारिश से मकान पूरी तरह से कमजोर हो गया था। अंत में यह मकान गिर गया। बताया गया कि घर गिरने का बाद इनके समक्ष रहने की समस्या उत्पन्न हो गई है ।पीड़ित परिवार ने विभाग से मुआवजा की मांग की है।

# मिशन अमृत सरोवर के तहत डीडीसी ने पतरातू का किया दौरा



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** मिशन अमृत सरोवर के तहत बुधवार को डीडीसी नागेंद्र कुमार सिन्हा ने पतरातू प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने पतरातू प्रखंड अंतर्गत चिकोर पंचायत के मतकमा एवं चिकोर गांव में झारखंड जल छाजन योजना के तहत निमार्णाधीन अमृत सरोवर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीडीसी ने अब तक हुए कार्यों का जायजा लेते हुए कार्यों पर संतोष जाहिर किया। वहीं, उन्होंने बाकी बचे कार्यो को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने तालाब के अगल-बगल के क्षेत्रों में पौधरोपण करने का निर्देश दिया। उन्होंने तालाब में मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया।

**जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूर्ण कराने का निर्देश**

दौरे के दौरान डीडीसी नागेंद्र कुमार सिन्हा ने पतरातू प्रखंड विकास पदाधिकारी हलदर सेठी से प्रखंड के अन्य पंचायतों में मिशन अमृत सरोवर के तहत चल रहे कार्यों की जानकारी ली। वहीं, उन्होंने नियमित रूप से स्थल निरीक्षण कर कार्यों की समीक्षा करने एवं जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान जनप्रतिनिधियों, प्रखंड विकास पदाधिकारी पतरातु, प्रभारी पदाधिकारी मनरेगा, डीआरडीए विजय कुमार, लेखापाल डब्ल्यू सीडीसी ओम प्रकाश शर्मा, डब्ल्यू डीटी ग्रामीणों सहित अन्य उपस्थित थे।

## किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के कार्यकर्ता मिलन समारोह में शामिल हुए कई लोग

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के तत्वधान में बुधवार को बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के कुम्हारदिया गांव में कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य रूप से किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय संयोजक पंकज महतो शामिल हुए। समारोह की अध्यक्षता रूपेश महतो ने किया। इस दौरान समारोह में क्षेत्र के कई लोगों ने किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा का दामन थामा। जहां पंकज महतो ने सभी को माला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर श्री महतो ने कहा कि क्षेत्र की बुनियादी सुविधाओं के लिए किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा लगातार आवाज उठाता रहा है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही संगठन के असली सिपाही होते हैं, जिनके बलबूते पर ही नेता विधायक और सांसद बनते है। कहा कि हम सभी एकजुट होकर अपने हक और अधिकार के लिए लड़ते रहेंगे। बड़कागांव क्षेत्र में रोजगार, शिक्षा और बिजली जैसी गंभीर मुद्दे हैं, इन सभी को दुरुस्त करने के लिए किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि रोजगार के लिए बड़कागांव के युवाओं को पलायन करना पड़ रहा है, बड़कागांव के लोगों ने जमीन खोई है और बदले में उन्हें सिर्फ धोखा मिला है।

## मुख्यमंत्री आभार यात्रा टंडवा में निकाला गया



**टंडव (आजाद सिपाही)।** राज्य सरकार द्वारा केबिनेट की बैठक में लिये गये निर्णय 1932 का खतियान एवं 27% ओबीसी को आरक्षण दिये जाने के उपलक्ष्य में टंडवा प्रखंड झामुमो कमिटी के द्वारा प्रखंड अध्यक्ष मो. आशिक के नेतृत्व में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन सहित तमाम केबिनेट के मंत्रियों के लिये आभार यात्रा निकाली गयी। यात्रा के साथ झामुमों कार्यकताओं ने एकदूसरे को गुलाल लगाया और जमकर आतिशबाजी की। कार्यकताओं द्वारा झारखंडी की एक ही पहचान 1932 का खतियान,झारखंड का मुख्यमंत्री कैसा हो हेमन्त सोरेन जैसा हो,बीर शिबू सोरेन जिंदाबाद सहित अन्य नारे लगाये। इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष मो. आशिक ने कहा कि झारखंड के लिए 14 सितम्बर का दिन ऐतिहासिक रहा है। और मुख्यमंत्री महोदय सरकारी कर्मचारियों के 2004 से रुके पेंशन के अलावे पुलिसकर्मियों को 13 माह का वेतन एवं छुटी का उपहार दिये। साथ ही पाराशिक्षक, आंगनबाड़ी सेविका, सहायिकाओं को भी सम्मानजनक वेतन देने का काम किया। इसके अलावे कई ऐतिहासिक निर्णय मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के द्वारा लिया गया है। अब चाहकर भी विरोधी कुछ नही कर पा रहे है। प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि आनेवाले चुनाव में भाजपा सहित एनडीए में शामिल दलों के लोगों की जमानत जप्त हो जाएगी इस मौके पर आभार यात्रा में प्रखंड अध्यक्ष मो. आशिक, प्रखंड सचिव सुनिल साहु, झामुमो नेता गुरु दयाल साव, उपाध्यक्ष चैतु उरांव, गोविन्द पासवान,राजकुमार राम, सराफत मियाँ, बालेश्वर उरांव,सुखदेव भुईयां, भरत भुईयां, सुखदेव उरांव, मो. हाशिम, मनोज भुईयां, संतोष भुईयां, बीटा गंझू, सुरेश साहु सहित सैंकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सीसीएल कर्मी के क्वार्टर में हुई चोरी ओपी में दिया आवेदन

**कुजू (आजाद सिपाही)।** ओपी क्षेत्र के तोपा कोलियरी में कार्यरत सीसीएल कर्मी किशोर कुमार ने बी टाइप कॉलोनी स्थित अपने क्वार्टर से चोरी होने पर आवेदन दिया है। जिसमें उन्होंने एलईडी टीवी, सोने का कान का एक जोड़ा झूमका व सात बनारसी साड़ी के अलावे अन्य छोटे सामानों की चोरी होने की बात कही है। आवेदन में उन्होंने बताया कि 18 सितंबर की शाम को अपने गांव तिरला बोकारो गया था। गत 20 सितंबर की शाम वापस आया तो देखा कि क्वार्टर का मुख्य द्वार का ताला टूटा हुआ है और अंदर का सारा सामान बिखरा पड़ा है। साथ ही 26 हजार रुपए के एलईडी टीवी, 36 हजार रुपए के सोने का कान का एक जोड़ा झूमका, सात बनारसी साड़ी 55 हजार रुपए मूल्य सहित 5 हजार रुपए मूल्य के कुछ अन्य छोटा सामानों की चोरी हुई है।

## रैयत विस्थापित मोर्चा का 12वां स्थापना दिवस मनाया गया

**टंडवा (आजाद सिपाही)।** मगध आम्रपाली चन्द्रगुप्त संघमित्रा एनटीपीसी परियोजनाओं में सीएसआर के तहत विकास की गतिविधिया,विस्थापन नीति के तहत नौकरी मुआवजा,समेत संघठन का विस्तार पर गहरा संवेदना जताकर समारोह में संकल्प लिया गया।इन परियोजना के अधिकारियो के द्वारा रैयतों के साथ छलावा बर्दास्त योग्य नही होगी।झारखण्ड सरकार रैयतों के प्रति प्रतिबद्ध है।ससमय नौकरी मुआवजा दिलाना रैयत विस्थापित मोर्चा का पहली प्राथमिकता होगी।उक्त बिषयों पर टाउन हॉल में बुधवार को आयोजित रैयत विस्थापित मोर्चा का मना रहे बारहवां स्थापना दिवस समारोह में मोर्चा के केंद्रीय सचिव गुरुदयाल साव ने अपने संबोधन में कहि।12वां स्थापना दिवस की अध्यक्षता आम्रपाली प्रोजेक्ट के क्षेत्रीय अध्यक्ष निरंजन राणा,संचालन केंद्रीय सचिव गुरुदयाल साव ने किया।समारोह में मुख्य रूप से सीपीआई मंत्री बनवारी साव,मध्य जिप सदस्य सुबाष यादव ने भी विस्थापन की समस्या पर अपनी बात रखे।इस मौके पर रामलाल उरांव,उमेश गंझु,मुकेश साहू, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद आशिक, अनिरुद्ध साव, रूपलाल साव,धीरज साहू,नारायण यादव,अनीता देवी,वीणा देवी, समय सैकड़ों रैयत उपस्थित थे।

## रामगढ़ विधायक ममता देवी सहित नौ का टूटा बेल, जारी हुआ वारंट

**एडीजे चतुर्थ कुमार पवन की कोर्ट ने खारिज किया जमानत, रजरप्पा थाना कांड संख्या 65 - 16 में सुनवाई के दौरान थी अनुपस्थित, गोला गोलीकांड में है आरोपी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग/रामगढ़** जिला जज चतुर्थ कुमार पवन की कोर्ट ने रामगढ़ विधायक ममता देवी सहित नौ के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया है। कोर्ट ने वारंट गोला थाना में दर्ज कांड संख्या 65/2016 के सुनवाई के दौरान लगातार तीन तिथि पर अनुपस्थित रहने के बाद जारी किया है। ज्ञात हो कि विधायक ममता देवी सहित अन्य पर एमपी - एमएलए के विशेष कोर्ट में सुनवाई चल रही है। एक माह पूर्व ममता देवी को न्यायिक दंडाधिकारी सह एमएलए-एमपी कोर्ट मरियम हेम्ब्रम की अदालत ने गोला थाना कांड संख्या 64/2016 में तीन महीने की सजा भी सुनाई है। अदालत ने ममता देवी के अलावा मनोज कुजहर, राजू साव, दिलदार हुसैन, आदिल इनामी, अभिषेक सोनी, राजीव जायसवाल और बालेश्वर भगत को भादवि की 147 और 427 में तीन माह व धारा 341 में दोषी करार देते हुए एक माह की सजा सुनाई थी। गोला थाना कांड संख्या 65-16 जिला जज कुमार पवन की कोर्ट में चल रहा है।

**क्या है पूरा मामला**

20 अगस्त 2016 को रामगढ़ के गोला थाना क्षेत्र में आइपीएल कंपनी को बंद कराने को लेकर कंपनी के सामने ममता देवी के नेतृत्व नागरिक चेतना मंच के बैनर तले 150-200 संख्या में ग्रामीण धरना पर बैठे थे। इस दौरान ग्रामीण उग्र हो गए थे। पुलिस को आत्मरक्षा और बचाव को लेकर फायरिंग करनी पड़ी थी। इस घटना में कुछ लोगों की मौत और दो से तीन दर्जन लोग घायल भी हो गए थे। सुरक्षा में बतौर मजिस्ट्रेट तैनात सीओ, बीडीओ और थानेदार सहित अन्य जवानों को भी चोट आयी थी। गोली कांड को लेकर रजरप्पा और गोला थाना कांड में चार अलग अलग प्राथमिकी दर्ज कराई गयी थी। इनमें गोला थाना में कांड संख्या 65/2016 , रजरप्पा थाना कांड संख्या 81/2016, गोला थाना कांड संख्या 64/2016 शामिल है।

## चार दिन में रानी हत्याकांड का खुलासा, अभियुक्त को जेल



**सिमरिया (आजाद सिपाही)।** सिमरिया पुलिस ने सबानो निवासी रानी देवी हत्याकांड का उद्भेदन चार दिन में करने में कामयाब रही। इस बाबत बुधवार को एसडीपीओ अशोक कुमार प्रियदर्शी ने बताया की रानी देवी हत्याकांड में शामिल अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सिमरिया पुलिस सफल रही।अभियुक्त के निशान देही पर खून लगे कपडा और बाइक बरामद किया गया। उन्होंने बताया की 16 सितंबर की शाम सबानो निवासी खिरोधर राम की पत्नी रानी देवी की हत्या नावाडीह के कोंडराटाँड जंगल में गर्दन रेतकर कर दिया गया था । इस संबंध में खिरोधर राम के आवेदन पर सिमरिया थाना कांड संख्या166/22 दर्ज कर कांड के अनुसंधान हेतु पुलिस अधीक्षक चतरा के निदेर्शा पर मेरे नेतृत्व में थाना प्रभारी विवेक कुमार के साथ विशेष टीम का गठन कर त्वरित अनुसंधान करते हुए सुनील कुमार उर्फ अनिल राम पिता रामफुल राम साकिन सबानो थाना सिमरिया जिला चतरा को गिरफ्तार किया गया ।सुनील कुमार ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए बताया कि 5 वर्ष पहले मेरी पत्नी को बड़ा ऑपरेशन से एक पुत्री की प्राप्ति हुई थी ।उसके बाद कोई बच्चा नहीं हो रहा था। इसके बाद हम को शक था कि इसी महिला द्वारा डायन भूत लगा दिया गया है । जिससे हमारा लड़का नहीं हो पा रहा है। इसलिए कोन्डराटाँड जंगल में रानी देवी को अकेले पाकर पहले गला दबाकर हत्या कर दिया। बाद में चाकू मारकर शव को फेक दिया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि अन्य बिंदुओं पर भी अभी अनुसंधान जारी है । टीम में थाना प्रभारी विवेक कुमार,पुअनि अनिल कुमार, रामदेव वर्मा एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### सभी नामजद अभियुक्त को जेल नहीं भेजने पर महिलाओ ने किया प्रदर्शन

**सिमरिया ।** सबानो निवासी खिरोधर राम की पत्नी रानी देवी हत्याकांड में नामजद सभी अभियुक्त को जेल नहीं भेजने से महिलाओ ने थाना में प्रदर्शन कर विरोध जताया। महिलाओ ने कहा कि रानी की हत्या रामफुल राम, सबिया देवी, राजू राम, पुनित राम और अनिल राम मिलकर किये है। जबकि अनिल अपने परिवार को बचाने के लिए सभी आरोप अपने उपर लेकर सभी को बचा रहा है। इस पर एसडीपीओ अशोक कुमार प्रियदर्शी और थाना प्रभारी विवेक कुमार ने कहा की किसी भी शर्त में दोषी नहीं छुटेंगे। पुलिस सभी पहलुओ पर जांच कर रही है। उन्होंने परिजनो से अलग से मुलाकात कर आश्वासन भी दिया की घटना में संलिप्त दोसी बख्से नहीं जाएंगे और किसी निर्दोष को सजा नहीं होगी। आश्वासन के बाद लोग प्रदर्शन बंद कर घर लौट आये।

## रोटरी क्लब भुरकुंडा व मेदांता ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल का नि:शुल्क हृदय जांच शिविर संपन्न



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** रोटरी क्लब भुरकुंडा और मेदांता ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल रांची के सौजन्य से बुधवार को भुरकुंडा बाजार स्थित भारत मेडिकल हॉल में नि:शुल्क हृदय जांच सह स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। शिविर का उद्घाटन क्लब के संस्थापक सदस्य परमजीत सिंह धामी, अध्यक्ष राम अवतार प्रसाद, रोटेरियन प्रवीण शर्मा, कार्डियोलॉजी हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. मुकेश कुमार अग्रवाल व जितेंद्र कुमार ने दीप प्रज्जवलित कर किया। शिविर में कार्डियोलॉजी हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. मुकेश कुमार अग्रवाल ने सीने में दर्द एवं बेचैनी, घबराहट, सांस की तकलीफ व पसीना आना, कंधे पीठ और जबड़े का दर्द, दम घुटना, चक्कर आना, उल्टी आना, कमजोरी, पैदल चलने व सीढ़ी चढ़ने में सांस का फुलना आदि के मरीजों की जांच कर उचित परामर्श दिया। साथ ही ईसीजी, ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर आदि के 156 मरीजों को भी जांच के बाद डॉ. मुकेश कुमार अग्रवाल व जितेंद्र कुमार ने बेहतर परामर्श देते हुए उचित ईलाज बताया। मौके पर क्लब के अध्यक्ष राम अवतार प्रसाद ने बताया कि शिविर में चिन्हित किये गए सभी मरीजों का मेदांता अस्पताल में इलाज के दौरान रजिस्ट्रेशन चार्ज नि:शुल्क रहेगा। शिविर में को सफल बनाने में रोटेरियन परमजीत सिंह धामी, प्रवीण शर्मा, मुख्तार सिंह, देवेंद्र सिंह, विजय कुमार, लव कुमार महतो, अजय गोयल, रिन्कु धामी सहित अन्य लोगों का विशेष योगदान रहा।

## भाजपा भदानीनगर मंडल की कुरसे में हुई बैठक



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी भदानीनगर मंडल की बैठक बुधवार को कुरसे पंचायत भवन में हुई। इसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र करमाली ने की। बैठक में मुख्य रूप से मंडल के प्रभारी एवं रामगढ़ जिला के महामंत्री रंजन सिंह फौजी उपस्थित थे। मौके पर रंजन सिंह फौजी ने कहा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र दास मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के अनुसार पूरे देश में सेवा सप्ताह मनाने का संकल्प लिया है। इसके तहत हर बूथ में वृक्ष लगाने एवं 25 सितंबर को पीएम मोदी के मन की बात सुनने की भी बात कही। साथ ही सभी बूथों पर 25 सितंबर को पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती मनाने व पीएम के मन की बात सुनने का निर्णय लिया गया। मौके पर भाजपा भदानीनगर मंडल उपाध्यक्ष अनूप कुमार ठाकुर, राजेंद्र प्रसाद, देवेंद्र सिंह, फुलेश्वर राम, राजेंद्र मुंडा, लक्ष्मीकांत कुशवाहा, महिलाल बेदिया, भोला बेदिया, झागू बेदिया, सिकंदर बेदिया, डीएन त्रिपाठी, सुनील सोनी, सुरेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

## ए ला एंगलाइज स्कूल में मना विश्व शांति दिवस, लिया गया शपथ



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** बिरसा चौक स्थित ए ला एंगलाइज सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में बुधवार को विश्व शांति दिवस मनाया गया। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य विजयंत कुमार द्वारा विद्यार्थियों सहित शिक्षकों व लायंस क्लब के लोगों को विश्व शांति के लिए शपथ दिलाया गया। प्राचार्य श्री कुमार ने विश्व शांति के लिए अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमें विश्व का कल्याण करना है तो शांति के मार्ग पर चलना होगा। प्राचार्य के बातों से शिक्षक एवं छात्र काफी प्रभावित हुए। इस दौरान मैं प्रतिज्ञा करता हूं कि विश्व शांति की कामना करते हुए मैं शांति से रहूंगा, सबकी शांति चाहूंगा, सबकी शांति में मदद करूंगा, किसी के शांति में विघ्न नहीं बनूंगा का उपस्थित लोगों ने शपथ लिया। विश्व शांति के लिए शपथ ग्रहण करने वालो में प्राचार्य विजयंत कुमार, सचिव डॉ. गजाधर महतो प्रभाकर, लायन राजेंद्र महतो, जयकिशोर प्रसाद महतो, अनुराग, धर्मेश सोनी, अंजू पटेल, कंचन दास, राहुल कुमार, मोहन लाल बेदिया, सिद्धार्थ, सूर्यदेव, अंजली सिन्हा, गौरव, बबीता, सरिता, सपना, कृष्णा, सीमा, सहित विद्यालय परिवार शामिल थे।

## आज जयंत सिन्हा करेंगे पथ निर्माण के लिए भूमि पूजन

**गोला (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग के सांसद जयंत सिन्हा आज पथ निर्माण के लिए भूमि पूजन करेंगे। दोपहर डेढ़ बजे सोसो कलां में पतरातू पथ का भूमि पूजन, दोपहर दो बजे मगनपुर बाजारटाँड़ में रोला पथ का भूमि पूजन व जनसंवाद ,दोपहर तीन बजे सुतरी में लेवाटाँड़ पथ का भूमि पूजन,दोपहर साढ़े तीन बजे पंचायत भवन सुतरी में वृक्षारोपण व जनसंवाद ,शाम साढ़े चार बजे डीबी सी चौक में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा ने बताया कि उक्त सभी पथ का निर्माण कार्य भूमि पूजन के साथ शुरू हो जाएगा।

## वार्षिक आमसभा का आयोजन एफपीओ से लाभ लेने की अपील



**गोला (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सभागार में बुधवार को मन्नोनति महिला किसान प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड का वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख गीता देवी व विशिष्ट अतिथि डीडीएम उपेंद्र कुमार शाह के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान महिलाओं को कंपनी के द्वारा किए जाने वाले कार्यों का लेखा जोखा, महिलाओं को सरकारी लाभ कैसे मिले इसकी जानकारी विस्तार से दी गई। बताया गया कि उत्पादन किये गए फसलों को कंपनी उचित मूल्य पर खरीद बिक्री करेगी। किसानों को कंपनी के माध्यम से बीज से लेकर बाजार तक कि सुविधा उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके साथ ही उन्नत किस्म के बीज एवं जैविक खाद्य के बारे में बताया गया। कार्यक्रम का संचालन ललिता देवी व विगलाल ठाकुर ने किया। मौके पर बोर्ड अध्यक्ष सुचिता देवी, सचिव रेखा देवी, कोषाध्यक्ष सुशिला देवी, रीमा देवी, उर्मिला देवी, पिंकी देवी,ममता देवी,कलावती देवी, सावित्री देवी, कुंती देवी, अनीता दवी सहित सैकड़ों महिलाएं मौजूद थीं।

## पशुपालन विभाग ने लगाया मवेशियों के लिए स्वास्थ्य शिविर



**पतरातू (आजाद सिपाही) ।** पतरातू प्रखंड पशुपालन विभाग की ओर बुधवार को प्रखंड के जयनगर गांव में मवेशियों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें पशुपालकों को मवेशियों के टॉनिक और कृमि नाशक दवाईयां दी गई। इसके अतिरिक्त जिन पशुपालकों ने अपने मवेशियों की परेशानियों के विषय में पशुपालन पदाधिकारी डॉ अशोक कुमार ने इसके लिए भी दवाईयां दी और सावधानियों के विषय में भी जानकारी दी। करीब 75 पशुपालकों के बीच दवाईयां वितरित की गई। मौके पर मुखिया हीरा देवी, कृषि मित्र प्रेमचंद्र सिंह, विजेन्द्र मुंडा, महावीर मुंडा, अरघदेव राम, अजीमा खातुन सहित दर्जनों की संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

## पंचायत सचिव की मौत पर शोक सभा का हुआ आयोजन

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड कार्यालय में बुधवार को रामगढ़ प्रखंड के दोहाकातु पंचायत के पंचायत सिवच रामजी महतो के एक सड़क दुर्घटना में मृतयु होने पर शोक सभा का आयोजन किया गया। इसमें बीडीओ हलधर कुमार सेठी सहित अन्य प्रखंडकर्मियों ने एक मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। इस मौके पर प्रधान सहायक चितरंजन कुमार, पशुपालन पदाधिकारी डॉ अशोक कुमार, बीसीईओ राजेश एक्का, पुलक माथुर, दीपक राम, परमानंद कुमार, अजित कुमार, चित्रा सिंह मुंडा, जितेन्द्र कुमार, नरेश प्रसाद, सरयु महतो, नरेश हजाम, जिम्मी मालतो, मोहन राम, महेश्वर महतो, कैलाश प्रसाद महतो सहित अन्य प्रखंड कर्मी शामिल थे।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 22 सितंबर, 2022
www.azadsipahi.com


# रूस से तेल खरीद सही

आखिर यूक्रेन पर भारत की नीति उपयुक्त परिणामों की कसौटी पर सही साबित होने लगी है। युद्ध शुरू होते ही भारत पर इस बात का दबाव पड़ना शुरू हो गया था कि वह रूस के खिलाफ खुलकर स्टैंड ले। हालांकि पारंपरिक तौर पर गुटनिरपेक्ष आंदोलन के नेता के रूप में भारत ने शीत युद्ध के दौरान भी दोनों महाशक्तियों से समुचित दूरी बनाये रखी थी। लेकिन पिछले तीन दशकों में दुनिया के वे सारे समीकरण बदल चुके थे। जहां भारत और अमेरिका काफी करीब आ चुके हैं, वहीं रूस भी सोवियत संघ वाली हैसियत से काफी दूर आ चुका है। जाहिर है, बदले हालात में दुविधा भी बड़ी थी। अमेरिका और पश्चिमी देशों की अपनी अपेक्षाएं थीं, उन अपेक्षाओं का दबाव भी था, लेकिन भारत के सामने चुनौती थी अपने राष्ट्रीय हितों पर आधारित स्वतंत्र विदेश नीति को जारी रखने की। भारत ने पूरी दृढ़ता और समझदारी के साथ अपनी नीति पर चलना जारी रखा। युद्ध का विरोध और अंतरराष्ट्रीय शांति की हिमायत करते हुए भी भारत ने अपने पुराने मित्र रूस की निंदा करने की पश्चिमी देशों की जिद स्वीकार नहीं की। यही नहीं, रूस पर लगाये जाने वाले प्रतिबंधों की अनदेखी करते हुए उसने न केवल पहले हो चुके हथियार सौदों पर बेहिचक अमल किया बल्कि उससे सस्ता तेल आयात करने के अपने अधिकार पर भी कोई आंच नहीं आने दी। यह एक ऐसा मसला था जिस पर अमेरिका और पश्चिमी देशों ने पहले इशारों में और फिर खुलकर नाखुशी जतायी, लेकिन भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने साफ-साफ कह दिया कि रूस से सस्ता तेल लेना भारत के हित में है और वह अपने राष्ट्रीय हितों से कोई समझौता नहीं करेगा। नतीजा यह कि इस अवधि में रूस से तेल का आयात लगातार बढ़ता रहा और भारत रूसी तेल का चीन के बाद दूसरा सबसे बड़ा खरीदार बन गया। युद्ध से पहले तक देश की कुल तेल खरीदारी में रूसी तेल का हिस्सा मात्र एक फीसदी हुआ करता था, वह अब बढ़कर 12 फीसदी तक पहुंच चुका है। इस सस्ते तेल की खरीदारी से भारत को अब तक 35000 करोड़ रुपये की बचत हुई है। हालांकि यह सही है कि तेल सरकार नहीं खरीदती, सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की रिफाइनरी कंपनियां खरीदती हैं। लेकिन फिर भी सस्ता तेल आना अर्थव्यवस्था के लिए कई तरह से फायदेमंद होता है। यह जहां कीमतों को कम रखता है वहीं देश का आयात बिल और डॉलर की मांग पर अंकुश रखते हुए करंट अकाउंट डेफिसिट को भी नियंत्रित रखने में मदद करता है।

**युद्ध से पहले तक देश की कुल तेल खरीदारी में रूसी तेल का हिस्सा मात्र एक फीसदी हुआ करता था, वह अब बढ़कर 12 फीसदी तक पहुंच चुका है। इस सस्ते तेल की खरीदारी से भारत को अब तक 35000 करोड़ रुपये की बचत हुई है।**

## जमशेदपुर की खबरें

### जमशेदपुर में दो आर्म्स सप्लायर गिरफ्तार, चार देसी कट्टा और नौ कारतूस बरामद



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** सिदगोड़ा पुलिस ने गोलमुरी स्थित आकाशद्वीप प्लाजा से दो अपराधकर्मियों, जो आर्म्स सप्लायर बताये जाते हैं, को एक-एक लोडेड देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया है। साथ ही दोनों के पास झोले में रखा एक-एक अन्य देसी कट्टा और सात जिंदा कारतूस बरामद किया है। यह जानकारी वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने दी। बुधवार की सुबह करीब 08 बजे एसएसपी को सूचना मिली कि सिदगोड़ा थाना अन्तर्गत आर्म्स खरीद बिक्री करने वाले लोगों का जमावड़ा लग सकता है। इस सूचना पर वरीय पदाधिकारी को सूचित करते हुए टीम गठित कर छापामारी की गयी। छापामारी के क्रम में आकाशद्वीप प्लाजा के अन्दर घेराबंदी कर दो अपराधकर्मी को पकड़ा गया। दोनों की कमर से एक-एक लोडेड देसी कट्टा एवं उसके साथ ही एक झोला में रखे दो देसी कट्टा एवं 7 सात गोली यानी कुल मिला कर 4 देसी कट्टा और 9 गोली बरामद की गयी। गिरफ्तार अपराधकर्मियों का नाम अजीत बेहरा उर्फ दीपक ( 22) तथा सुरेश माटिया उर्फ अजय माटिया (28) बताया जाता है। अजीत बेहरा परसुडीह थानांतर्गत लोको कॉलोनी क्वार्टर नं-10 साई मंदिर संजय सिंह के मकान में किरायेदार है, जबकि सुरेश माटिया ओड़िशा के मयूरभंज जिला स्थित गुरुमेसनी का निवासी बताया जाता है। पुलिस ने बताया है कि दोनों को गिरफतार कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। छापामारी दल में पुलिस उपाधीक्षक बिरेन्द्र कुमार राम, पुनि सह थाना प्रभारी रंजीत कुमार, पुअनि नितेश ठाकुर, पुअनि संजीत कुमार, पुअनि रवि रंजन कुमार, पुअनि राजेश कुमार यादव, नि बिरेन्द्र कुमार, पुअनि ललित खलखो, सअनि टुनटुन कुमार सिंह, सअनि बिपिन कुमार, हवलदार मनोज कुमार सिंह, आरक्षी बिजय कुमार और गृहरक्षक चालक सुनील कुमार पाण्डेय शामिल थे।

### युवती को अश्लील मैसेज भेजने के मामले में पुलिस ने आरोपी के घर इश्तेहार चिपकाया



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** मानगो की एक युवती को अश्लील मैसेज भेजने के आरोपी कृष्ण कांत प्रसाद के सोनारी स्थित घर पर पुलिस ने मंगलवार को इश्तेहार चस्पा किया है। कृष्णकांत फरार चल रहा है। उसके दो मकान पर इश्तेहार चस्पा किया गया है। उसका एक मकान किराए पर है, जो मनबोध बस्ती में है। वहां भी पुलिस ने इश्तेहार चस्पा किया है और सोनारी में पैतृक मकान पर भी इश्तेहार चस्पा किया गया है। मानगो थाने की पुलिस ने बताया कि कृष्णकांत मानगो की एक युवती को अश्लील मैसेज भेजता था। युवती के पिता ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पुलिस लगातार छापामारी कर रही है, लेकिन कृष्णकांत फरार है। बुधवार को न्यायालय के आदेश पर इश्तेहार चस्पा किया गया है। एक महीने के अंदर कृष्णकांत को न्यायालय में हाजिर होने का आदेश दिया गया है। अगर वह एक महीने के अंदर हाजिर नहीं होता है तो घर की कुर्की-जब्ती की जाएगी।

अभिमत
आजाद सिपाही

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की सोच को ध्यान में रखते हुए, भारत सरकार का जनजातियों के विकास और उनकी विरासत और संस्कृति के संरक्षण पर प्राथमिकता के साथ ध्यान केंद्रित है। सही मायनों में आदिवासी समाज को देश के विकास में उचित भागीदारी और हिस्सेदारी मोदी सरकार में मिल रही है। जनजातीय समाज के आत्मसम्मान की खातिर आज मोदी सरकार दिन रात काम कर रही है।**

# आदिवासी कल्याण के लिए प्रतिबद्ध नरेंद्र मोदी सरकार



**बाबूलाल मरांडी**

लोकतंत्र का मनोरथ आम लोगों और अंतिम पायदान पर मौजूद तबकों की भलाई होता है। विडम्बना देखिए, आजाद भारत में विकास के सपने तो तमाम सरकारों ने दिखाये, हमारे देश में लोकतंत्र तो स्थापित हुआ किंतु शिक्षा, स्वास्थ्य, भोजन, सामाजिक न्याय, सड़क जैसे सामाजिक सरोकार से जुड़े जनकल्याणकारी मुद्दे सरकार की प्राथमिकताओं में साल 2014 में शामिल किए गये। विकास का अर्थ हमेशा सकारात्मक बदलाव से होता है और यह बदलाव अब नजर आ रहा है। 26 मई 2014 का दिन देश के भविष्य का ऐतिहासिक दिन बन गया। जब देश का नेतृत्व जमीन से जुड़े उस महान नेता को मिला, जिनकी हर सांस में भारत माता की बेहतरी की अथक और अनगिनत कोशिशें और कार्यों में देश के प्रति असीम प्रतिबद्धता रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समूचे देश को एक सूत्र में बांधकर 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के सपने को साकार कर दिया है।

**आदिवासी समाज को उचित महत्व, प्राथमिकता न देकर पहले की सरकारों ने राजनीतिक अपराध किया है।**

देश में आदिवासी समाज की आबादी कुल आबादी का 9 फीसदी यानि लगभग 11 करोड़ है। भारत में कश्मीर से लेकर पूर्वोत्तर तक जनजातीय समाज बड़ी तादाद में है, विशेषकर झारखंड, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, राजस्थान और गुजरात में इनकी बड़ी आबादी है। दुर्भाग्य है कि आजादी के बाद लंबे समय तक कांग्रेस ने इन्हें सिर्फ वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया। इतिहास गवाह है कि स्वतंत्रता आंदोलन में भी इस समाज का योगदान और बलिदान अविस्मरणीय है। किंतु आजादी के बाद की सरकारों द्वारा लंबे समय तक जनजातीय समाज को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने तथा इनके सामाजिक और आर्थिक उत्थान सहित राजनीतिक प्रतिनिधित्व के लिए समुचित प्रयास नहीं किए गए। आदिकाल से ही आदिवासी समाज को एक पिछड़ा समाज मानकर उनके साथ दोयम दर्जे का व्यवहार किया जाता रहा है। जनजाति समाज का भारत की संस्कृति को मजबूत बनाने में अहम योगदान के बावजूद देश को अंधेरे में रखा गया। दशकों तक इस समाज की संस्कृति और क्षमताओं की अनदेखी की गई। इनके मुद्दों, स्वास्थ्य और शिक्षा को कोई महत्त्व नहीं दिया गया। आदिवासी समाज को उचित महत्व, प्राथमिकता न देकर पहले की सरकारों ने राजनीतिक अपराध किया है। चुनाव के नाम पर, अभावों के नाम पर वोट मांगे गए, दशकों तक सत्ता का सुख भोगते रहे लेकिन जनजाति समाज को असहाय छोड़ दिया गया। 2014 में मोदी सरकार के आने के बाद सभी समुदाय की तरह जनजातीय समाज के लोगों की भी उम्मीदें हिलोरें लेने लगीं, इनके सपनों को भी पंख लगे। उम्मीद के अनुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की सोच को ध्यान में रखते हुए, भारत सरकार का जनजातियों के विकास और उनकी विरासत और संस्कृति के संरक्षण पर प्राथमिकता के साथ ध्यान केंद्रित है। सही मायनों में आदिवासी समाज को देश के विकास में उचित भागीदारी और हिस्सेदारी मोदी सरकार में मिल रही है। चाहे गरीबों के घर हों, शौचालय हों, मुफ्त बिजली और गैस कनेक्शन हों, मुफ्त इलाज हो, सड़क हो, स्कूल हो जिस गति से ये सारी चीजें देश के विभिन्न हिस्सों में हो रही हैं आदिवासी इलाकों में भी उसी प्रकार लाभ मिल रहा है। जनजातीय समाज के आत्मसम्मान की खातिर आज मोदी सरकार दिन रात काम कर रही है।

सर्व विदित है कि अटल बिहारी वाजपेई जी के नेतृत्व में जब पहली बार राजग की सरकार बनी तो इस समाज की आशाओं एवं आकांक्षाओं को समझने का गंभीर प्रयास हुआ। अटल जी द्वारा जनजातीय समाज के उत्थान एवं इनके विकास एवं समृद्धि के लिए 1999 में अलग से एक मंत्रालय का गठन किया गया। इसके अलावा 2003 में अटल जी की ही सरकार ने 89वें संविधान संशोधन के माध्यम से राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की स्थापना कर इनके हितों को सुनिश्चित करने की पहल की। अटल जी द्वारा जनजातीय समाज के उत्थान एवं सम्मान को लेकर प्रारंभ किया गया कार्य पिछले 8 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा और मजबूती से आगे बढ़ाया गया है। अटल जी के कार्यकाल में इस समाज की बेहतरी के लिए बोया हुआ यह बीज आज वृक्ष बन चुका है। पहली बार आज केन्द्र सरकार में जनजातीय समुदाय के तीन कैबिनेट मंत्री तथा पांच राज्य मंत्री के रूप में कुल 8 मंत्री हैं। खुद प्रधानमंत्री ने देश की आजादी के लिए आदिवासियों के योगदान के संबंध में रिकॉर्ड मंगवाए और उनके स्मारक बनाए जा रहे हैं। बड़ी जनजातीय आबादी वाले पूर्वोत्तर क्षेत्र की भी कांग्रेस ने लगातार उपेक्षा की, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने शासन में आते ही एक्ट ईस्ट नीति के तहत पूर्वोत्तर के विकास पर बल दिया। पिछले 8 साल में पूर्वोत्तर राज्यों को देश के विकास की मुख्यधारा से जोड़ते हुए उन्हें राष्ट्रीय प्रगति का साझीदार बनाया गया।



**भाजपा हमेशा जनजातीय समाज की प्रगति के लिए कृतसंकल्प रही है और आज नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में जब राष्ट्रपति चुनने का अवसर आया, तो भाजपानीत राजग के समर्थन से देश को द्रौपदी मुर्मू जी के रूप में पहला जनजातीय राष्ट्रपति मिला है। द्रौपदी मुर्मू जी का राष्ट्रपति निर्वाचित होना भारतीय लोकतंत्र के लिए ऐतिहासिक अवसर है। देश की आजादी के बाद पहला अवसर है जब कोई आदिवासी समुदाय का व्यक्ति देश के सर्वोच्च पद पर पहुंचा है। देश के सबसे निचले पायदान पर मौजूद समाज से आने वाली द्रौपदी मुर्मू जी आज जब देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर पहुंची हैं तो निश्चित रूप से यह सिर्फ आदिवासी समाज ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए अत्यंत गौरव की बात है। साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जनजाति सशक्तिकरण के संकल्प की एक उत्कृष्ठ उदाहरण भी है। बीजेपी ने साबित किया है कि आदिवासी समाज की सबसे बड़ी हितैषी वही है और मोदी सरकार वंचित तबके के लिए काम करती है।**

जिस देश में जनजातीय समाज की अनदेखी इस प्रकार हुई हो कि 1947 में आजाद हुए देश को पहला आदिवासी कैबिनेट मंत्री 1994 में पी.ए. संगमा के रूप में मिला हो, वहां आदिवासी समाज का कोई व्यक्ति देश के सर्वोच्च पद तक भी पहुंचेगा, इसकी किसी ने कभी शायद ही कल्पना भी की होगी? भाजपा हमेशा जनजातीय समाज की प्रगति के लिए कृतसंकल्प रही है और आज नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में जब राष्ट्रपति चुनने का अवसर आया, तो भाजपानीत राजग के समर्थन से देश को द्रौपदी मुर्मू जी के रूप में पहला जनजातीय राष्ट्रपति मिला है। द्रौपदी मुर्मू जी का राष्ट्रपति निर्वाचित होना भारतीय लोकतंत्र के लिए ऐतिहासिक अवसर है। देश की आजादी के बाद पहला अवसर है जब कोई आदिवासी समुदाय का व्यक्ति देश के सर्वोच्च पद पर पहुंचा है। देश के सबसे निचले पायदान पर मौजूद समाज से आने वाली द्रौपदी मुर्मू जी आज जब देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर पहुंची हैं तो निश्चित रूप से यह सिर्फ आदिवासी समाज ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए अत्यंत गौरव की बात है। साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जनजाति सशक्तिकरण के संकल्प की एक उत्कृष्ट उदाहरण भी है। बीजेपी ने साबित किया है कि आदिवासी समाज की सबसे बड़ी हितैषी वही है और मोदी सरकार वंचित तबके के लिए काम करती है।

भगवान बिरसा का नाम किसी पहचान की मोहताज नहीं है। भारत के विभिन्न प्रान्तों में बसी लगभग 300 प्रमुख जनजातियां जब अपने सपूतों की गौरव गाथा का स्मरण करती हैं तो एक स्वर्णिम नाम उभरता है बिरसा मुण्डा, जिसे केवल जनजाति समाज ही नहीं बल्कि पूरा देश आदर और असीम श्रद्धा के साथ नमन करता है। जनजातीय समुदाय के लिए कितनी सुखद और गर्व की बात है कि जैसे पूरा देश हर साल गांधी जयंती, सरदार पटेल की जयंती मनाता है अब वैसे ही भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवम्बर को अब हर साल जनजातीय गौरव दिवस के रूप में पूरे देश में मनायी जा रही है। यह कोई साधारण उपलब्धि नहीं है। यह मोदी सरकार द्वारा जनजातीय समुदाय को दिया गया अनुपम उपहार है। देश भर में 200 करोड़ के बजट से जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालयों की स्थापना की जा रही है। यह सब बातें दर्शाती हैं कि मोदी सरकार जनजातीय समाज के विकास और सम्मान के लिए मन, वचन और कर्म के साथ हर प्रकार से जुटी हुई है। कुछ समय पूर्व पद्म पुरस्कार दिए गए। जनजातीय समाज से आने वाले लोग जब राष्ट्रपति भवन पहुंचे तो दुनिया हैरान रह गई। जनजाति समाज ने एक नहीं अनेक रत्न दिये हैं।

**जनजातीय समुदाय के लिए कितनी सुखद और गर्व की बात है कि जैसे पूरा देश हर साल गांधी जयंती, सरदार पटेल की जयंती मनाता है अब वैसे ही भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवम्बर को अब हर साल जनजातीय गौरव दिवस के रूप में पूरे देश में मनायी जा रही है। यह कोई साधारण उपलब्धि नहीं है। यह मोदी सरकार द्वारा जनजातीय समुदाय को दिया गया अनुपम उपहार है।**

जनजातीय समाज की दिशा में कुछ उल्लेखनीय कार्य को देखा जाए तो केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा संचालित जनजातीय उप-योजना बजट को 2021-22 में 21,000 करोड़ से 4 गुणा बढ़ाकर 86,000 करोड़ रुपये किया गया। इसके अंतर्गत मोदी सरकार द्वारा जनजातीय समाज के लिए जल जीवन मिशन के तहत 1.28 करोड़ घरों में नल से जल पहुंचाने, 1.45 करोड़ शौचालय बनवाने, 82 लाख आयुष्मान कार्ड बनवाने एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 38 लाख घर बनवाने जैसे अनेक कार्य किये गये। एकलव्य मॉडल विद्यालयों का बजट 278 करोड़ से बढ़ाकर 1418 करोड़ रुपये और जनजातीय छात्रों के लिए निर्धारित छात्रवृत्तियों का बजट 978 करोड़ से बढ़ाकर 2546 करोड़ रुपये किया गया। इसके अतिरिक्त उद्यमिता विकास के उद्देश्य से नयी योजना में 327 करोड़ रुपये के बजट से 3110 वन धन विकास केंद्रों एवं 53,000 वन धन स्वयं सहायता समूहों की स्थापना की गई है। मोदी जी ने डिस्ट्रिक्ट मिनरल फंड की स्थापना की और इस विसंगति को दूर करते हुए सुनिश्चित किया कि खनन से हुई आय का 30 प्रतिशत स्थानीय विकास में खर्च हो। अब तक इस फंड के जरिए 57,000 करोड़ रुपये से भी अधिक की राशि एकत्रित हुई है, जिसका उपयोग जनजातीय क्षेत्रों के विकास के लिए हो रहा है। इसके अतिरिक्त जनजातीय उत्पादों के विपणन के लिए बने ट्राईफेड संचालित ट्राइब्स इंडिया आऊटलैट्स की संख्या 29 से बढ़ाकर 116 की गई है। वहीं प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जनजातीय समुदाय के आर्थिक विकास के लिए काफी काम किया जा रहा है। आदिवासी समुदाय के युवाओं को केंद्र सरकार के कौशल विकास कार्यक्रम से जोड़ा गया है। जनजातीय लोगों को आधुनिक तकनीकी से प्रशिक्षित कर कृषि, बागवानी, मछलीपालन, पशुपालन जैसे पारंपरिक पेशों के अलावा उन्हें फ्रिज, एसीए मोबाइल की मरम्मत, ब्यूटीशियन, डाटा एंट्री ऑपरेटर, सुरक्षा गार्ड, घरेलू नर्स जैसे क्षेत्रों में पारंगत किया जा रहा है। देश के तमाम राज्यों में रहने वाले लाखों आदिवासियों के मौलिक अधिकारों की रक्षा और जल, जंगल, जमीन पर उनके हक को बरकरार रखने के लिए प्रधानमंत्री मोदी की सरकार लगातार काम कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा है कि विकास के लिए प्राकृतिक संसाधनों का इस्तेमाल जरूरी है, लेकिन प्राकृतिक संसाधनों का दोहन आदिवासियों की कीमत पर नहीं होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने साफ किया है कि जल, जंगल, जमीन पर आदिवासियों का अधिकार रहेगा क्योंकि वे उसकी उपासना करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने जनजातियों के विकास को गति देने के लिए पिछले वर्ष जनजातीय बहुल इलाकों में 100 से ज्यादा विकास केंद्र खोलने की घोषणा भी की है जिस पर काम चल रहा है। इन विकास केंद्रों में शिक्षा, अस्पताल जैसी आधुनिक सुविधाएं भी उपलब्ध रहेंगी। उच्च शिक्षा और रिसर्च से जोड़ने के लिए भी अभूतपूर्व काम किया जा रहा है। पीएम मोदी ने अपनी सरकार के एक बड़े फैसले की तरफ ध्यान दिलाया कि जनजातीय समाज के बच्चों को पढ़ाई में एक बहुत बड़ी दिक्कत भाषा की आती थी लेकिन नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति में अब पढ़ाई स्थानीय भाषा में करने की सुविधा होगी। इसका लाभ निश्चित रूप से बच्चों को मिलेगा।

झारखंड के संदर्भ में देखा जाए तो अलग झारखंड का निर्माण अटल बिहारी वाजपेयी की दूरदर्शी सोच का ही नतीजा है। झारखंड स्थापना दिवस और भगवान बिरसा की जयंती का दिन कोई संयोग नहीं है बल्कि वर्ष 2000 में जब केंद्र में एनडीए की सरकार बनी, तो तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने धरती आबा बिरसा मुंडा के जन्मदिन के मौके पर 15 नवंबर, 2000 को दक्षिण बिहार के इस हिस्से के करोड़ों लोगों के इस पुराने सपने को हकीकत में बदल दिया। संयुक्त बिहार में इस भूभाग के लोगों की शिकायत थी कि खनिज संपदा से संपन्न होने के बावजूद भी वे समुचित विकास से पीछे हैं। आदिवासी अपने को वंचित और उपेक्षित महसूस कर रहे थे। भारतीय जनता पार्टी ने इस दर्द को महसूस किया। भारतीय जनता पार्टी की यह भावना आदिवासियों के प्रति लगाव व समर्पण का प्रतीक है। बहरहाल जब झारखंड बना तब झारखंडवासियों की खुशियां और अनंत उम्मीदें स्वाभाविक थी। संयोग से इस राज्य का पहला मुख्यमंत्री बनने का हमें ही अवसर प्राप्त हुआ। मेरे नेतृत्व में जब राजग की सरकार थी तब कम समय में भी आदिवासी समाज के उत्थान को लेकर उल्लेखनीय कार्य हुए। चाहे स्कूली छात्राओं के बीच साईकिल वितरण हो, स्थानीय युवकों की पारा शिक्षक के रूप में बहाली हो, आदिवासी बेरोजगार युवकों को बस देकर रोजगार से जोड़ने की बात, शिक्षा की बात हो हमने यथासंभव प्रयास किया। उग्रवाद प्रभावित इलाकों में सड़क, शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार आदि की दिशा में काफी कार्य हुए परंतु समय अंतराल के साथ जो राजनीतिक कुहासा घिरा, राजनीतिक अस्थिरता का जो दंश राज्य ने झेला वह किसी से छिपा नहीं है। राजनीतिक प्रयोगशाला के तौर पर प्रदेश का दोहन किया गया। वर्ष 2014 में राज्य में बहुमत वाली भाजपा की स्थिर सरकार के बाद स्थितियां सुधरती दिखीं परंतु आज हेमंत राज में झारखंड की स्थिति बद से बदतर हो चुकी है। झारखंड की वर्तमान हेमंत सरकार में राज्य की आदिवासियों की स्थिति सबसे ज्यादा खराब है। अबुआ राज का वादा करके सत्तासीन हुई हेमंत सरकार में सबसे अधिक दोहन आदिवासी समुदाय का ही हो रहा है।

नरेन्द्र मोदी ने दशकों से फंसे राजनीतिक मकड़जाल से जनजातीय समुदाय सहित तमाम वंचित दलों को बड़ी मेहनत से निकाला है। गर्व का विषय है कि हमारे पास विश्व का सबसे मजबूत लोकतंत्र है। साथ ही देश के पास वर्तमान में एक दृढ़ इच्छाशक्ति और दूरदर्शी सोच वाला वैश्विक स्वीकार्य मजबूत नेतृत्व भी है। अब डपोरशंखी बातों और झूठे वादों से बहलने और बहलाने का वक्त नहीं है बल्कि पुराने राजनीतिक जख्मों से सबक लेकर सही नेतृत्व के साथ कदमताल करने की जरूरत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जनजाति समाज को साथ में लेकर सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूल मंत्र के साथ देश तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। सुखद संकेत है कि भारत का सांस्कृतिक गौरव पुनः स्थापित हो रहा है।

**(लेखक झारखंड भाजपा विधायक दल के नेता सह राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हैं।)**

## महत्वपूर्ण न्यूज

### जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा ने गर्ल्स मिडिल स्कूल में डेंटल कैंप लगाया




**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के द्वारा स्थानीय गर्ल्स मिडिल स्कूल में बच्चों के दांत जांच के लिए एक डेंटल कैंप का आयोजन किया गया। डेंटल कैंप में लगभग डेढ़ सौ बच्चों के बीच दांतों की देखरेख के लिए डॉ सोनाई विश्वास द्वारा जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जायन्ट्स ग्रुप गढ़वा के सहेली के अध्यक्ष श्रीमती रितु जायसवाल ने की। कार्यक्रम में लगभग 50 बच्चों के दांत जांच कर उन्हें मुफ्त में दवा भी दी गई एवं उचित सलाह दिया गया। डेंटल कैंप में डॉक्टर सोनाई विश्वास एवं डॉ अमित जायसवाल द्वारा बच्चों की जांच की गयी, साथ ही सभी बच्चों को कैल्शियम की दवा एवं आयुर्वेदिक दांत का पेस्ट दिया गया। मौके पर जायन्ट्स ग्रुप गढ़वा सहेली के डी ए रंजना जायसवाल, जायन्ट्स सहेली की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती रीता केसरी, लता गुप्ता, माला केसरी, सीमा केसरी, सुनीता केसरी के साथ जायन्ट्स सहेली के उपाध्यक्ष रीना अग्रवाल, रीमा देवी, संगीता गुप्ता, रेखा कुमारी आदि सदस्य विशेष रूप से उपस्थित थे

### शांति समिति की बैठक में दुर्गा पूजा आपसी सौहार्द से मनाने का निर्णय



**धुरकी (आजाद सिपाही)।** धुरकी थाना कार्यालय परिसर में दुर्गा पूजा आपसी सौहार्द के साथ मनाने के लिए बुधवार को शांति समिति की बैठक धुरकी बीडीओ अरुण कुमार सिंह व सगमा बीडीओ सत्यम कुमार की उपस्थिति में की गयी। शांति समिति की बैठक में पहुंचे धुरकी व सगमा के सभी जन प्रतिनिधिध, बुद्धिजीवी और पूजा समिति के अध्यक्षों को बीडीओ अरुण कुमार ने कहा कि सरकार के गाइडलाइन के अनुसार पर्व आपसी भाइचारा के साथ मनायें। उन्होंने यह भी कहा कि पर्व के दौरान किसी तरह से असमाजिक तत्व अगर शांति भंग करने की कोशिश करेंगे तो उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। थाना प्रभारी सदानंद कुमार ने कहा कि किसी भी अफवाह पर ध्यान देने की जरूरत नहीं है। असमाजिक तत्वों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। बच्चा चोर का अफवाह फैलाने वाले लोगों पर कारवाई की जाएगी। पुलिस पूजा के दौरान सभी गांव व पूजा स्थलों की निगरानी करेगी। बैठक में सगमा के पूर्व जिप सदस्य नंदगोपाल यादव, धुरकी जिप सदस्य सुनीता कुमारी, प्रमुख अजय गुप्ता, भाजपा नेता इंद्रमणि जायसवाल, झामुमो के इसराइल खान, धीरेंद्र यादव, विधायक प्रतिनिधि अखिलेश यादव, पूर्व मुखिया लक्ष्मण यादव, बीरवल मुखिया इंद्रमणि कुशवाहा, पुतुर मुखिया प्रतिनिधि हनुमंत यादव, सगमा उप मुखिया मंगलेश यादव, एहसान अंसारी आदि उपस्थित थे।

### पुलिस ने विवाहिता को शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने के आरोपी को भेजा जेल

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** विवाहिता प्रेमिका को शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने का आरोपी प्रेमी दिवाकर भुइयां को स्थानीय थाना पुलिस ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया। प्रशासन को दिये आवेदन में भवनाथपुर थाना क्षेत्र के बनखेता निवासी पीड़ित प्रेमिका प्रभा कुमारी ने बताया कि रमना थाना क्षेत्र के बुलका गांव में मामा घर आने-जाने के क्रम में शादी के पूर्व से ही उसी गांव के दिवाकर भुइयां, पिता सुरेंद्र भुइयां से प्रेम हो गया था। शादी के उपरांत भी दिवाकर शादी का झांसा देकर मेरे साथ यौन शोषण किया। प्रेमी द्वारा शादी की बात से इनकार किये जाने पर प्रेमिका द्वारा की गई शिकायत के आलोक में स्थानीय थाना पुलिस ने प्रेमी दिवाकर को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। बता दें कि बीते वर्ष प्रभा की शादी उत्तर प्रदेश विंढमगंज थाना क्षेत्र के सुखड़ा में धर्मेन्द्र कुमार, पिता भगवान दास के साथ हुई थी। किन्तु उक्त प्रेमी युगल की नजदीकियां बनी हुई थीं। सोमवार की रात बनखेता गांव में प्रेमिका के घर दोनों एक साथ रंगेहाथ पकड़े गए थे। जिसके बाद दोनों को स्थानीय थाने लाया गया था, जहां प्रेमिका ने प्रेमी को शादी के लिए मनाने का भरपूर प्रयास किया किन्तु प्रेमी दिवाकर द्वारा मना किये जाने के बाद प्रेमिका प्रभा की लिखित शिकायत पर प्रेमी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस संबंध में एसआई कुंदन कुमार ने बताया कि लड़की की शिकायत के आलोक में दिवाकर को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। युवती को मेडिकल के लिए भेज दिया गया है। वहीं मामले का अनुसंधान जारी है।

## उपलब्धि : पर्यटन स्थल गुरु सिंधु पहुंचना होगा अब आसान : मिथिलेश ठाकुर

# पांच वर्ष का कार्यकाल 50 वर्षों पर पड़ेगा भारी, गढ़वा में बिछेगा सड़कों का जाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिले का अति मनोहारी जलप्रपात पर्यटन स्थल गुरु सिंधु तक पर्यटक अब आसानी से पहुंच सकेंगे। चिनिया प्रखंड के राजबांस से गुरु सिंधु तक सड़क का निर्माण किया जाएगा। करीब 11 किमी लंबी सड़क का निर्माण 14.73 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। झारखंड सरकार ने इसकी प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है।

जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि इस चिर प्रतीक्षित सड़क का निर्माण राजबांस मुख्य से गुरुसिंधु जलप्रपात तक किया जाएगा। पीडब्ल्यूडी मापदंड के अनुसार इस सड़क का निर्माण किया जाएगा। इसके निर्माण से राजबांस, डोल, चपकली आदि गांव के ग्रामीणों को भी लाभ मिलेगा। चिनिया एवं रंका प्रखंड के अन्य सुदूरवर्ती गांवों को गढ़वा जिला मुख्यालय एवं रंका अनुमंडल

> राजबांस से गुरु सिंधु तक 14.73 करोड़ की लागत से बनेगी सड़क, मिली प्रशासनिक स्वीकृति

मुख्यालय से जोड़ने वाली अन्य सड़कों का निर्माण भी काफी तेज गति से किया जा रहा है। ज्ञात हो कि कदवा मोड़ से तहले, चपला, रजबांस, रंका सड़क का निर्माण भी लगभग 120 करोड़ की लागत से पथ निर्माण विभाग द्वारा किया जा रहा है।

मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा में सड़कों का जाल बिछेगा। इसके लिए प्रॉपर प्लानिंग के तहत ब्लू प्रिंट बना कर कार्य किया जा रहा है। इसका परिणाम भी जल्द



दिखाई देने लगेगा। मंत्री ने कहा कि उनका पांच वर्ष का कार्यकाल पिछले 50 वर्षों पर भी भारी पड़ेगा। यह विश्वास दिलाता हूं।

मंत्री ने कहा कि गुरु सिंधु जल प्रपात गढ़वा ज़िले का एक प्रमुख पर्यटन स्थल है। प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर जंगलों के बीच स्थित इस जलप्रपात की छटा देखते ही बनती है। पर सड़क के अभाव में यहां पहुंचना काफी कठिन हुआ करता था। अब गढ़वा-चिनिया रोड का दोहरीकरण भी लगभग 71 करोड़ रुपये की लागत से होना है तथा राजबांस, चपकली, गुरुसिंधु पथ के निर्माण की भी स्वीकृति मिल गई है। इनके निर्माण के बाद गढ़वा ही नहीं बल्कि आस-पड़ोस के जिले एवं छत्तीसगढ़ के लोग भी यहां आसानी से पहुंच सकेंगे। मंत्री ने कहा कि गुरुसिंधु को पर्यटन स्थल का दर्जा भी हमारी सरकार ने ही प्रदान किया है।

इस क्षेत्र की जनता दशकों से एक पक्की सड़क की आस में पलकें बिछाये बैठी थी। अब इनका सपना पूरा हो गया है। श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा की जनता का आशीर्वाद इसी तरह मिलता रहा तो रोज गढ़वा के विकास का नया इतिहास लिखा जाएगा।

## सेवा पखवाड़ा के तहत जिला भाजपा ने बूस्टर डोज अभियान चलाया



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भाजपा गढ़वा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी की अध्यक्षता में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के दौरान वैक्सीनेशन सेंटर गढ़वा में बूस्टर डोज अभियान चलाया गया। मौके पर मुख्य रूप से भाजपा नेता जवाहर पासवान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उसी के दौरान हर दिन अलग अलग रूप में सेवा कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उसी के तहत बूस्टर डोज अभियान चलाया जा रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने कहा कि भाजपा द्वारा सेवा पखवाड़ा पूरे गढ़वा जिला में 17 सितम्बर से शुरू हुआ है जो आगामी 2 अक्टूबर तक चलेगा। उन्होंने कहा कि इस दौरान हर दिन अलग अलग रूप में सेवा कार्यक्रम मंडल से लेकर बूथ स्तर तक चलाया जा रहा है। जिला के सभी मंडल में बूस्टर डोज लगाया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया है कि जन्मदिन के मौके पर केक नहीं काटा जाये बल्कि गरीब कमजोर जरूरत लोगों के बीच विभिन्न रुपों में सेवा कार्य चलाकर लोगों की सेवा करें। उन्होंने कहा कि आगामी वृक्षारोपण व स्वच्छता अभियान पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन जैसे अनेकों कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप, मेराल उत्तरी मंडल अध्यक्ष उदय कुशवाहा, भाजयुमो जिला कार्यसमिति सदस्य अजीत तिवारी सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

## मरणोपरांत अंगदान से आठ-नौ व्यक्तियों को नया जीवन मिल सकता है : अलखनाथ पांडेय

> जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा ने सेवा सप्ताह के तीसरे दिन किया अंगदान महादान विषय पर सेमिनार का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के द्वारा जायंट्स सेवा सप्ताह के तीसरे दिन स्थानीय +2 गोविंद उच्च विद्यालय के सभागार में अंगदान महादान विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार की अध्यक्षता जायन्ट्स गढ़वा के फाउंडर अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय एवं संचालन इस कार्यक्रम के प्रोजेक्ट चेयरमैन चंद्रभूषण सिन्हा ने किया। इस सेमिनार में फेडरेशन 8 के अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय ने कहा कि आज की जो परिस्थिति है उसमें अंगदान की महता बहुत बढ़ गई है। यदि आप मरने के पूर्व अंगदान की घोषणा करते हैं तो मरणोपरांत आपके द्वारा किये गए अंगदान से लगभग 8-9 व्यक्तियों में जिंदा रह सकते हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड में अंगदान के प्रति लोगों में जागरूकता काफी कम है। ऐसे में जायन्ट्स का यह प्रयास सराहनीय है। फेडरेशन-8 पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी ने कहा कि जायन्ट्स अंगदान के क्षेत्र में काफी दिनों से जागरूकता का कार्यक्रम करते आ रहा है। उन्होंने



उपस्थित छात्र-छात्राओं से भविष्य में अंगदान करने के प्रति तैयार रहने को कहा। फेडरेशन-8 के पदाधिकारी नंद कुमार गुप्ता ने विषय प्रवेश कराते हुए आमजनों से आह्वान किया कि जिस प्रकार नेत्रदान एवं रक्तदान करते हैं, उसी प्रकार शरीर के दूसरे अंग को भी दान कर जरूरतमंद मरीजों की जान बचायी जा सकती है। धन्यवाद ज्ञापन +2 गोविंद उच्च विद्यालय प्रचार्य ध्रुव नारायण झा ने किया। इस मौके पर फेडरेशन अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय, पूर्व फेडरेशन अध्यक्ष विनोद कमलापुरी, फेडरेशन सचिव नंद कुमार गुप्ता, यूनिट डायरेक्टर मनोज केशरी, चंद्रभूषण सिन्हा, सुनील अग्रवाल, विद्यालय के प्राचार्य ध्रुव नारायण झा, शिक्षक सहित सैकडों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### आउटसोर्सिंग स्वास्थ्य कर्मियों की कमेटी का गठन

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिले के सदर अस्पताल परिसर में स्थित जिला यक्ष्मा केंद्र के सभागार में आउटसोर्सिंग स्वास्थ्य कर्मियों ने बैठक कर अपने संगठन की नींव रखी। उन्होंने सभी कर्मचारियों की उपस्थिति में अपने संगठन का नामकरण आउटसोर्सिंग कर्मचारी स्वास्थ्य विभाग गढ़वा रखा एवं बैठक को सफल बनाने एवं सुचारू रूप से चलाने के लिए सभापति अरुण कुमार द्विवेदी को सर्वसम्मति से चुना गया एवं उनकी अध्यक्षता में पदाधिकारियों का चयन किया गया। जिसमें चंदन कुमार रजक अध्यक्ष, मुकेश रोशन सचिव, फईम अंसारी कोषाध्यक्ष, उपाध्यक्ष विकास राम, विधानी टोप्पो, अविनाश कुमार, महासचिव मनीषा कच्छप, मीडिया प्रभारी कांति कुमारी, रविंद्र मेहता, संगठन मंत्री विपिन यादव, अनुज पांडे, संतोष राणा, उमेश चंद्रवंशी, सुचित कुमार सिंह एवं व्यवस्था मंत्री संगीता कुल्लू हीरामन बनाये गये। बैठक में नीतू कुमारी, रूबी कांत, बसंती पाल, सरिता कुमारी, प्रदीप राम, संगम कुमारी, आदित्य कुमार, नुसरत प्रवीण, मालती देवी आदि कर्मी उपस्थित थे।

### बारिश से मिट्टी के घर की दीवार गिरी, बचे दंपति

**मेराल (आजाद सिपाही)।** पिछले तीन दिनों से रुक-रुक कर हो रही बारिश से मेराल बस स्टैंड निवासी रविंद्र राम के मिटट्री के घर की एक ओर की दीवार मंगलवार की देर शाम करीब 8:30 बजे गिर गयी। दीवार गिरने से घर में रखा खाने-पीने का सामान, चौकी, बक्सा आदि दबकर बर्बाद हो गया। इस घटना में करीब एक लाख रुपये की क्षति हुई है। रविंद्र राम ने मुखिया तथा प्रशासन से मदद की गुहार लगायी है।

### मेराल भाजपा के टीकाकरण शिविर में दो दर्जन लोगों ने लगवाये बूस्टर डोज



**मेराल (आजाद सिपाही)।** पीएम मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में भाजपा द्वारा मनाये जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत बुधवार को मेराल भाजपा द्वारा सीएचसी में कोविड टीकाकरण शिविर लगाकर दो दर्जन लोगों को बूस्टर डोज लगवाया गया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय भगत ने बताया कि सेवा पखवाड़ा के तहत मेराल के उत्तरी तथा दक्षिणी मंडल के तत्वावधान में टीकाकरण शिविर लगाया गया। जिसमें लोगों को टीकाकरण के लाभ की जानकारी देकर जागरूक किया गया। शिविर में दो दर्जन लोगों ने कोरोना का बूस्टर डोज लगवाये। मौके पर मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष उदय कुशवाहा, मनोज जायसवाल, सांसद प्रतिनिधि रुपू महतो, अर्जुन कुशवाहा, कृष्णा प्रसाद कुशवाहा, रंजन कुमार, मनोज चौधरी, रामजी कुशवाहा, संजय कुमार, युवा मंडल अध्यक्ष रामाकांत गुप्ता, राधेश्याम यादव, बलराम साह, डॉ लाल मोहन कई कार्यकर्ता थे।


**ई – प्रोक्योरमेन्ट सेल मुख्य अभियंता का कार्यालय, कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड, रांची।**

**ई–प्रोक्योरमेन्ट नोटिस**

टेन्डर रेफरेन्स नं0–**BCD/CE/67/Simdega/2022-23** दिनांक–**21-09-2022**

| Sl.No | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | **Construction of 1000 MT Food Grain Godown at Kurdeg Block,Simdega** | Rs.1,32,00,457.00 | 9 महीने |
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 27-09-2022 | |
| 3 | वेबसाइट पर बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि / समय | 12-10-2022 के 11.00 AM तक | |
| 4 | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | ई – प्रोक्योरमेन्ट सेल मुख्य अभियंता का कार्यालय, कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग, भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, रांची। | |
| 5 | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9631478651 | |
| 6 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 9905899979 | |

किसी भी प्रकार का बदलाव http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
• अन्य किसी भी प्रकार की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
*Note: UCAN Registration is mandatory for the Bidders*

नोडल पदाधिकारी
ई – प्रोक्योरमेन्ट सेल, मुख्य अभियंता का कार्यालय,
कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग,
भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, रांची।

PR 278236 Building(22-23)D



**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग**

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 07/2022–23**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का नाम | कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 2. | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय | दिनांक 29.09.2022 (कार्यालय दिवस में 11:00 बजे पूर्वाहन्से 05:00 बजे अपराहन् तक)। |
| 3. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | दिनांक 30.09.2022 (अपराहन् 03:00 बजे तक)। |
| 4. | निविदा खुलने की तिथि एवं समय | दिनांक 30.09.2022 (अपराहन् 03:30 बजे)। |
| 5. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 6. | निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान | जिला नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग |

| ग्रुप सं0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख) | अग्रधन की राशि (रू0) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | प्रखण्ड चुरचू के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चुरचू में विविध निर्माण कार्य। | 3332232.00 | 66700.00 | 5000.00 | 6 माह |
| 2 | प्रखण्ड टाटीझरिया, पंचायत–टाटीझरिया–1 में उत्क्रमित मध्य विद्यालय होलंग का चाहरदिवारी निर्माण कार्य। | 2108964.00 | 42200.00 | 5000.00 | 6 माह |
| 3 | प्रखण्ड बरकट्ठा, पंचायत–चुगलामों, ग्राम–केन्दुआ में पी0एम0जी0एस0वाई0 रोड से बालेश्वर पंडित घर तक 1200 फीट पथ निर्माण। | 2224281.00 | 44500.00 | 5000.00 | 6 माह |
| 4 | प्रखण्ड बड़कागांव, पंचायत काण्डतरी के खैरातरी में उत्क्रमित मध्य विद्यालय में चाहरदिवारी निर्माण। | 4598842.00 | 92000.00 | 5000.00 | 6 माह |

नोट: 1. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
2. निविदा शुल्क किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रुप में स्वीकार किया जाएगा, जो लौटाया नहीं जाएगा। बैंक ड्राफ्ट कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, हजारीबाग के पदनाम से देय होगा।
3. 10% प्रतिशत से न्यून निविदाओं के लिए additional performance security के रुप में परिमाण विपत्र की राशि से–
i. 10% से 20% below तक की राशि का 20% तथा
ii. 20% से अधिक below की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत का प्रावधान लागू होगा।
विस्तृत जानकारी के लिए निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग

PR 278286 Rural Development(22-23)#D


## प्रदर्शन : महाकाल ट्रेंडिंग आढ़त पर एफआइआर के विरोध में व्यवसायियों ने जताया आक्रोश

# अपनी-अपनी दुकान की चॉबी प्रशासन को सौंप कर दिया धरना

> सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों ने किया व्यवसायियों के आंदोलन का समर्थन, धरना पर बैठे

आजाद सिपाही संवाददाता

**बंशीधर नगर।** पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स की श्री बंशीधर नगर इकाई के आह्वान पर व्यवसायियों ने महाकाल ट्रेंडिंग नामक आढ़त के प्रो. ऋतिक कुमार पर एफआईआर के विरोध में अपनी अपनी दुकानें बंद कर सभी चाबियां अनुमंडल प्रशासन को सुपुर्द कर दिया।

बुधवार को प्रातः 8 बजे से व्यवसायियों का चेंबर कार्यालय परिसर में एकत्रितकरण हुआ। जहां सभी व्यवसायियों ने अपनी बंद दुकानों की चाबियां अध्यक्ष को सौंप दीं और धरना पर बैठ गये। शहर में मेडिकल स्टोर छोड़ सभी दुकानें बंद रहीं। ठेला खोमचा वाले भी बंद के समर्थन में हैं। शाम चार बजे चेंबर अध्यक्ष शंभूनाथ सौदागर के नेतृत्व में




व्यवसायियों ने अनुमंडल कार्यालय में जाकर कार्यपालक दंडाधिकारी अजय तिर्की को चाबियों से भरा बक्सा सौंप दिया।

व्यवसायियों के आंदोलन को सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों का समर्थन मिला। झामुमो नेता पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव और ताहिर अंसारी के नेतृत्व में सत्तापक्ष के और भाजपा अजा मोर्चा के जिलाध्यक्ष लक्ष्मण राम के नेतृत्व में भाजपा के कई नेता और कार्यकर्ता चेंबर कार्यालय में व्यवसायियों के साथ धरने पर बैठे और साथ में पदयात्रा करते अनुमंडल कार्यालय पहुंचे। उनलोगों की उपस्थिति में चेंबर अध्यक्ष ने कार्यपालक दंडाधिकारी को चाबियां सौंपी।

चेंबर अध्यक्ष शंभूनाथ सौदागर ने कहा कि गत 10 सितंबर को प्रशासन ने व्यवसायी ऋतिक कुमार का किसानों से खरीदे गये गेहूं लदे ट्रक को पकड़ा। जिसके बाद उनलोगों ने एसडीओ से मिलकर अपना पक्ष रखा। कागजात भी दी गयी। इसके बावजूद पांच दिन बाद गलत तरीके से सरकारी अनाज बताकर ऋतिक कुमार और ट्रक मालिक पर एफआईआर कर दिया गया। जिला प्रशासन के कार्यप्रणाली से व्यवसायी भयभीत हैं। उन्होंने कहा सभी दुकानें बंद कर चाबियां प्रशासन को सौंप दी गयी हैं। अब उनलोगों के परिवार के भरण पोषण की जिम्मेदारी प्रशासन की है। साथ ही प्रशासन बताये कि व्यवसायी व्यवसाय कैसे करें।

पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव न ऋतिक कुमार पर मुकदमे की कड़ी निंदा करते हुये कहा कि उनकी पार्टी झामुमो चेंबर की मांग का समर्थन करता है। यहां गेहूं का सरकारी आवंटन कम होता है। किसान का गेहूं व्यापारी खरीद रहे हैं। जिसे पीडीएस का बताकर प्रशासन व्यवसायी लोगों पर एफआईआर करा रहा है। इस अन्याय के खिलाफ हम सभी चेंबर के साथ खड़े हैं। झामुमो के युवा नेता ताहिर अंसारी ने व्यवसायी पर एफआईआर के लिये जिला एवं अनुमंडल प्रशासन को सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने सीएम हेमंत सोरेन व मंत्री मिथिलेश ठाकुर से डीसी एवं एसडीओ पर जल्द से जल्द कार्रवाई की मांग की। भाजपा नेता लक्ष्मण राम व सांसद प्रतिनिधि मुकेश चौबे ने कहा कि भाजपा चेंबर की मांग का समर्थन करती है।

मौके पर झामुमो नेत्री किरण देवी, नेहा कुमारी, अमरनाथ पांडेय, मुक्तेश्वर पांडेय, चेंबर सचिव गोपाल जायसवाल, हृदयानंद कमलापुरी, तस्लीम खान, शमीम खान, अनूप निराला, संजीत कुमार छोटू, ऋतिक कुमार, राजेश कुमार, मिक्की जायसवाल, राकेश विश्वकर्मा, वीरेंद्र कमलापुरी, वीरेंद्र प्रसाद, लाल बाबू खान, उमेश कुमार, भोलू कुमार, रंजन कुमार सहित बड़ी संख्या में व्यवसायी उपस्थित थे।

## पीएम आवास कार्य में तेजी लाने के लिए बैठक

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड कार्यालय परिसर में लंबित प्रधानमंत्री आवास योजना को पूर्ण करने हेतु पीएम आवास कोऑर्डिनेटर दीपक कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। बैठक में सभी पंचायत की पंचायत सचिव, स्वय सेवक, आवास मित्र मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में निर्देश दिया गया कि वित्तीय वर्ष 16-17 से 20 तक 21 तक कु ल 630 प्रधानमंत्री आवास योजना लंबित है, जिसे 30 सितंबर तक आवश्यक रूप से पूर्ण कराना सभी की जिम्मेदारी है। पीएम कोऑर्डिनेटर ने कहा कि सभी पंचायतों में लंबित पी एम आवास हेतु सभी लाभुकों से व्यक्तिगत संपर्क कर पीएम आवास को पूर्ण कराना है। उन्होंने कहा कि आवास पूर्ण कराने में इच्छुक नहीं रखने वाले लाभुकों को सूचीबद्ध करते हुए कार्यालय को सूची उपलब्ध कराया जाये ताकि ऐसे लोगों को पर उचित करवाई किया जा सके। उन्होंने कहा की। वित्तीय वर्ष 21 22 मे अग्रिम द्वितीय किस्त प्राप्त 759 प्रधानमंत्री आवास को 30-9 -2022 तक पूर्ण करने का निर्देश दिया गया, साथ ही आवास प्लस में जॉब कार्ड के तकनीकी कारणों से निबंधन नहीं हो सका था उन सभी परिवारों का 2 दिनों के अंदर जॉब कार्ड एडिट करने का निर्देश सभी पंचायत सचिव, स्वयंसेवक एवं आवास मित्र को दिया गया दिया गया है। बैठक में कंप्यूटर ऑपरेटर लेखापाल शिशुपाल उरांव, समेत सभी कर्मी उपस्थित थे।

## राजद नेता पर जानलेवा हमला, रिम्स रेफर



**बालूमाथ।** हाल के दिनों में समाज सेवा करते राजद मे शामिल होकर पार्टी को सवारने का प्रयास कर रहे बालूमाथ निवासी राजद नेता सुरेश राम आज करीब सुबह 8 बजे के करीब झरीवा टोला के समीप अपने दूसरे नये घर को देख रेख कर वापसी अपने सफेद रंग की स्कुटी से लौटने के क्रम में मुहं बांधे मोटर साइकिल आये अज्ञात अपराधी द्वारा पिछे से हाकी से एवं लाठी से हमला कर दिया जिससे सुरेश राम बुरी तरह घायल हो गए सुरेश राम द्वारा हल्ला मचाने पर हमलावर भाग खडे हुए। जिसमे बाद ग्रामीण द्वारा उन्हें बालूमाथ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया। जहा डॉक्टर पुरुषोत्तम कुमार द्वारा इलाज कर बेहतर इलाज के लिऐ रिम्स रांची रेफर कर दिया गया। वहीं घटना की खबर मिलते ही बालूमाथ थाना पुलिस घटना स्थल पहुंच कर अपराधियों की धर पकड़ के लिए सघन छापामारी कर रही है । वही तमाम लोग घटना को लेकर आश्चर्य मे है।

## 40 घंटे के बाद पुलिस और ग्रामीणों के अथक प्रयास के बाद कटुआदाग नदी से शव बरामद



**बारियातु।** टीओपी अंतर्गत फुलसु पंचायत के डुबकुलवा नदी में बीते सोमवार की रात्रि मंजुआखाड़ निवासी नरेश गंझु पिता महरंग गंझु (38) बह जाने के 40 घंटे के बाद पुलिस और ग्रामीणों के यथक प्रयास के बाद बुधवार सुबह होंजर के कटुआदाग नदी से शव को बरामद किया। शव को टांग कर घर लाया गया। शव घर पहुचते ही परिजन व पुरा गांव चितकार लगाने लगे। वहीं शव को टीओपी प्रभारी कुन्दन कुमार कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया। ज्ञात हो की बीते सोमवार को नरेश गंझु सहित गाँव के कई लोग जितिया जतरा मेला देखने के लिए बोंगादाग गया था। मृतक अपने पिछे पत्नी राजमणि देवी व दो पुत्र और दो पुत्री छोड़ गए। हुई दोहरी घटना के बाद ग्रामीणों ने विधायक बैजनाथ राम व उपायुक्त भोर सिंह यादव से नदी पर पुल निर्माण कराने का मांग किया है।

## रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन



**चंदवा।** शहर के मुख्य चौक इंदिरा गांधी के समीप जिला परिषद के द्वारा बनाए गए कंपलेक्स में बुधवार को निष्ठा फाउंडेशन के द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदाताओं ने जरूरतमंदों के लिए रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में मुकेश कुमार सिंह पत्रकार, रंजीत उरांव मुखिया चंदवा पूर्वी, चन्द्रभूषण केसरी निष्ठा फाउंडेशन के सचिव सह रक्तदान शिविर संयोजक, अमित विश्वकर्मा, जय शंकर कुमार, अशोक कुमार उर्फ बाबू, मनोज कुमार मेहता, राजकुमार साहू, दीपक कुमार, दिनेश कुमार स्वैच्छिक रक्तदान शिविर कार्यक्रम का उद्घाटन पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी मदन कुमार शर्मा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन में नवनीत कुमार, रहा रवि कुमार मिश्रा, सौरभ मिश्रा, विनय कुमार सिंह, सुरेंद्र बड़ाईक चालक का सराहनीय योगदान रहा।

## जिला को टीबी मुक्त बनाना है: डॉ दिनेश



**लातेहार।** सिविल सर्जन डॉ दिनेश ने कहा कि लातेहार जिले को यक्ष्मा (टीबी) रोग मुक्त बनाना है। उन्होने कहा कि इसी के तहत प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है। डॉ कुमार ने कहा कि इस कार्य में सामुहिक भागीदारी आवश्यक है। डॉ कुमार बुधवार को सदर अस्पताल के सभागार में आयोजित प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के शुभारंभ के मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होने बताया कि 17 सितंबर से आगामी दो अक्टूबर तक यह कार्यक्रम पूरे देश मे चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत निबंधित निक्षय मित्रों को जिले में इलाजरत यक्ष्मा के मरीजों को गोद ले कर पोषण एवं अन्य सहायता उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित करना है।

## लोहरदगा में गहराया बालू का मुद्दा, भाजपा ने किया धरना-प्रदर्शन

# बालू उठाव पर लगे प्रतिबंध को अविलंब हटाने की मांग

अजााद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** बालू के मुद्दे को लेकर राज्य और जिला प्रशासन के खिलाफ भाजपा ने समाहरणालय के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। धरना समापन के पश्चात झारखंड के महामहिम राज्यपाल को प्रेषित मांग पत्र उपायुक्त कार्यालय में जिला योजना पदाधिकारी अरूण कुमार सिंह को दिया गया। मांग पत्र में लोहरदगा जिला बालू पर झारखंड राज्य सरकार की ओर से प्रतिबंध है। बालू उठाव पर कुछ व्यक्ति विशेष लोगों को ही जिला एवं प्रखंड में बालू उठाव की अनुमति दी गयी है। जिससे केंद्र सरकार की कई योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, निजी एवं सरकारी योजनाएं प्रभावित हो रही हैं। लाभुक को बालू नहीं उपलब्ध होने का कारण आवास निर्माण नहीं करा पा रहे हैं और प्राथमिकी दर्ज कराई जा रही है। जिससे लाभुकों को परेशानी हो रही है। लोहरदगा जिला के कई योजनाएं अधूरी पड़ी है। लोहरदगा जिला के बालू की गुणवत्ता उच्च स्तर होने के कारण यहां बालू को हाईवा ट्रकों से बाहर भेजा जा रहा है, जिससे जिले का राजस्व की भी हानि हो रही है। महामहिम से आग्रह है किया कि शीघ्र ही संज्ञान में लेकर बालू उठाव पर लगे प्रतिबंध को हटाया जाये, जिससे आम लोगों को आसानी से बालू लाभुकों को उपलब्ध हो सके विकास योजना को गति प्राप्त हो सके।धरना कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि बालू उठाव में हो रही मनमानी और लाभुकों को परेशानी को परेशानी का सामना कर रहे हैं इसमें सबसे बड़ी भूमिका प्रशासन एवं सरकार की है। प्रवीण सिंह ने कहा कि यदि वर्तमान झारखंड सरकार बालू उठाव पर ठोस निर्णय नहीं लेती है तो अविलंब प्रधानमंत्री आवास योजना को पूर्ण करने के लिए भाजपा ट्रैक्टरों के माध्यम से लाभुकों को बालू उपलब्ध कराने का आह्वान किया। कहा कि झारखंड में खनिज संपदा, बालू माफियाओं में सोरेन परिवार के सदस्य नाम शामिल हैं। सरकार के मंत्री को एक निर्धारित राशि पहुंच रही इसलिए माफिया गिरी हावी है। मौके पर पर्यावरण सरंक्षण व हरियाली के लिए फलदार व छायादार पौधों का वितरण किया गया। मौके पर रमेश उरांव, ओम सिंह, नवीन कुमार टिंकू, हर्षनाथ महतो, सामेला भगत, सूरजमोहन साहू अनिल उरांव, बजरंग उरांव, पशुपति नाथ पारस, सुरेश बैठा, मोहन साहू, सजल कुमार, मनिष शिखर, जिआउल हक अशर्फी, रामजीत सिंह, मोती उरांव, कलावती देवी, मीना बाखला, बुधन देवी, बिंदिया देवी, सरिता देवी, मंजू देवी, जितेंद्र महतो सहित सैकड़ो ग्रामीण, लाभुक व भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।

# दुर्गा पूजा को लेकर सेन्हा थाना में शांति समिति की हुई बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



सेन्हा/लोहरदगा। आगामी दुर्गा पूजा को लेकर सेन्हा थाना परिसर में शांति समिति का बैठक जिप सदस्य राधा तिर्की की अगुवाई में हुई। बैठक में थाना क्षेत्र अनंर्गत विभिन्न गांवों का दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारी उपस्थित थे। उपस्थित दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारियो ने त्योहार के बारे चर्चा करते हुए दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने और पूजा पर आयोजित होने वाला कार्यक्रम के बारे में बीडीओ चोपड़ा, सीओ और थाना प्रभारी ऋषिकांत को विस्तार पूर्वक बताया। वही बीडीओ श्री चोपड़ा ने कहा की पर्व त्योहार शांति पूर्ण माहौल में आपसी भाईचारगी और प्रेम के साथ मनाये परन्तु कही पर किसी तरह से परेशानी होती है या तो असामाजिक तत्वो द्वारा माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया जाता है तो यथाशीघ्र प्रसाशन को सूचना दे। वही थाना प्रभारी ऋषिकान्त ने कहा कि पूजा के दौरान सुरक्षा का पुख्ता इन्तिजाम करने का प्रयास होगा। कोई भी व्यक्ति किसी के बहकावे में आकर मोबाइल, व्हाट्सअप या अन्य किसी माध्यम से शान्ति भंग करने का कार्य करेंगे तो उस पर आपराधिक मामला दर्ज करते हुए कानूनी करवाई किया जायेगा। चेहल्लुम मेला हो या दुर्गा पूजा सभी लोग शांति व सौहार्द से त्योहार मनाये और भाईचारा का परिचय दे। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम, प्रमुख फूलझरी उरांव, उप प्रमुख पॉल पन्ना,मुखिया शोभा देवी, पार्वती उरांव, धनबाज उरांव, ए एस आई राजेश शर्मा के अलावे महाबीर साहु, इम्तियाज अन्सारी, मिथलेश मिश्रा, फज्ल्ल अब्बास, नीलेश महतो, गुजरात खान, नंदकिशोर शुक्ला, सौकत अंसारी सहित सभी पूजा पंडाल के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद थे।

## जागृति स्वयं सहायता समूह के अनियमितता मिलने पर मुखिया पहुंची जांच में

**चंदवा।** चंदवा के अलोदिया पंचायत के लोगों ने जागृति स्वयं सहायता समूह पर आरोप लगाया था कि स्वयं सहायता समूह के द्वारा कार्ड धारियों को राशन कार्ड के हिसाब से एक कार्ड के 4 किलोग्राम कम मिलता है पूर्व में कार्ड धारियों द्वारा जागृति स्वयं सहायता समूह के गलत करने पर हंगामा किया था उसी में चंदवा प्रखंड के एमओ विजय कुमार निर्देश पर पंचायत सचिव उमाशंकर सिंह और अलोदिया पंचायत की मुखिया फुल जंसिया टोप्पो जागृति स्वयं सहायता समूह के दुकान पर पहुंच कर जांच पड़ताल किया और पाया कि आज राजस्थान कार्ड धारियों को सही से दिया जा रहा है आज किसी को काटा नहीं जा रहा है परंतु पूर्व में जागृति स्वयं सहायता समूह के लोगों के द्वारा कम राशन देने पर सूचना बीडीओ सह एम ओ और मुखिया को लिखित सूचना दी गयी थी।

# सीएचसी में भवन विभाग के खिलाफ पुतला दहन किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**चंदवा।** चंदवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में झारखंड विकास समिति के बैनर तले भवन विभाग लातेहार के खिलाफ पुतला दहन का आयोजन किया गया वही पुतला दहन करने के क्रम में समाजसेवी रवि कुमार डे ने कहा कि चंदवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा के सभी नागरिकों का है यह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इकलौता है जो डेढ़ लाख आबादी को स्वास्थ्य की रक्षा के लिए कार्य करता है परंतु कुछ दिन पूर्व से हम लोग देखते आ रहे हैं कि भवन विभाग लातेहार के द्वारा बाउंड्री वाल भवन निर्माण और जमीन पर पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य किया जा रहा है अरे देख कर लग रहा है कि यह निर्माण कार्य भ्रष्टाचार का वेट करता दिखाई दे रहा है पूर्व में हम लोगों के द्वारा निरीक्षण किया गया देखा गया कि कार्य में भारी अनियमितता हो रही है जिसका हम लोगों ने कड़ा विरोध किया था। उसके बावजूद भी लातेहार के कार्यपालक अभियंता मौके पर इंद्रजीत सहा बनती शंकर बैठा रामवृक्ष प्रजापति सुरेश राम समेत कई लोग इस कार्यक्रम में मौजूद थे।

## छात्राओं के बीच बढ़ते अपराध और यातायात के नियमों के लिए जागरूकता अभियान चला



**कैरो/लोहरदगा।** कैरो थाना पुलिस ने बुधवार को डॉ अनुग्रह नरायन प्लस टू उच्च विद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच बढ़ते अपराध एवं यातायात के नियमों के लिए जागरूक किया गया। मौके पर थाना के एसआई किरण पंडित के द्वारा समाज में बढ़ रहे महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों जैसे- महिलाओं एवं बच्चों की मानव तस्करी, उत्पीड़न, जबरन मजदूरी, जबरन विवाह कराना आदि अन्य अपराधों के संबंध में जानकारी दी गयी और सभी को बताया गया कि जागरूकता ही इन अपराधों से बचने का एक महत्वपूर्ण तरीका है। शादी और नौकरी आदि के नाम पर किसी भी व्यक्ति के झांसे में ना आये तथा इसकी पूरी जांच पड़ताल कर लें एवं युवा और स्कूली बच्चे किसी भी व्यक्ति द्वारा दिये जाने वाले प्रलोभनों में ना आयें। वहीं इस प्रकार के अपराध की जानकारी मिलने पर शीघ्र ही इसकी सूचना पुलिस को दिए जाने के संबंध में अपील की गयी। उनहोने नशे के दुष्परिणामों के बारे में बताते हुए कहा गया कि वर्तमान में प्रचलित विभिन्न प्रकार के नशीले पदार्थो के सेवन से हमें कई मानसिक, शारीरिक एवं आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ता है और दिन प्रतिदिन हमे इसके बुरा प्रभाव देखने को मिल रहे है। क्योंकि नशीले पदार्थों का सेवन करने वाले व्यक्तियों से समाज भी दूरी बनाएं रखता है। इसीलिए अवैध रूप से समाज में प्रचलित विभिन्न नशीले पदार्थो के सेवन से हमे बचना चाहिए। इस दौरान पुलिस द्वारा दी जाने वाले सहयोग से भी रूबरू कराया। इस मौके पर थाना के दलबल मैजूद थे।

## स्वयंसेवकों ने चलाय जागरूकता अभियान



**लातेहार।** शहर के बनवारी साहु महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वाधान में राष्ट्रीय पोषण माह के तहत महाविद्यालय के पोषक क्षेत्र बानपुर में जागरूकता अभियान चलाया गया। इसकी अगुवाई करते हुए एनएचएस के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी नवल किशोर प्रसाद ने ग्रामीणों को पोषण की जानकारी दी। उन्होने कहा कि स्वस्थ्य रहने के लिए पोषण की जानकारी आवश्यक है। उन्होने कहा कि पोषण स्वास्थ्य का केंद्रीय बिंदु है। पोषण युक्त आहार हमें काम करने के लिए शक्ति व उर्जा प्रदान करता हैं।

## भाजपाइयों ने की बूस्टर डोज लेने की अपील



**लातेहार।** सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत बुधवार को भाजपाइयों ने धर्मपुर मोड़ के समीप बने आयुष हेल्थ व वेलनेस सेंटर में बूस्टर डोज टीकाकरण अभियान चलाया। इस दौरान भाजपाईयो ने लोगों को कोरोना का बूस्टर डोज लेने की अपील लोगो से की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरीय भाजपा नेता नरेश पाठक तथा अशोक तिवारी उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नगर मंडल अध्यक्ष रितेश कुमार निक्कू ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से आगामी दो अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा भाजपाइयों के द्वारा मनाया जा रहा है। इसी क्रम में यह अभियान चलाया गया है।

## सड़क दुर्घटना, तीन युवक गंभीर रूप से घायल



**लोहरदगा।** शहरी क्षेत्र के शंख नदी के समीप दूध डेयरी के पास अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को धक्का देकर फरार हो गया। जिसके कारण मोटरसाइकिल सवार युवाओं को ट्रक से धक्का लगने के कारण गंभीर चोट आई है। बाइक में 3 लोग सवार थे। जिसमें विजय उरांव पिता करमा उरांव, दुर्गा उरांव पिता फगुआ उरांव, बबलू राम पिता जिरकू राम सभी ग्राम बीजूपाड़ा चान्हो रांची का रहने वाला है। सभी का उम्र करीब 18 से 22 वर्ष के लगभग है। विजय उराव का दाहिना पैर दो जगह टूट गया है। तीनों व्यक्ति लोहरदगा थाना क्षेत्र के यूरिया करम टोली अपने बहनोई के घर से बिजुपाड़ा जा रहे थे। तभी दूध डेयरी शंख नदी के समीप अज्ञात ट्रक के चपेट में आ गया। सूचना मिलने पर चौकीदार समसुल अंसारी पहुंचे और राहगीरों के सहयोग से अपनी अल्टो कार में बिठाकर तीनों को सदर हॉस्पिटल लोहरदगा पहुंचाया। वही घटना की जानकारी परिजनों को दे दी गयी। इधर लोहरदगा थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर जांच में जुट गयी है।

## कोविड टीकाकरण कार्यक्रम का आयोजन



**मनिका (लातेहार)।** मनिका प्रखंड में सेवा पखवाड़ा के तहत कोविड टीकाकरण कार्यक्रम बूस्टर डोज दिलाया गया। इस कार्यक्रम नेतृत्व मंडल के कार्यक्रम प्रभारी जिला कार्यसमिति सदस्य सत्यनारायण प्रसाद ने किया। मौके में पूर्व जिला परिषद सदस्य महेश सिंह जिला कार्यसमिति सदस्य कौशल किशोर प्रसाद मीना तिवारी एससी मोर्चा जिला अध्यक्ष पवन पासवान सांसद प्रतिनिधि विश्वनाथ राय जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा सुमन कुमार यादव एसटी मोर्चा जिला महामंत्री संदीप उरांव ओबीसी मोर्चा जिला सोशल मीडिया प्रभारी अमर दीप कुमार पंचायत समिति सदस्य विकास तिवारी मंडल उपाध्यक्ष अजय गुप्ता विनोद यादव युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अंकित राज संतोष यादव अनुज पासवान रोशन कुमार चंदन कुमार समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## यूनुस अंसारी बने किस्को प्रखंड कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष, कार्यकर्ताओं ने बधाई दी



**किस्को/लोहरदगा।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी ने राज्य के सभी जिलों के प्रखंडो के नये प्रखंड अध्यक्ष के नाम की घोषणा कर दिया है। इसी बीच लोहरदगा जिले के किस्को प्रखंड के नये अध्यक्ष के रूप में आलाकमान ने प्रखंड अध्यक्ष के रूप में किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत परहेपाट के हिरदेटोली निवासी युनूस अंसारी को अध्यक्ष बनाया गया है। इधर युनूस अंसारी को आलाकमान की ओर से अध्यक्ष बनायें जाने पर कांग्रेस कमिटी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है। बधाई देने वालों में जफर इमाम, परहेपाट पंचायत अध्यक्ष कबीर अंसारी, हिसरी पंचायत अध्यक्ष शेख सादिक, देवदरिया पंचायत अध्यक्ष कामिल टोपनो, पाखर पंचायत अध्यक्ष राजेन्द्र यादव, खरकी पंचायत अध्यक्ष तबरेज आलम, बेटहट पंचायत अध्यक्ष मनीष कुजूर, बगडू पंचायत अध्यक्ष प्रकाश उरांव, अरेया पंचायत अध्यक्ष खलील अहमद, नवाडीह पंचायत अध्यक्ष नसीम अंसारी सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हैं। इधर कार्यकर्ताओं ने कहा कि युनूस अंसारी को किस्को प्रखंड कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष बनाये जाने से निश्चित रूप से किस्को प्रखंड क्षेत्र के सभी गांव टोला मुहल्ला में कांग्रेस पार्टी को मजबूती प्रदान होगी।

## इफको का एक दिवसीय उर्वरक विक्रेता प्रभारी परीक्षण कार्यक्रम का आयोजन



**लोहरदगा।** इफको द्वारा एक दिवसीय उर्वरक विक्रेता प्रभारी परीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सहायक कृषि पदाधिकारी कुलदीप ओहदार, तकनीकी सहायक लोहरदगा दिनेश कुमार के साथ जिला के समस्त खुदरा एवं थोक उर्वरक विक्रेताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आने वाले रबी के मौसम में किस प्रकार आलू, सब्जी मटर एवं अन्य रबी फसलों की खेत उन्नत एवं वैज्ञानिक विधि से की जाए पर चर्चा किया गया। नवीनतम एवं आधुनिक कृषि प्रणाली की जानकारी प्राप्त कर उसे किसानों के खेतों तक ले जाने का प्रयास करें। इफको के प्रबंधक चन्दन कुमार ने उपस्थित प्रतिभागियों से आग्रह किया की चूँकि यह नैनो तकनीक से बना उर्वरक है जो पारम्परिक यूरिया के जगह पर प्रयोग होता है और फसलों में काफी प्रभावी तरीके से काम करता है कइस अवसर पर विस्तार से नैनो यूरिया के प्रयोग, लाभ एवं सावधानी के बारे में जानकारी दी गयी।

## बालूमाथ में तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन



**बालूमाथ।** कृषि विज्ञान केंद्र बालूमाथ लातेहार में तीन दिवसीय अंतः परिसर प्रशिक्षण दिनांक 21 से 23 सितंबर 2022 तक आयोजन किया गया है। इसमें ग्रामीणश है और महिलाएं भाग लेकर बरसाती सब्जियों का खाद्य उत्पाद के बारे में जानकारी ले रही है और इसे व्यवहारिक रूप से अपनाकर अपने आप को आत्मनिर्भर बनाने का कोशिश कर रही है। बरसाती मौसम में खासकर जंगल में होने वाले खुखड़ी और बस करील को वैज्ञानिक विधि से हम कैसे सालों भर रखकर उसके पोषक तत्व को बचा सकते हैं। इस प्रशिक्षण में डॉ सुनीता कुमारी कमल ने बहुत अच्छे तरीके से 3 दिनों में व्यवहारिक रूप से हम कैसे इसके पोषक तत्व को बचाकर हम अपने संतुलित आहार में कैसे शामिल कर सकते हैं। इसके बारे में बताया उन्होंने बताया कि खासकर बरसात में होने वाले खुखडी और बस करील को लोग सीजन में ही खा पाते हैं बाद में इसको नहीं खा पाते हैं इसके लिए बहुत जरूरी है कि दोनों सब्जियों को हम सालों भर कैसे सुरक्षित रख सकते है इसके बारे में बताया।

## जलजमाव से भूमिगत पथ बना जी का जंजाल

**लातेहार।** सदर प्रखंड के रिचुघुटा रेलवे लाइन में बनाया गया भूमिगत पथ लोगों के लिए जी का जंजाल बन गया है। बरसात का पानी भूमिगत पथ में जम जाने के कारण इस पथ पर पैदल आवागमन करना मुश्किल हो गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कई बार रेल प्रबंधन से इस समस्या का सामाधान करने का आग्रह किया गया है, लेकिन अभी तक कोई पहल नहीं हुआ है। ग्रामीण बसंत सिंह ने बताया कि भूमिगत पथ में पानी की निकासी कोई समुचित व्यवस्था नहीं की गयी है।

## कार्यक्रम : लोहरदगा के विद्या मंदिर में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

# ऐसे आयोजनों से बच्चों में विज्ञान के प्रति समझ और जागरूकता आती है : सच्चिदानंद

आजाद सिपाही संवाददाता




**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रांतीय योजना अनुसार प्रत्येक वर्ष शिशु-विद्या मंदिर में भैया-बहनों में छिपे वैज्ञानिक प्रतिभा को उभारने के उद्देश्य निर्धारित विषयों पर विद्यालय स्तर पर प्रदर्श का निर्माण कराया जाता है। इस कड़ी में इस वर्ष प्रांत द्वारा बाल वर्ग एवं किशोर वर्ग के लिए निर्धारित विषयों में बाल वर्ग में प्रकाश एवं इसके अनुप्रयोग, जंतु एवं वस्त्र उत्पादन, वायु अथवा जल प्रदूषण, संवेदको पर आधारित प्रदर्श एवं किशोर वर्ग में प्रकाश के स्पेक्ट्रम के अनुप्रयोग, मानव उत्सर्जन तंत्र, ध्वनि तरंग, सेंसर आधारित प्रदर्श एवं नवाचार पर विद्यालय के भैया-बहनों ने आकर्षक प्रदर्श बनाया। जिसका प्रदर्शनी विद्यालय के वीर बुधु भगत सभागार में लगायी गयी। विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघचालक सच्चिदानंद लाल, विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के उपाध्यक्ष विनोद राय, सचिव अजय प्रसाद, सदस्य शोभा देवी, शिक्षाविद बलदेव साहू महाविद्यालय के रसायन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर शशि गुप्ता, पुष्कर महतो, सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे एवं विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य विपिन कुमार दास ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लोहरदगा जिला प्रचारक दीपक कुमार एवं विस्तारक अजय कुमार, निर्णायक पवन राय, सरस्वती शिशु/ विद्या मंदिर चापी के शिक्षक आकाश कुमार उपस्थित थे। आगत अतिथियों का परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य विपिन कुमार दास ने कराया। उपस्थित भैया बहनों को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य विपिन कुमार दास ने कहा कि इस प्रकार का आयोजन से बच्चों में वैज्ञानिक चेतना का विकास होता है। कार्यक्रम की भूमिका विज्ञान आचार्य राजीव कुमार सिंह ने दिया। इस अवसर पर विद्यालय के बहनों द्वारा निमार्णों के पावन युग में हम चरित्र निर्माण न भूलें गीत प्रस्तुत किया गया। कक्षा नवम की बहन मुस्कान वर्मा द्वारा कोविड-19 पर मनोवैज्ञानिक प्रभाव का पीपीटी के द्वारा प्रस्तुति किया गया। बतौर मुख्य अतिथि सच्चिदानंद लाल ने भैया-बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन से बच्चों ने विज्ञान के प्रति समझ और जागरूकता बढ़ती है।

## नगर परिषद अध्यक्ष-उपाध्यक्ष ने किया बाजार टांड़ में नवनिर्मित बोरवेल का उद्घाटन



**गुमला (आजाद सिपाही)।** नगर परिषद गुमला के अध्यक्ष दीपनारायण उरांव और उपाध्यक्ष कलीम अख्तर ने बुधवार को नगर परिषद द्वारा सौर ऊर्जा आधारित एचवाईडीटी बोरवेल से जलापूर्ति योजना का उद्घाटन किया। इस बोरवेल का निर्माण वार्ड नंबर 9 स्थित बाजार टांड़ में किया गया है। उद्घाटन के बाद नगर परिषद अध्यक्ष दीप नारायण उरांव ने कहा कि पेयजल हर व्यक्ति की जरूरत है। बाजार टांड़ में सप्ताह में दो बार हजारों की भीड़ होती है। ऐसे स्थान में बोरवेल का निर्माण एक सुखद एहसास है। वहीं उपाध्यक्ष कलीम अख्तर ने कहा कि यूं तो इसका उपयोग सालों भर किया जायेगा लेकिन बोरवेल गर्मियों में अमृत का काम करेगा। आसपास के लोगों के साथ साथ दूरदराज से सब्जी व अन्य सामग्री बेचने के लिए आये लोग इस बोरवेल से लाभान्वित होंगे। उन्होंने आसपास के लोगों से आग्रह किया कि बोरवेल के रखरखाव पर विशेष ध्यान दें, क्योंकि यह बोरवेल आम जनों की सुविधा के लिए लगाया गया है। मौके पर वार्ड पार्षद आरिफ आलम, सीता देवी, तरनीका कच्छप, रेहान अहमद, नगर परिषद के जेई मनीष कुमार सिटी मैनेजर हिमांशु मिश्रा सहित सैंकड़ों मोहल्लेवासी उपस्थित थे।

## श्री सर्वेश्वरी समूह का 62 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया



**गुमला (आजाद सिपाही)।** श्री सर्वेश्वरी समूह का 62वां स्थापना दिवस समारोह स्थानीय सर्वेश्वरी समूह प्रार्थना गृह में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः प्रभातफेरी से की गयी। अघोरेश्वर महाप्रभू के चित्र को पुष्प से सुसज्जित वाहन में अधिष्ठापित कर धर्मबंधुओं और माताओं द्वारा अघोरेश्वर की जयकारा के साथ नगर का परिभ्रमण किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे। प्रभात फेरी के पश्चात प्रातः नौ बजे से पूजा-अर्चना तथा सफल योनी का पाठ किया गया। अपराह्न में सर्वेश्वरी समूह का उद्धेश्य विषय पर एक पारिवारिक गोष्ठी का आयोजन भी प्रार्थना गृह के प्रांगण में किया गया। गोष्ठी में वक्ताओं ने समूह के उद्धेश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। तत्पश्चात संध्या में अघोरान्ना परो मंत्र कीर्तन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## नवरात्र और दुर्गा पूजा को लेकर सचिव ने प्रशासन के समक्ष रखी मांग

गुमला (आजाद सिपाही)। नवरात्र और दुर्गा पूजा को लेकर पिछले दिनों बड़ा दुर्गा मंदिर के प्रागंण में नगर सहित निकटवर्ती गांवों के दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष, सचिवों की बैठक बुलाई गई थी। जिसमें पूजा के दौरान प्रशासनिक स्तर से अपेक्षित बुनियादी सुविधाओं को लेकर बड़ा दुर्गा मंदिर के सचिव रमेश कुमार 'चीनी' ने एक ज्ञापन गुमला के उपायुक्त को सौंपा है। पूजा के दौरान पानी, बिजली और नगर की साफ सफाई की ओर ध्यानाकृष्ट करते हुए सचिव के द्वारा कहा गया है कि सभी पूजा पंडालों में पेयजल की उपलब्धता और पूजा स्थल के समीपस्थ स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रशासन को सचेत रहना चाहिए। शहर के मुख्य पथों सहित सभी मुहल्लों में प्रकाश की समुचित व्यवस्था हो। नगर में लगे अधिकांश हाईमास्ट लाईट बुझे हुए जिन्हें पूजा के पहले ठीक करा लेना भी अपेक्षित है। शहरी इलाके में बिजली के तार कहीं कहीं लुंजपुंज होकर झूल रहे हैं तथा सड़क किनारे खड़े पेड़ों की सूखी टहनियां दुर्घटना को आमंत्रण दे रही हैं। झुके हुए बिजली के तारों को ठीक करते हुए पेड़ के सूखी टहनियों का कटाव सुरक्षा के दृष्टिकोण से जरूरी है। सप्तमी की रात्रि से लेकर दशमी तक सड़कों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। ऐसे में संभावित दुर्घटना को देखते हुए शहर में भारी वाहनों का प्रवेश निषेध व नो इंट्री का कड़ाई से पालन भी अनिवार्य है। जशपुर रोड स्थित दुर्गा बाड़ी के पास मांस-मछली की बिक्री होती है। पूजा के दौरान लोगों की धार्मिक भावना आहत न हो इसे ध्यान में रखते हुए इन दुकानों को पूजा अवधि में अन्यत्र किया जा सकता है।

### धर्म परिवर्तन विवाद : सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा पर धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने का आरोप

# पीड़िता ने उपायुक्त से न्याय दिलाने की लगायी गुहार

**पीड़िता संचिता एक्का ने आवेदन में कहा है कि उसका मुंहबोला भाई अनूप भारती ने विधायक की भांजी से शादी की है, इसलिए धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाया जा रहा है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा पर जबरन धर्म परिवर्तन करने का दबाव बनाने और एक महिला को प्रताड़ित करने का गंभीर आरोप लगा है। गुमला जिले के पालकोट प्रखंड के पोजेंगा निवासी रश्मि संचिता एक्का नामक महिला ने गुमला उपायुक्त सुशांत गौरव को न्याय संगत कार्रवाई के लिए आवेदन दिया है। जिसमें सिमडेगा विधायक पर आरोप लगाते हुए कहा है कि उसका मुंहबोला भाई अनूप भारती जो कि राजकीय प्राथमिक विद्यालय दोदांग घाघरा में शिक्षक है, जिसका प्रेम प्रसंग सोनी मिंज के साथ चल रहा था। गत 2 जनवरी 2018 को उन दोनों ने कोर्ट के माध्यम से शादी भी कर ली थी। जिसके बाद उन्होंने चर्च में शादी कर ली। अनूप की प्रेमिका सोनी मिंज सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा की भांजी बतायी जा रही है। ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि अनूप ने भले ही चर्च में शादी कर ली, लेकिन वह अपने ही धर्म के अनुसर पूजा अर्चना व अन्य धार्मिक नियमों का पालन करता रहा।



रश्मि संचिता एक्का का आरोप है कि सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा उसके भाई अनूप पर धर्म परिवर्तन करने का दबाव बना रहे हैं। ये भी आरोप है कि शादी से पहले भी वे अनूप पर धर्म परिवर्तन करने का दबाव डालते रहे हैं। जिसका रश्मि संचिता ने विरोध किया तो सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने रश्मि संचिता, उसकी मां और उसके भाई के साथ दुर्व्यवहार किया। उसके साथ मारपीट भी की गई। घटना के बाद पीड़िता थाने पहुंच कर मामले की शिकायत की लेकिन थाने में न प्राथमिकी दर्ज की गई और न कोई कार्रवाई की गई। मामले को पीड़िता ने सांसद-विधायक कोर्ट रांची में दर्ज कराया। उसने मुख्यमंत्री जनसंवाद में भी इस घटना की जानकारी दी। मुख्यमंत्री जनसंवाद से कार्रवाई का आदेश आने के वावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई। जब मामला एमपी एमएल कोर्ट में चला गया तब विधायक भूषण बड़ा केस वापस लेने के लिए विभिन्न माध्यमों से रश्मि संचिता पर दबाव डाल रहे हैं।

रश्मि का कहना है कि उसके भाई अनूप भारती पर स्कूल में भी गोली चलायी गयी। लेकिन कोई शिकायत लेने के लिए तैयार नहीं है। पीड़िता ने इस बार गुमला उपायुक्त के समक्ष न्याय की गुहार लगायी है।

सूत्र बताते हैं कि उपायुक्त ने पूरे मामले की जांच के लिए सिमडेगा एसपी को पत्र लिखा है। इस घटना के बाद सियासी बाजार गर्म हो चुका है। रश्मि संचिता द्वारा उपायुक्त को आवेदन देने के बाद सियासी गलियारों में यह मामला तूल पकड़ने लगा है। विपक्ष सीधे-सीधे भूषण बाड़ा पर कार्रवाई करने की मांग कर रहा है।

## राष्ट्रीय तेली महासंगठन ने चैनपुर में किया संगठन विस्तार

**अपने हक के लिए सड़क से संसद तक करेंगे आवाज बुलंद : दिलीप निलेश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय के प्रेम नगर स्थित संकट मोचन मंदिर प्रांगण में बुधवार को राष्ट्रीय तेली महासंगठन की बैठक चंद्रेश्वर साहू की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वप्रथम मां कर्मा देवी एवं जय भामाशाह के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बैठक का शुभारंभ किया गया।

इस बैठक में राष्ट्रीय तेली महासंगठन के प्रखंड अध्यक्ष का चुनाव किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से रामदेव साहू को प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया। वहीं युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार साहू को चुना गया। तत्पश्चात कार्यकारिणी समिति का चुनाव किया गया। इस बैठक में महान दानवीर भामाशाह जी के योगदान को याद किया गया और उनके किए गए कार्यों की चर्चा की गई। इस मौके पर चंद्रेश्वर प्रसाद ने कहा कि हमारे समाज को संगठित होने की आवश्यकता है। संगठन में ही शक्ति है। हमें एक डोर में बंध कर समाज को आगे बढ़ाना है। वहीं जिला अध्यक्ष दिलीप नीलेश ने कहा कि हक और अधिकार के लिए जिस हद तक गुजरना हो, राष्ट्रीय तेली महासंगठन वहां तक जाने के लिए तैयार हैं। अपने समाज के हित के लिए सड़क से संसद तक आवाज बुलंद करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अगर हम सभी एक होंगे तभी हमारी आवाज बुलंद हो सकेगी।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष रामदेव साहू ने कहा कि समाज को सशक्त बनाना है। जिससे हमारा समाज सांगठनिक तौर पर और मजबूत हो सके। नवचयनित अध्यक्ष ने कहा कि उन्हें जो दायित्व सौंपा गया है, उसपर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। बैठक में संगठन को मजबूती बनाने पर भी चर्चा हुई। इस अवसर पर युवा मोर्चा के नवचयनित अध्यक्ष मनोज साहू ने अपने मंतव्य दिए। मौके पर मुख्य रूप से गोपाल कुमार, संजय कुमार साहू, विनोद कुमार साहू, पतेश्वर साहू, शशि भूषण साहू, उदित प्रसाद साहू, मनोरंजन कुमार, रामदेव साहू, अशोक कुमार, अमर साव, सुबोध साव, अजीत साव, दीपक कुमार साहू, आतीश साहू, नंदकिशोर प्रसाद, गायत्री देवी, चिंता देवी, प्रियांशु कुमार, बिजय साहू सहित कई लोग उपस्थित थे।

## जतरा टाना के गृह प्रखंड में चहुंओर मची है लूट : झानद

**झानद व महिला मंडल सहयोग संचालन समिति ने जागो अभियान के तहत की बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल व महिला मंडल सहयोग संचालन समिति बिशुनपुर प्रखंड के तत्वावधान में जागो अभियान के तहत पुराना ब्लॉक के समीप बैठक की। बैठक में जन सत्याग्रह कार्यक्रम की तैयारी को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। दल के वरिष्ठ नेता ननकू खेरवार व महिला नेत्री बिरजीनिया मिंज ने संयुक्त रूप से बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी स्व. वीर जतरा टाना भगत का गृह प्रखंड बिशुनपुर में चहुंओर लूट मची है। यही कारण है कि यहां के गरीब, बेरोजगार, मजदूर व महिलाएं बड़ी संख्या में रोजी-रोटी की तलाश में पलायन व मानव तस्करी का शिकार हो रहे हैं। श्री सिंह ने यह भी कहा कि महिला मंडल के नाम से प्राप्त योजना व राशि भी भ्रष्टाचार का भेंट चढ़ गई है। उन्होंने भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी व गुमला को रेल लाइन से जोड़ने तथा जनसमस्याओं को लेकर होनेवाली 28 सितंबर 2022 को शहीद भगत सिंह की जयंती पर जिला मुख्यालय गुमला में आयोजित जन सत्याग्रह कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में भाग लेने की लोगों से अपील की। रैयत व मजदूर नेता प्रकाश उरांव व बिरजीनिया मिंज ने कहा कि पहाड़ में बसा बिशुनपुर के आम लोग शोषित पीड़ित हैं। महिला मंडल की प्रतिनिधियों ने कहा कि आज भी महिलाएं दिल्ली जैसे महानगर में नाबालिग बच्चियां बेची जा रही हैं। बैठक में झानद किसान मंच आदित्य सिंह, रामप्यार तूरी, नंदू उरांव, मंगरू उरांव, अंजन उरांव, सोनू उरांव, विनोद असुर, रामलाल असुर, जसींता कुजूर, एलिजाबेथ चौराठ, पुटकी उरांव, बासमुनी उरांव, प्यारी कुजूर, अमिता उरांव, शिमला देवी, चिंता उरांव, अनीता उरांव, राजमुनी उरांव, उषा देवी सहित काफी संख्या में दल व महिला कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बैठक : उपायुक्त ने की भूअर्जन से संबंधित परियोजनाओं की समीक्षा, दिये निर्देश

# 30 सितंबर तक विवादित रैयती जमीन के मामलों का करें निपटारा

**रैयतों की भूमि का बंदोबस्ती कर भुगतान राशि प्रदान करने के दिये निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** आज उपायुक्त गुमला सुशांत गौरव की अध्यक्षता में भूअर्जन से संबंधित सभी क्रियात्मक परियोजनाओं की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन उपायुक्त सभाकक्ष में किया गया। बैठक में मुख्य रूप से अपर समाहर्ता, डीसीएलआर गुमला, पीडी एनएचएआई गुमला, डीपीएमयू के अलावा अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

बैठक में उपायुक्त द्वारा भूअर्जन अंतर्गत चल रहे सभी 21 परियोजनाओं की गहनता पूर्वक समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिया गया।

उपायुक्त ने 30 सितंबर तक सभी परियोजनाओं के अंतर्गत विवादित रैयती जमीन के मामलों की बंदोबस्ती करते हुए भुगतान राशि प्रदान करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने सभी रैयतों का भुगतान राशि शत प्रतिशत करने की बात कही अन्यथा राशि को कोर्ट में जमा किया जाएगा।

2 अक्टूबर से पूर्व कंटेंजेंसी मद से ऑफिस की आवश्यकताओं को देखते हुए सामानों को खरीदने का निर्देश दिया गया। ऑफिस में वाईफाई, कंप्यूटर, मोबाइल, लेजर लाइट , कैमरा आदि के अभाव से कार्यों में बाधा न आये जिसके लिए इन



सभी चीजों की आवश्यकता को देखते हुए खरीद करने करने की बात कही। साथ ही भूअर्जन अंतर्गत सभी प्रोजेक्ट के कॉन्टिजेंसी मद के खर्च का विवरण हेतु संचिका उपलब्ध कराने का निर्देश दिया

उपायुक्त ने कहा कि सिसई के बाईपास रोड में नाली का प्रावधान नहीं होने के कारण रोड टूट रहे हैं। इस विषय पर अपर समाहर्ता ने पीसीसी करने का सुझाव दिया। जिसपर उपायुक्त ने जल्द ही उचित निर्णय लेते हुए रोड को दुरुस्त करने हेतु पीडी एनएचएआई को निर्देश दिया। कामडारा -बसिया (एनएच 143 डी) का एलाइनमेंट चेंज हुआ है। जिसकी पुष्टि एनएचएआई द्वारा की जानी है। पीडी एनएचएआई द्वारा बताया गया कि स्पॉट वेरिफिकेशन का कार्य प्रारंभ जल्द ही कर दिया जाएगा। जिसपर उपायुक्त ने कामडारा तथा बसिया के अंचल कार्यालयों में कैंप करते हुए खतियानों व जमीन की पुष्टि कर मामलों का निष्पादन करने का निर्देश दिया। भारत माला प्रोजेक्ट के तहत स्रंचनों का सही तरीके से पुष्टि करने का निर्देश दिया साथ ही उन्होंने इसका फोटो जियो टैगिंग पीएस, आरएस , एसएस से करने की बात कही। 15 अक्टूबर तक इसका वास्तविक आंकलन कर सरकार (केंद्र ) को राशि का प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया गया। गुमला के शहरी पेयजलापूर्ति योजना अंतर्गत लंबित राशि में तत्काल वितरण योग्य राशि का अविलंब भुगतान करने का निर्देश डीएलएओ को दिया गया।

डीसीएलआर गुमला द्वारा बताया गया कि पुलिस लाइन चंडाली योजन अंतर्गत एक पंचाट में एक रैयत का पार्ट पेमेंट करना बाकी है। इसके अलावा लगभग 16 लाख की राशि पीएल खाते में जमा कर दी गई है। जिसपर उपायुक्त ने शेष बचे एक रैयती के मामले को अपर समाहर्ता द्वारा जांच करते हुए उचित निर्णय लेने का निर्देश दिया। उन्होंने रुक्की माध्यम सिंचाई योजना (घाघरा) अंतर्गत लंबित पंचाटी के मुआवजा भुगतान का निपटारा जल्द से जल्द करने का निर्देश दिया। सिसई लापुंग डोरमा पथ चौड़ीकरण योजना (भरनो) अंतर्गत सभी मामलों पर बैठक करते हुए संचिका उपस्थापित करने का निर्देश डीएलएओ को दिया गया।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### बिरकेरा गांव में विशाल अजगर सांप मिलने से क्षेत्र में कौतूहल का विषय बना



**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के बिरकेरा गांव में विशाल अजगर सांप मिलने से क्षेत्र में कौतूहल का विषय बना हुआ है। ग्रामीणों ने अजगर को पकड़कर रामवृत साहू के घर में एक ड्राम में रखा है। जिसे देखने के लिए गांव सहित आसपास के लोगों का तांता लगा हुआ है। अजगर की लंबाई लगभग 10 से 12 फीट के करीब होगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुछ ग्रामीण बीरिया गाढ़ा के पास बुधवार दोपहर पशु चराने गये हुए थे। इसी दौरान कुछ बकरियां चिल्लाते हुए भागने लगीं, बकरियों के भागने का कारण जानने कुछ लोग स्थल पहुंचकर देखा तो वहां विशाल अजगर था। लोगों की आवाज सुनकर अजगर धीरे-धीरे सरकते हुए पास के रामवृत साहू के खेत में चला गया। जिसे रामवृत साहू, महेन्द्र उरांव, चन्दर उरांव, कमलेश साहू, महेश्वर साहू व नारायण साहू ने हिम्मत दिखाते हुए खेत से पकड़ कर बाहर निकाला और ड्राम में रखा। सामाचार लिखे जाने तक अजगर मिलने की सूचना वन विभाग को नहीं दीं गयी थी।

### बीडीओ ने रेफरल अस्पताल में बैठक कर एएनएम और सीएचओ को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

**बसिया (आजाद सिपाही)।** बीडीओ रविन्द्र कुमार गुप्ता द्वारा रेफरल अस्पताल सभागार बसिया में एएनएम और सीएचओ के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। उन्होंने एएनएम और सीएचओ को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि एएनसी 4 की जांच और संस्थागत प्रसव 100 प्रतिशत सुनिश्चित करने, जो निजी क्लीनिक में प्रसव करा रहे हैं उनका सर्वे कर डाटा एकत्र करने, साथ ही कोविड बूस्टर डोज को अधिक से अधिक लोगों को देने का निर्देश दिया। उन्होंने बैठक में उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों को कहा कि वे इस संबंध में लोगो को जागरूक करें और बच्चों का टीकाकरण समय के साथ 100 प्रतिशत सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी उपस्वास्थ्य केंद्र को समय पर प्रतिदिन खोलने की बात भी कही। बैठक में प्रभारी चिकित्सा प्रभारी डॉ विजय लकड़ा, बीपीएम संदीप साहू उपस्थित थे।

### प्रदान संस्था ने रात्रि चौपाल लगाकर ग्रामीणों को स्वच्छता एवं पोषण को लेकर किया जागरूक



**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रदान संस्था द्वारा प्रखंड के भेड़ीसोकरा, सरूडा, तेतरा और लुंगटू में रात्रि चौपाल लगाकर स्वच्छ प्रोजेक्ट के तहत गांव में लोगों को वीडियो के माध्यम से पानी, स्वच्छता और स्वास्थ्य एवं पोषण के बारे में जागरूक किया गया। जिससे ग्रामीणों को साफ सफाई, स्वच्छता, शुद्ध पेयजल एवं शौचालय का उपयोग करना शामिल है। इसमें प्रदान संस्था के शुभांकन, सुमित कुमार, सोनू, राजू, रविन्द्र और रन्थी होरो समेत स्थानीय ग्रामीण शामिल थे।

### पालकोट में मथुरा के महासंत जयगुरुदेव महाराज के मंदिर का हुआ उद्घाटन




**पालकोट (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत बघिमा पंचायत के मनी देव बड़ाईक ने मथुरा के महासंत जयगुरुदेव महाराज के लिये मथुरा की तर्ज पर मंदिर बनवाया है। जिसका आज उद्घाटन को लेकर बिहार के संत रणविजय सिंह का आगमन हुआ। इनका ग्रमीणों के द्वारा भव्य स्वगत किया गया। तत्पश्चात मंदिर का फीता काटकर द्वार खोला गया। मौके पर सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे, जिनको डॉ रणविजय सिंह ने सत्संग सुनाकर मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मनीदेव बड़ाईक, महावीर गोप, सोमा भगत, सीताराम बड़ाईक, शशि भूषण प्रसाद, रूपेश कुमार, प्रभु ठाकुर, पलकी देवी, जसो

### चुंदरी पंचायत सचिवालय में स्वच्छता ही सेवा है कार्यक्रम अभियान चलाया गया

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के चुंदरी पंचायत सचिवालय में स्वच्छता ही सेवा है कार्यक्रम के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस मौके पर मौजूद मुखिया विनीता कुमारी ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत पंचायत सचिवालय की साफ-सफाई की गयी। साथ ही ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक का उपगोग ना करें। घर से ही एक कपड़ा का थैला पकड़ लें और बाजार में जरूरत पर आप उसी थैला का उपयोग करें। इस मौके पर उपस्थित उप मुखिया अजीत मनी पाठक, पूर्व मुखिया आदित्य भगत, वार्ड सदस्य मनमैथ देवी, रोजगार सेवक सुखनाथ राम, श्यामलाल उरांव, दिलीप उरांव, संजेश उरांव, प्रकाश भगत, विनोद उरांव, सुरेंद्र यादव, जगमनिया देवी, सुदर्शन उरांव, सुरेंद्र यादव, कैलाश महतो, कालेश्वर भगत, सिमला उरांव, आनंद महली सहित कई लोग उपस्थित थे।दा देवी, अनुराधा देवी, दिनेश अरोड़ा मौजूद थे।

### सर्वेश्वरी बाल मंदिर विद्यालय घाघरा में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा सर्वेश्वरी शाखा समूह द्वारा संचालित सर्वेश्वरी बाल मंदिर विद्यालय घाघरा में बुधवार को शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वेश्वरी शाखा समूह गुमला शाखा के उपाध्यक्ष अजय प्रसाद, उप प्रमुख शिवा देवी सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से अघोरेश्वर अवधूत भगवान राम और सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा कई हिंदी देशभक्ति व नागपुरी गीतों पर नित्य गीत प्रस्तुत किए गए। साथ ही विद्यालय के बच्चों द्वारा शिक्षकों को उपहार देकर उनका स्वागत किया गया। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते सर्वेश्वरी शाखा समूह गुमला शाखा के उपाध्यक्ष अजय प्रसाद ने कहा कि शिक्षा बिना जीवन अंधकार होता है। आप गुरु बड़े बुजुर्गों का सम्मान करें। अनुशासन में रहकर शिक्षा ग्रहण करें, बड़ों एवं शिक्षकों का आशीर्वाद साथ देता है। वहीं उप प्रमुख शिवा देवी ने कहा कि बच्चे अनुशासन में रहकर पढ़ाई करें। आपको जिस क्षेत्र में रुचि लगती है, आप उस क्षेत्र को ही चुनें ताकि आप अपना कैरियर बना सकें। मौके पर नंदलाल गुप्ता, बलराम सोनी, अनंत पांडे, दिलीप श्रीवास्तव, सुनील गुप्ता, हृदय सोनी, प्रधानाध्यापक जय कुमार दुबे, निरंजन सिंह, नवीन साहू, रेखा देवी, अर्पणा देवी, दीपिका सिंह, रीना देवी, पूनम देवी, मनीषा देवी सहित कई अभिभावक शिक्षक छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# देश को कुपोषण मुक्त करने के लिए सरकार प्रयासरत : सांसद

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय पोषण माह-2022 के मौके पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो, डालटनगंज की ओर से बुधवार को पोषण जागरूकता रथ एवं जागरूकता रैली निकाली गई। राजकीय पिछड़ी जाति आवासीय बालिका उच्च +2 विद्यालय अयोध्या कोल्हुआ, चैनपुर से जागरूकता रथ एवं रैली को मुख्य अतिथि पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम एवं डालटनगंज के विधायक आलोक चौरसिया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव कुमार पुष्कर, जिला कल्याण पदाधिकारी सेवाराम साहू, चैनपुर प्रखंड के बीडीओ गिरवर मिंज, महिला एवं बाल विकास पदाधिकारी लक्ष्मी भारती, आवासीय विद्यालय के प्राचार्य मदन मोहन यादव मौजूद थे। इसके उपरांत सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि भारत सरकार के प्रयासों के द्वारा देश को कुपोषण मुक्त करने का प्रयास किया जा रहा है। सांसद महोदय ने कहा कि इस तरह के अभियान से पलामू के लोगों में पोषण के प्रति महत्वपूर्ण जानकारियां मिलेंगी। पोषण माह का उद्देश्य लोगों को पोषण की आवश्यकता के बारे में जागरूक करना और लोगों की पहुंच उन सरकारी सेवाओं तक बनाना है जो बच्चों, गर्भवती महिलाओं, दूध पिलाने वाली माताओं के लिए पूरक आहार को बढ़ावा देती है। स्थानीय विधायक आलोक चौरसिया ने भी इस तरह के कार्यक्रम की सराहना करते हुए सभी लोगों से पोषण अभियान में भाग लेने की अपील की।



**रंगोली, पेंटिंग्स एवं खेल-कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन**

प्री प्रोगाम के तहत राष्ट्रीय पोषण माह की थीम पर विद्यालय की छात्राओं एवं स्थानीय आंगनबाड़ी कार्यकताओं के बीच रंगोली एवं पेंटिंग्स प्रतियोगिता कराई गई। प्रतिभागियों ने आकर्षक कलाकृति के माध्यम से सही पोषण, देश रोशन का संदेश दिया। इस दौरान महिला और स्वास्थ्य, बच्चा और शिक्षा झ पोषण भी पढ़ाई भी, जल संरक्षण से जुड़ी शिक्षाप्रद रंगोली का बनाई गई। इसके उपरांत छात्राओं के बीच पोषण आधारित लूडो गेम प्रतियोगिता भी कराई गई। इसमें सांप-सीढ़ी के खेल के माध्यम से पोषण की जानकारी देने का प्रयास किया गया है। पोषक खाद्य पदार्थ की माला न टूटने पाए इस पर आधारित आओ खेलें आहार का हार खेल प्रतियोगता का भी आयोजन किया गया। संध्या में आवासीय विद्यालय की छात्राओं के बीच रस्सी खींच एवं कबड्डी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। आजादी क्वेस्ट गेमिंग एप को डाउनलोड करने के तरीके एवं इसे खेलने के तरीकों के बारे में भी छात्राओं को बताया गया। सभी प्रतियोगिताओं का सफल संचालन विद्यालय के शिक्षक श्री सीके पांडेय ने किया जबकि श्री सीतेश कुमार ने उनका सहयोग किया।

**दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन आज**

आजादी के अमृत महोत्सव के तहत राष्ट्रीय पोषण माह पर राजकीय पिछड़ी जाति आवासीय बालिका उच्च +2 विद्यालय कोल्हुआ, चैनपुर के हॉल में दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का आयोजन 22 सितंबर को पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम एवं डालटनगंज के विधायक आलोक चौरसिया के द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा। समाज कल्याण विभाग, पलामू के सहयोग से आयोजित इस प्रदर्शनी में पोषण अभियान के साथ-साथ हिंदी पखवाड़ा, एक भारत श्रेष्ठ भारत, आजादी क्वेस्ट एप एवं स्थानीय स्वतंत्रता सेनानियों से संबंधित जानकारियां प्रदर्शित की जाएंगी। प्रदर्शनी के दौरान स्वास्थ्य विभाग, पलामू की ओर से हेल्थ चेक अप कैंप, समाज कल्याण विभाग, पलामू की ओर से पोषण स्टॉल एवं जेएसएलपीएस का भी स्टॉल लगाया जाएगा। 23 सितंबर को पुरस्कार वितरण समारोह के बाद इसका समापन होगा।

**स्वच्छता अभियान चलाया गया**

स्वच्छ भारत अभियान के तहत विद्यालय परिसर एवं आस-पास के क्षेत्रों में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी श्री गौरव कुमार पुष्कर ने सभी प्रतिभागियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई।

**23 को सभी प्रतिभागी होंगे पुरस्कृत**

प्री प्रोग्राम के तहत आयोजित सभी प्रतिभागियों को दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी के समापन समारोह के दिन 23 सितंबर 2022 को मुख्य एवं गणमान्य अतिथियों के हाथों पुरस्कृत किया जाएगा। सभी प्रतिभागी छात्राओं को प्रमाण पत्र भी दिए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय प्रचार सहायक मनोज कुमार, समाज कल्याण विभाग के जिला समन्वयक जीशान अहमद, समाज कल्याण विभाग की महिला पर्वेक्षिकाएं, सेविका-सहायिकाएं, तेजस्विनी समूह की किशोरियां भी मौजूद रहीं।

## हुसैनाबाद में मनाया गया सर्वेश्वरी समूह का स्थापना दिवस समारोह



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद शहर के देवी मंदिर परिसर में बुधवार को सर्वेश्वरी समूह का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। यह कार्यक्रम मंदिर विकास विकास समिति के अध्यक्ष उदयनाथ विश्वकर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। स्थापना दिवस के अवसर पर बुधवार की प्रातः सीताराम साहू के नेतृत्व में प्रभात फेरी का आयोजन किया गया।इसकी शुरूआत देवी मंदिर परिसर से की गयी। प्रभात फेरी में शामिल लोग शहर के बाजार रोड, अम्बेडकर चौक, गांधी चौक समेत मुख्य मार्गों का भ्रमण करते हुये पुनः देवी मंदिर पहुंचे।जहां विकास जी ने सर्वेश्वरी समूह के अनुसार ध्वज पूजन की।इस दौरान लोग जयगुरुदेव की जयघोष लगा रहे थे। पूजन जीवन के बाद भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमे शहर के काफी संख्या में लोगों ने शामिल होकर प्रसाद ग्रहण के सुख मंगल की कामना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष उदयनाथ विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष, अभिषेक कांस्यकार, पंकज गुप्ता, राहुल केशरी, संतोष कश्यप, सचिव राहुल व्याहुत, सह सचिव शशिशेखर कुमार, चन्दन चंदेल, व्योम सिन्हा, उप सचिव सह मीडिया प्रभारी अमृत कुमार, कोषाध्यक्ष राकेश कांस्यकार, सह कोषाध्यक्ष जितेन्द्र गुप्ता, मनीष कश्यप, अभिषेक भगत, विक्कू कश्यप आदि सक्रिय रहे।

## अजाप्टा हुसैनाबाद ने किया क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी का बुके देकर स्वागत



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** अजाप्टा हुसैनाबाद की महत्वपूर्ण बैठक प्रखंड अध्यक्ष जुबैर अंसारी की अध्यक्षता में राजकीय उर्दू मध्य विद्यालय में हुई।बैठक का संचालन वरीय शिक्षक अंगद प्रसाद व सचिव निर्मल कुमार ने की।मौके पर विशेष रुप से आमंत्रित क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी नरेश राम व साथ में आये बीआरसी कर्मी वरीय लेखापाल अभय कुमार सिंह को बुके व माला देकर सम्मानित किया गया।मौके पर सचिव निर्मल कुमार ने कहा कि शिक्षक विपरीत परिस्थितियों में सुदुर ग्रामीण क्षेत्रो में शिक्षा का द्वीप जला रहें हैं,उनके अथक परिश्रम से इस प्रखंड़ का नाम जिला में अव्वल है।इसका एकमात्र कारण है कि विभागीय पदाधिकारियों का भी सकारात्मक सहयोग रहा है। मौके पर अध्यक्ष जुबैर अंसारी ने कहा कि शिक्षकों की पीड़ा इस बात की रहती है कि ये दिन रात पढ़ाने-लिखाने के अलावे विभागीय काम करते हैं और इन्हें पदाधिकारियों से सहयोग की कामना रहती है। क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी नरेश राम ने कहा कि पूर्व की तरह मेरा भी अपूरणीय सहयोग शिक्षकों को मिलता रहेगा, गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा तभी दी जा सकती है जब शिक्षकों की समस्याओं का भी बेहतर तरीके से निष्पादन हो।मौके पर डीडीओ सुनील कुमार, शिक्षक गिरिवर राम, रंजीत कुमार,सैय्यद शाने अहमद, शंकर पासवान, राजेन्द्र पासवान, कृष्ण कांत सिंह, मनोज कुमार चौधरी, प्रमोद पासवान, बिहारी रजक, संजय पासवान सहित दर्जनों शिक्षक मौजूद थे।

## पुलिस ने मारुति कार से 288 बोतल अवैध शराब की जब्त



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज थाना स्थित चेक पोस्ट के समीप महावीर मंदिर के पास एनएच 98 पर बीती मंगलवार की रात वाहन चेकिंग के दौरान जेएच01भी 5224 नंबर के मारुति सुजुकी कार से 16 कार्टून में 375 एमएल का रोयाल प्लेयर ब्रांड के 288 बोतल अवैध शराब को जप्त किया गया। इसकी जानकारी प्रभारी थाना प्रभारी निर्भय कुमार ने दी। उन्होंने कहा कि अवैध शराब के कारोबार और तस्करी के खिलाफ पुलिस की कड़ी नजर है। छापेमारी दल में प्रभारी थाना प्रभारी निर्भय कुमार,एसआइ निरंजन कुमार सिंह के साथ ही पुलिस बल के जवान शामिल थी।

## व्यवसायियों ने हैदरनगर बाजार क्षेत्र में सुरक्षा की मांग की, दो घंटे बंद रहीं दुकानें



**हैदरनगर/पलामू (आजाद सिपाही)।** मंगलवार को हैदरनगर बाजार के दो व्यवसायी बंधुओ से 50 लाख की रंगदारी व हवाई फायरिंग के बाद हैदरनगर के व्योसाइयों में दहशत का माहौल है। व्योसाइयों ने बुधवार को दुकानें नहीं खोली। सूचना मिलने के बाद हैदरनगर थाना प्रभारी अजीत कुमार मुंडा ने व्योसाइयों के साथ बैठक की। उन्होंने व्योसाइयों को बताया कि घटना के बाद से पुलिस लगातार छापामारी कर रही है। घटना में शामिल अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी कर ली जाएगी। उन्होंने व्योसाइयों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। व्योसाइयों ने कहा कि पुलिस की कार्रवाई से वह संतुष्ट हैं। मगर बाजार से थाना की दूरी एक किलो मीटर है। साथ ही रेलवे क्रॉसिंग पार कर थाना से बाजार में प्रवेश किया जा सकता है। जिससे बाजार क्षेत्र पूरी तरह असुरक्षित है। व्यवसाइयों ने थाना प्रभारी के माध्यम पुलिस अधीक्षक पलामू से बाजार क्षेत्र में चौकी की स्थापना की मांग की। उन्होंने कहा कि पुराना थाना भवन में जब तक थाना रहा, तब तक अपराधियों ने बाजार में शांति व्यवस्था बनी रही। उन्होंने पुराना थाना भवन में भी चौकी की स्थापना कराने की मांग की है। जिससे व्यवसाई सुरक्षित और भय मुक्त माहौल में कारोबार कर सके।

### सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत भाजपा ने किया वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन

## सेवा ही संकल्प है भाजपा का मूलमंत्र : कामेश्वर कुशवाहा

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत हुसैनाबाद भाजपा इकाई के द्वारा बुधवार को किसान मोर्चा के नगर मंडल अध्यक्ष उदय विश्वकर्मा के कॉम्प्लेक्स परिसर में कोबिड वैक्सीनेशन कैंप अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा के वरीय नेता कामेश्वर कुशवाहा ने कहा कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत आज हुसैनाबाद में कैंप लगाकर लोगों को कोरोना वैक्सीन का बूस्टर डोज लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया । देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने न सिर्फ देश को समय से आगे सोचने और परिश्रम की पराकाष्ठा से संकल्प को सिद्ध करने की सोच दी बल्कि उसे चरितार्थ करके भी दिखाया है।कोरोना कैम्प के सफल आयोजन में सभी स्वास्थ्य कर्मी, नर्स व डॉक्टर बधाई के पात्र हैं जिन्होंने टीकाकरण में बढ़-चढ़कर अपनी भूमिका को निभाया इसी तरह सभी स्वास्थ्य कर्मियों ने कोरोना काल मे भी परिजनों के तरह अपनी भूमिका निभाकर, महामारी से देश को बचाया था।



भाजपा के वरिष्ठ नेता रामप्रवेश सिंह ने मंडल में उपस्थित सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओ को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया मौके पर जिला मंत्री संतोष सिंह, सांसद प्रतिनिधि श्रवण अग्रवाल, रामेश्वर राम,सांसद प्रतिनिधि श्रवण अग्रवाल, रंजीत पासवान,उरद्वार मंडल अध्यक्ष रामराज मेहता, किसान मोर्चा के नगर मंडल अध्यक्ष उदयनाथ विश्वकर्मा, ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष मनीष कश्यप, पप्पू, राजीव, राकेश स्वास्थ्य कर्मी आरती कुमारी, सुमन कुमारी समेत कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पर्यावरणविद ने दो हजार पौधों का किया वितरण

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** छतरपुर अनुमंडल के ग्राम पंचायत मड़वा के ग्राम नासो स्थित देवी मंदिर प्रांगण में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने भूटान के सिंदूर का पौधा पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ लगाया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलाने के उपरांत ग्रामीणों के बीच निशुल्क पौधा वितरित किया। उन्होंने पूर्व सांसद सह भाजपा नेता मनोज कुमार को क्षेत्र में लोगों के बीच वितरित करने लिए दो हजार फलदार पौधा उपलब्ध कराया। श्री जयसवाल ने कहा कि सन 1967, 68 में हमारे द्वारा चलाया गया जंगल बचाओ,जंगल लगाओ अभियान के तहत लगाए गए पौधे जब वृक्ष हो गए तब 1976 में वन माफियाओं द्वारा अवैध कटाई किया जाने लगा। तब उसे रोकने के उद्देश्य से 1976 में पर्यावरण धर्म की शुरूआत की। पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मंत्रों को उन्होंने जीवन में अपनाने की सलाह दी। सन 1977 में पर्यावरण धर्म के तहत वन वृक्षों को परिवार का सदस्य भाई मानकर वन राखी मूवमेंट चलाया था। जो वनों को बचाने में कारगर साबित हुआ। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि उस समय किसान रैयति भूमि पर पौधा लगाने से डरते थे कि उनकी रैयती भूमि पर जंगल लगाने से जमीन सरकार ले लेगी। उन्होंने



लगातार निःशुल्क पौधा वितरण सह रोपण वृक्षों पर रक्षाबंधन और पर्यावरण धर्म पर गोष्ठी का आयोजन जारी रखा। आज देश ही नहीं विदेशों तक पर्यावरण धर्म का और वन राखी मूवमेंट का लोगों को जीवन में उतारने के लिए विवश कर दिया। आज देश के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री भी पौधा लगाने पर विवश हो गए हैं। वन राखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल ने कहा कि पूरी दुनिया गहरी नींद में सो रही थी उस समय उन्होंने पर्यावरण को बचाने की मुहिम चलाया। जब कि लोगों को जल संकट ऑक्सीजन संकट के बारे में लोगों को बताया तो लोग उनकी बातों पर यकीन नहीं कर रहे थे। जो आज रूटीन में शामिल हो गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत डाली बाजार के उप मुखिया अफजल अंसारी, सिकेस कुमार शर्मा, उदय प्रताप सिंह शिक्षक, मालदेव चंद्रवंशी, मनोज शर्मा, देवपत शर्मा, पवन शर्मा, संजय शर्मा, गोविंद शर्मा, संतोष प्रजापति समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## हरिहरगंज बाजार बुधवार को भी रहा बंद

- अगर मठ का जमीन होगा तो मठ का ही रहेगा : सांसद
- पुलिस के निष्क्रियता से हरिहरगंज की विधि व्यवस्था चरमराई : पूर्व विधायक

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत क्षेत्र के अररुआ खुर्द मोतीराज कॉलेज के समीप विवादित जमीन मामले में फर्जी मुकदमा के विरोध में बुधवार को भी हरिहरगंज बाजार की ज्यादातर दुकानें बंद रही। इसे लेकर दुर्गा मंदिर आरसी लाल चौक के समीप शहरवासियों ने धरना प्रदर्शन किया। जिसकी सुचना पाकर पलामू सांसद बीडी राम और भाजपा नेता बिनोद कुमार सिंह भी पहुंचे। धरना स्थल पर कई प्रबुद्ध जनों ने सांसद को भूमाफियाओं द्वारा अवैध रूप से मठ की जमीन पर कब्जा करने की जानकारी दी। साथ ही सांसद को मठ से संबन्धित कई कागजात दिखाया। जिसका अवलोकन कर सांसद ने कहा कि इस सम्बन्ध में पलामू डीसी से बात हुई है। दोनों पक्षों से कागजात प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने भरोसा दिया और कहा कि अगर मठ का जमीन होगा तो मठ का ही रहेगा। इसके लिए लोगों को न्यायालय पर भरोसा रखने का सुझाव दिया। उन्होंने शहरवासियों से संयम रखने का सुझाव देते हुए कहा कि बंद से लोगों को भी परेशानी होती है। उन्होंने व्यवसायियों से अपनी दुकान प्रतिष्ठान को आम दिनों की तरह खोलने की अपील की। वहीं बीजेपी नेता बिनोद कुमार सिंह ने भी जोर देकर कहा कि हमने कागजातों का अवलोकन किया है । किसी भी भूमाफिया के द्वारा जमीन कब्जाने के प्रयास को सफल नहीं होने देंगे। उधर धरना के दौरान देर शाम को शहरवासियों ने पलामू एसपी,छतरपुर एसडीओ और प्रभारी थाना प्रभारी का पूतला जलाकर आक्रोश जताया। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा, राजीव रंजन, दिनेश गुप्ता, चंदन जयसवाल, भोला गुप्ता, महादेव यादव, बुधन सिंह यादव, विश्वदीप कुमार, कृष्णा कुमार सिंह, कमलेश कुमार यादव, कृष्ण कुमार क्रांतिकारी, जेपी गुप्ता, विनय जायसवाल, अखिलेश विश्वकर्मा, पवन कुमार, ओमप्रकाश चंद्रवंशी, अशोक जायसवाल, सोनू जायसवाल, अरबिंद पासवान सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद थे।



हरिहरगंज हुसैनाबाद के पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि मठ जमीन विवाद के कारण हरिहरगंज में लगातार धरना प्रदर्शन, बाजार बंद कर भू माफिया एवं प्रशासन के विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। प्रशासन के निष्क्रियता के कारण आज हरिहरगंज की विधि व्यवस्था चरमरा गई है। हरिहरगंज शहरवासी पुलिस प्रशासन की विरोध सड़क पर उतर कर धरना प्रदर्शन करने को बाध्य हैं। पुलिस प्रशासन भी लगातार निदोर्षों पर फर्जी मुकदमा दर्ज करने में जुटी है। समय रहते पुलिस प्रशासन सक्रिय हो जाती तो आज यह नौबत नहीं आती। उन्होंने पलामू एसपी से जल्द पूरे मामले को जांच करते हुए, थाना प्रभारी को जल्द निलंबित करने की मांग की है। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रभारी थाना प्रभारी को अभिलंब निलंबित नहीं किया गया तो इसे लेकर जन आंदोलन करने को बाध्य होंगे। साथ ही उन्होंने हरिहरगंज वासियों से न्यायालय के फैसले का सम्मान करने की अपील की।

## सेवा ही संकल्प है : लवली गुप्ता

**पांकीपलामू (आजाद सिपाही)।** तरहसी भाजपा मंडल इकाई के द्वारा सेवा पखवाड़ा तरहसी प्रथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रांगण में कोविड वैक्सीनेशन कैंप अभियान का आयोजन किया गया। जिसमे कार्यक्रम के प्रभारी महिला मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता लवली गुप्ता उपस्थित थी। ।कार्यक्रम की अध्यक्षता तरहसी मंडल अध्यक्ष अजीत प्रसाद ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लवली गुप्ता ने कहा कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत आज तरहसी मंडल में कैंप लगाकर लोगों को कोरोना वैक्सीन का बूस्टर डोज लेने के लिए प्रोत्साहित किया। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने न सिर्फ देश को समय से आगे सोचने और परिश्रम की पराकाष्ठा से संकल्प को सिद्ध करने की सोच दी बल्कि उसे चरितार्थ करके भी दिखाया है। इसीका परिणाम है कि एक दिन में दो करोड़ से अधिक रिकॉर्ड टीकाकरण हुआ।इसके लिए सभी स्वास्थ्य कर्मी,नर्स,डॉक्टर बधाई के पात्र हैं जिन्होंने टीकाकरण में बढ़-चढ़कर अपनी भूमिका को निभाया। इसी तरह सभी स्वास्थ्य कर्मियों ने कोरोना काल मे भी परिजनों के तरह अपनी भूमिका निभाकर, महामारी से देश को बचाया था। लवली गुप्ता ने मंडल में उपस्थित सभी पदाधिकारियों व समर्थकों को कार्यक्रम व भव्य स्वागत के लिए धन्यवाद दिया। मौके पर जिला कार्य समिति सदस्य शंभू प्रसाद,उपाध्यक्ष सुरेश राम और शंकर शुक्ला, सड़क परिवहन जिला प्रतिनिधि संतु राम, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रवीण सिंह, अनिल कुमार सिंह,सोशल मीडिया प्रभारी उज्जवल पांडे,अनिल गिरी,गोपाल साव के अलावे सभी भाजपा के कार्यकर्त्ता मौजूद थे ।सेवा पखवाड़ा के तहत आज तरहसी मंडल के तहत बूस्टर डोज 200 लोगो को दिलवाया गया ।

# स्पोर्ट्स



मुझे पता है कि मेरे पास हाल ही में बहुत अच्छे दिन रहे हैं, लेकिन मेरे अच्छे दिनों में भी, मेरा ध्यान इस बात पर है कि मैं कैसे बेहतर हो सकता हूं

## हमें अपने गेंदबाजों पर भरोसा करना होगा : हार्दिक

**मोहाली।** जसप्रीत बुमराह के बिना भारत की विश्व कप की तैयारी की योजना बिल्कुल भी सही दिशा में नहीं है और वर्तमान में लक्ष्य का बचाव करना वह जगह है जहाँ टीम को सबसे अधिक सुधार की जरूरत है। मोहाली में ऑस्ट्रेलिया के हाथों उनकी चार विकेट की हार, हाल ही में एशिया कप में पाकिस्तान और श्रीलंका के खिलाफ मिली हार के समान ही थे। इन सभी मैचों में टीम को हार मैच के अंत में एक-दो महंगे ओवरों के कारण मिली। यहां तक कि अपनी विविधताओं के लिए मशहूर हर्षल पटेल की वापसी भी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इस पहले टी20 मैच में भारत की मदद नहीं कर सकी। मैच में 30 गेंदों में नाबाद 71 रन बनाने वाले हार्दिक पांड्या ने कहा, ₹हम सभी जानते हैं कि जसप्रीत बुमराह टीम में क्या लाते हैं और वह हमारे लिए कितने महत्वपूर्ण हैं। लेकिन हमें अपने गेंदबाजों पर पर भरोसा करना होगा। ये देश में सबसे अच्छे पंद्रह खिलाड़ी हैं, इसलिए वे टीम में हैं। जसप्रीत के वहाँ होने से बहुत फर्क पड़ता है, जाहिर है , लेकिन... वह एक चोट के बाद वापसी कर रहे हैं, इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि उन्हें वापस आने के लिए पर्याप्त समय मिले और वह खुद पर ज्यादा दबाव न डालें। उन्होंने कहा, ₹एक टीम के रूप में, हम बेहतर होना चाहते हैं। हारना आपको बहुत कुछ सिखाता है। हम एक प्रक्रिया संचालित टीम हैं और जब तक विश्व कप आएगा, हम सुनिश्चित करेंगे और अपनी प्रक्रियाओं को बेहतर बनाएंगे और देखेंगे कि कहां हम सुधार कर सकते हैं। मैं अपने साथी खिलाड़ियों के बारे में बहुत आश्वस्त हूं। हम जल्द ही ट्रैक पर होंगे। 209 के विशाल रनों का पीछा करते हुए, ऑस्ट्रेलिया को अंतिम चार ओवरों में 55 रन चाहिए थे और ऑस्ट्रेलियाई टीम ने चार गेंद शेष रहते ही लक्ष्य हासिल कर लिया। भुवनेश्वर ने अपने आखिरी दो ओवरों में क्रमशः 15 और 16 रन दिए, वहीं, हर्षल पटेल ने 22 रन दिये। हार्दिक ने कहा, ₹देखिए, यह एक खेल है। गेंदबाजों ने 24-25 रन ओवर भी दिए हैं और इससे कोई फर्क नहीं पड़ा। यह एक द्विपक्षीय श्रृंखला है, हमें दो और मैच मिलेंगे और हम जीत हासिल करने की कोशिश करेंगे। हालांकि पंड्या का बल्ले से अच्छा फॉर्म भारत के लिए काफी सकारात्मक रहा है। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह और ऊपर आकर बल्लेबाजी करने को तैयार हैं? उन्होंने कहा, ₹मैं नंबर 5 पर अपनी भूमिका देखता हूं। मुझे पांच पर बल्लेबाजी करने के लिए कहा गया है। इसमें कोई रॉकेट साइंस नहीं है। मुझे जहां भी और जब भी बल्लेबाजी करने का मौका मिलता है, मैं इसका आनंद लेता हूं। बल्लेबाजी मेरे दिल के बहुत करीब है, इसलिए जितनी गेंदें मुझे मिल सकती हैं, मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता। अगर मुझे 10 गेंदें बल्लेबाजी करने को मिलती हैं, तो वह भी ठीक है। उन्होंने कहा, मुझे पता है कि मेरे पास हाल ही में बहुत अच्छे दिन रहे हैं, लेकिन मेरे अच्छे दिनों में भी, मेरा ध्यान इस बात पर है कि मैं कैसे बेहतर हो सकता हूं।



## डब्ल्यूटीसी फाइनल्स 2023 व 2025 की मेजबानी करेंगे द ओवल और लार्ड्स

**दुबई।** आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल्स 2023 और 2025 के खिताबी मुकाबले का आयोजन क्रमशः द ओवल और लार्ड्स में किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने आज इसकी पुष्टि की। आईसीसी के मुख्य कार्यकारी ज्योफ एलार्डिस ने कहा, हम अगले साल के आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल का आयोजन द ओवल में करते हुए खुश हैं, जो इस आयोजन के लिए आदर्श है। इसके बाद हम 2025 के फाइनल को लॉर्ड्स में ले जाएंगे जो अंतिम टेस्ट के लिए एक उपयुक्त पृष्ठभूमि प्रदान करेगा। उन्होंने आगे कहा,साउथेम्प्टन में न्यूजीलैंड और भारत के बीच पिछले साल का फाइनल एक मनोरंजक मुकाबला था और मुझे यकीन है कि दुनिया भर के प्रशंसक ओवल में अगले डब्ल्यूटीसी फाइनल की प्रतीक्षा कर रहे होंगे। मैं आईसीसी की ओर से इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड, सरे काउंटी क्रिकेट क्लब और मैरीलेबोन क्रिकेट क्लब को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। सरे काउंटी क्रिकेट क्लब के सीईओ स्टीव एलवर्थी ने कहा, यह एक वास्तविक सम्मान है कि ओवल को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल की मेजबानी के लिए चुना गया है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### रत्नेश बने कांग्रेस के झरिया नगर अध्यक्ष



धनबाद (आजाद सिपाही)। कांग्रेस के झारखंड प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, स्टेट कोऑर्डिनेटर प्रकाश जोशी व जिला निर्वाचन अधिकारी भावेश चौधरी के निर्णयानुसार पूरे झारखंड प्रदेश में नगर/प्रखंड अध्यक्ष के लिए निर्वाचन प्रक्रिया पूरी हुई। जिसमें झरिया नगर कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष रत्नेश यादव को बनाया गया। बुधवार को रांची मोहराबादी संगम गार्डन सभागार में नव अध्यक्षों को कांग्रेस की नीति, सिद्धांतो और कार्यों की शपथ दिलवाई गई। इधर रत्नेश के नगर अध्यक्ष बनने की खबर मिलते ही झरिया नगर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। इस अवसर पर झरिया विधायक पुर्णिमा नीरज सिंह, झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अभिजीत राज, एआइसीसी सदस्य संतोष कुमार सिंह, प्रदेश प्रतिनिधि शमशेर आलम, जिलाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह, झरिया नगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अशोक बरनवाल, रामजी सिंह, शादिक अमीन, राजीव रंजन चौबे, गणेश रजक, रवि सिंह, मुकेश राणा, महेश शर्मा, बिरेंदर बहादुर सिंह, सोनू साव,अब्दुल करीम अंसारी, मीर फिरोज, बबलू दास, मंटू दास, राजू दास, कुंदन मोदक, राकेश सिंह, राकेश मिश्रा, राकेश पासवान, राजीव पाण्डे, राजा वर्मा, राजेश सिंह, रंजीत कुशवाहा, अशोक रवानी आदि ने बधाई दी।

### आठवीं फेल छात्रों के लिए होगी विशेष परीक्षा

धनबाद (आजाद सिपाही)। जैक आयोजित आठवीं कक्षा में फेल छात्र-छात्राओं के लिए विशेष परीक्षा का आयोजन होगा। परीक्षा में वे ही छात्र शामिल होंगे, जिनका आठवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी किया गया था। उनका रिजल्ट मार्जिनल/फेल प्रकाशित हुआ या वे परीक्षा में अनुपस्थित रहे। ओएमआर शीट में उनके द्वारा की गई गलत/ त्रुटिपूर्ण के कारण रिजल्ट प्रकाशित नहीं हो पाया। ऐसे छात्र-छात्राओं को परीक्षा के लिए अलग से फार्म भरने की आवश्यकता नहीं है। ऐसे छात्र-छात्राओं का प्रवेश पत्र स्वतः निर्गत किया जाएगा। संबंधित छात्र उसी पेपर की परीक्षा में शामिल हो सकेंगे, जिसमें उनका ग्रेड डी प्रकाशित हो। अतिरिक्त भाषा विषय की परीक्षा नहीं होगी। जैक ने विशेष परीक्षा के लिए विस्तृत निर्देश जारी किया है।

### विशेष मतदाता शिविर 25 को, आधार नंबर से जोड़े जायेंगे वोटर आइडी कार्ड



बोकारो (आजाद सिपाही)। किसी भी व्यक्ति की पहचान स्थापित करने और मौजूदा मतदाताओं के प्रमाणीकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने आधार कार्ड को वोटर आईडी कार्ड से लिंक करने का अभियान शुरू किया है। इसी क्रम में 25 सितंबर को जिले के सभी मतदान केंद्रों पर विशेष शिविर लगाकर यह कार्य किया जाएगा। डीसी कुलदीप चौधरी ने सभी बूथ लेवल बीएलओ को निर्देश दिया है कि वे मतदान केंद्र में मौजूद रहकर मतदाताओं को आवश्यक जानकारियां दें और उनका आधार नंबर संबंधित प्रपत्र में एकत्र करें। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी को भी इस बाबत जरूरी निर्देश दिया है कि वे सभी बीएलओ को अपने स्तर से निर्देशित करें कि वो 25 को अपने-अपने मतदान केंद्रों में सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक उपस्थित रहेंगे। मतदाताओं के आधार नंबर से वोटर आइडी कार्ड को जोड़ें। उन्होंने सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारियों को विशेष शिविर का निरीक्षण करने का भी निर्देश दिया है।

### 11 सूत्री मांगों को लेकर राजस्व उप निरीक्षकों का अनिश्चितकालीन धरना छठे दिन भी जारी



बोकारो (आजाद सिपाही)। उपनिरीक्षक अपनी 11 सूत्री मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। इस कारण कई कार्य प्रभावित हो रहे हैं। संगठन के नेता श्याम बिहारी रजक ने कहा कि हमने सरकार को इस मामले को लेकर कई बार ज्ञापन दिया, लेकिन हमारी मांगों पर अब तक ध्यान नहीं दिया। बताया कि हड़ताल का छठा दिन है, लेकिन सरकार आज तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं की। हम लोग बोकारो डीसी को प्रतिदिन ज्ञापन सौंप रहे हैं लेकिन इस पर कोई पहल नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि पूरे राज्य में हम असुरक्षित हैं जिस कारण काम करने में हमें काफी कठिनाई होती है।

### बोकारो में आयोजित होगा रिफ्रैक्टरीज पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

बोकारो (आजाद सिपाही)। 23-24 सितंबर को बोकारो स्टील प्लांट की मेजबानी में लौह और इस्पात उद्योग में रिफ्रैक्टरी का भविष्य विषय पर इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मेटल्स, बोकारो चैप्टर और इंडियन सेरामिक्स सोसाइटी के सहयोग से एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आरईएफआईएस-4.0 का आयोजन किया जा रहा है। बोकारो में पहली बार आयोजित इस सम्मेलन में प्रसिद्ध धातु विद और निदेशक (आईआईटी-आईएसएम, धनबाद) प्रो राजीव शेखर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। इनके अलावा सम्मेलन के मुख्य संरक्षक बीएसएल के निदेशक प्रभारी अमरेंदु प्रकाश, अध्यक्ष और अधिशासी निदेशक (एसआरयू) पीके रथ एवं सह-अध्यक्ष और मुख्य महाप्रबंधक (रिफ्रैक्टरी) वीपी उपाध्याय आदि शामिल होंगे। रिफ्रैक्टरी का इस्तेमाल इस्पात उद्योग में बड़े पैमाने पर किया जाता है। यह सम्मलेन शोधकर्ताओं, विशेषज्ञों और घरेलु रिफ्रैक्टरी निमार्ताओं को इस क्षेत्र में इंडस्ट्री 4.0 से जुड़े नवीनतम प्रोदौयोगिकी के इस्तेमाल के विषय में भी जानकारी का आदान प्रदान का अवसर प्रदान करेगी। इस सम्मेलन में भारत और विदेशों के 20 संगठनों के विशेषज्ञ, शिक्षाविदों, वैज्ञानिकों, सलाहकारों और रिफ्रैक्टरी निमार्ताओं सहित 400 से अधिक डेलिगेट भाग लेंगे और 40 से अधिक तकनीकी पेपर भी प्रस्तुत कर विचार-मंथन करेंगे।

### मार्क्सवादी युवा मोर्चा जिला कमेटी की बैठक में केंद्र सरकार की नीतियों की हुई आलोचना



धनबाद (आजाद सिपाही)। मार्क्सवादी युवा मोर्चा जिला कमेटी की बैठक बुधवार को पुराना बाजार स्थित मासस केंद्रीय कार्यालय में हुई। जिसकी अध्यक्षता मायुमो जिलाध्यक्ष पवन महतो ने की। उन्होंने कहा कि मायुमो धनबाद जिले में जन समस्या-जन मुद्दों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन चलाते आया हैं। मायुमो महानगर कमेटी का गठन अक्टूबर में कर लिया जाएगा। साथ ही बाकी बचे प्रखंड कमेटी का विस्तार दिसंबर अंत तक पूरी कर ली जाएगी। पवन महतो ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों से देश की जनता त्रस्त है। सरकार की कथनी और करनी में जमीन आसमान का अंतर है। केंद्र सरकार को उसकी मंशा कभी पूरा होने नहीं दिया जाएगा। बैठक में जिला सचिव राणा चटराज, उपाध्यक्ष संदीप कौशल, संतोष रवानी, सुरेश कुमार दास, राजू सिंह, अमन चौहान, धर्मपाल सिंह, राजेश सिंह, अभिषेक कुमार, तन्मय श्रीवास्तव आदि थे।

## दुस्साहस : कुईया कोलियरी बिजली घर पर 20-25 हथियारबंद अपराधियों ने धावा बोला

# कर्मियो को बंधक बना लाखों की संपत्ति लूटी

**एक महीने के भीतर लूटपाट की यह तीसरी घटना**

आजाद सिपाही संवाददाता



लूटपाट के लिए की गई सेंधमारी।

**झरिया।** बीसीसीएल बस्तकोला क्षेत्र के कुइया कोलियरी दुर्गा मंदिर स्थित बिजली घर में मंगलवार की देर रात हारवे हथियार से लैस 20-25 की संख्या में अपराधियों ने धावा बोल दिया। ड्यूटी पर तैनात दो बीसीसीएल कर्मी को बंधक बनाकर बिजली घर में लगे ट्रांसफार्मर से कीमती पाट्‌र्स चोरी कर चलते बने। चोरी हुए सामानों की कीमत करीब दो लाख रुपए बताई जा रही है। उधर, घटना की सूचना पाकर बुधवार की सुबह तीसरा थाना प्रभारी अभिजीत कुमार मौके पर पहुंचे और जानकारी ली। ड्यूटी पर तैनात कर्मियों को भी पूछताछ के लिए थाना बुलाया है। वहीं, कोलियरी अभियंता रविराज कुमार ने तीसरा थाने में चोरी की लिखित शिकायत की है।

जानकारी के अनुसार बिजली घर पर बीसीसीएल कर्मी उपेंद्र महतो और स्विच मैन सुरेश हंसदा ड्यूटी पर थे। तभी देर रात हथियार बंद अपराधियों ने धावा बोल दिया। हथियारका भय दिखाकर दोनों को बंधक बना लिया। इसके बाद बिजली घर में लगे ट्रांसफार्मर को खोल कर उसमें लगे कीमती पाट्‌र्स को लेकर चलते बने। उधर, अपराधियों के जाने के बाद कर्मियों ने इसकी सूचना कोलियरी प्रबंधक को दी। प्रबंधक ने रात में ही सीआइएसएफ को इसकी सूचना दे दी, लेकिन पूरी रात कर्मी शाहमें रहे और सीआइएसएफ जवान नहीं पहुंचे। कर्मियों ने कहा कि अगर ऐसा परिस्थिति रही तो रात्रि पाली में कर्मियो को ड्यूटी करना मुश्किल हो जाएगा। एक माह के अंदर यह तीसरी घटना है। इस संबंध में तीसरा थाना प्रभारी अभिजीत कुमार का कहना है कि घटना घटी है। जल्द ही अपराधी पकड़े जाएंगे।

## जनता सरकार के द्वार, मांगे अपना अधिकार कार्यक्रम को लेकर भाकपा माले की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**चिरकुंडा।** भाकपा माले के जनता सरकार के द्वार, मांगे अपना अधिकार के तहत एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन की तैयारी को लेकर मंगलवार की देर शाम मेढा पंचायत के नया नगर बस्ती में ग्रामीणों की बैठक हुई। जिसमें उपस्थित माले नेता नागेन्द्र कुमार ने कहा कि 10 माह पूर्व झारखंड सरकार की ओर से एक लोकसुभावन कार्यक्रम लाया गया था। आपकी सरकार, आपके द्वार। इस कार्यक्रम के तहत एग्यारकुण्ड प्रखंड-अंचल द्वारा पंचायतों में शिविर लगाकर हजारों लोगों से विकास से संबंधित योजनाओं व जमीन से संबंधित दाखिल खारिज, रसीद, ऑनलाइन आवेदन लिए गए। लेकिन 10 माह गुजर जाने के बावजूद केवल उसे धरातल पर नहीं उतारा गया। केवल खानापूर्ति की गई। प्रखंड-अंचल की जनता को केवल हैरान परेशान किया गया। इसी के खिलाफ माले के नेतृत्त्व में 23 सितंबर को एग्यारकुण्ड प्रखंड-अंचल कार्यालय पर जनता सरकार के द्वार,मांगे अपना अधिकार। जबाव दो, हिसाब दो कार्यक्रम के तहत धरना-प्रदर्शन करेगी। बैठक में जितेंद्र शर्मा, अर्जुन यादव, सरकार सिंह, सुरेश ठाकुर, नून पांडेय, नागेश्वर पंडित, मिथुन यादव, जगदीश कर्मकार, भीम पासवान, कृष्णा पासवान, लालू सिंह, प्रमोद साव, अमर महतो, शिवजी प्रसाद, ताशू देवी, रीता देवी, जयश्री देवी, मीना देवी, पर्वती देवी, बिंदी देवी, रुक्मिणी देवी, अनिता देवी, मालती देवी, सुशीला देवी, देबंती देवी, गीता देवी, निर्मला देवी, ममता देवी, शिया देवी, चन्द्रशेश्वर पासवान व मुन्ना साव आदि थे।

## बेरमो के कवियों को मिला शब्द शिल्पी सम्मान

**राष्ट्रीय कवि संगम ने कवि सुनील सिंह, डीडी नायक, श्याम कुंवर भारती को दिया सम्मान**

आजाद सिपाही संवाददाता




**बेरमो।** रामगढ़ में आयोजित कवि सम्मेलन में बेरमो के कवियों को शब्द शिल्पी सम्मान से सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय कवि संगम की ओर से यह सम्मान कवि सुनील सिंह ज्वलंत, खोरठा कवि डीडी नायक और कवि श्याम कुंवर भारती को दिया गया। राष्ट्रीय कवि संगम के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश मित्तल सहित झारखंड की नव गठित प्रांतीय इकाई की कार्यकारिणी समिति के पदाधिकारी प्रांतीय अध्यक्ष विजय मेवाड़, प्रांतीय महामंत्री सरोज झा झारखंडी, मुख्य सलाहकार दिनेश रविकर, वरीय उपाध्यक्ष उदय शंकर उपाध्याय, उपाध्यक्ष पंकज झा, डॉ सुरिंदर कौर नीलम, संगठन मंत्री राकेश श्रीवास्तव नाजुक, श्याम कुंवर भारती, रोहित अंबष्ट और जीवन कुमार ने कवियों को सम्मानित किया। राष्ट्रीय कवि संगम की प्रांतिय कार्यकारिणी की बैठक सह कवि सम्मेलन रामगढ़ के शहर थाना चौक होटल शिवम में आयोजित की गई थी। उक्त जानकारी बोकारो जिला मीडिया प्रभारी निरज पाठक ने दी। बताया कि राष्ट्रीय कवि संगम के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रीय कवि संगम साहित्य एवं पारिवारिक संस्था है। राष्ट्र जागरण धर्म हमारा इस संस्था का मूल उद्देश्य है। वहीं प्रांतीय महामंत्री ने आगामी कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि मधुवन गिरीडीह में प्रांतिय अधिवेशन, दस्तक युवा पीढ़ी कार्यक्रम बोकारो में आयोजित की जाएगी। यही नहीं, झारखंड के विभिन्न शहरों में कवि सम्मेलन कराने की योजना पर भी सहमति बनी। यहां 20 जिले से आए संगठन के जिला प्रतिनिधि कवियों सह पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।

## पुलिस, प्रबंधन और प्रदर्शनकारियों के बीच वार्ता के बाद आंदोलन समाप्त

# रोज की मांग को लेकर स्थानीय विस्थापितों ने अधिकारियों-इंजीनियरों को प्लांट जाने से रोका

आजाद सिपाही संवाददाता



रोजगार की मांग को लेकर प्रदर्शन करते स्थानीय रैयत।

**बोकारो थर्मल।** बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी मुख्य प्रवेश द्वार पर स्थानीय विस्थापितों की ओर से रोजगार की मांग को लेकर प्रदूषण प्लांट निर्माण कार्य कर रही टेक्नो कंपनी के सभी अधिकारियों और साईड इंजीनियरों को प्लांट में प्रवेश करने से रोक दिया। साथ ही गेट के सामने ही प्रदर्शन करने लगे। इससे पूरा निर्माण कार्य बंद हो गया। आंदोलन की अगुवाई भोला यादव, कृष्ण कुमार, उमाशंकर प्रजापति, वाजीद हुसैन, राजू रविदास, उमेश यादव, मिथलेश रजवार, नूर मोहम्मद और दिनेश कुमार आदि कर रहे थे। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि स्थानीय विस्थापितों की लंबित मांगों को डीवीसी प्रबंधन अनेकों समझौता वार्ता के बाद भी रोजगार दिलाने में असमर्थ रहा। डीवीसी मुख्यालय द्वारा निर्धारित सर्कुलर जिसमें शत-प्रतिशत रोजगार स्थानीय विस्थापितों को देना अनिवार्य किया गया था। उसका भी किसी को लाभ नहीं मिल रहा हैं। उधर, हंगामे की सूचना पाकर पुलिस व स्थानीय प्रशासन ने हस्तक्षेप किया। वार्ता में कहा गया कि यदि प्रबंधन की लापरवाही से यह समस्या उत्पन्न हो रही है तो इस विषय पर शीघ्र समाधान करवाने का प्रयास किया जाएगा। इसके बाद विकास कुमार सिंह, बालेश्वर यादव, दिनेश कुमार, वाजीद हुसैन, भोला यादव एवं अन्य के साथ बोकारो थर्मल थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर शैलेश कुमार चौहान, टेक्नो कंपनी के एचआर देवब्रत के बीच सहारात्मक वार्ता हुई। जिसके बाद आंदोलन समाप्त कर दिया गया।


झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बरही (हजारीबाग)

E-mail- govitibarhi@gmail.com

नामांकन संबंधी सुचना

निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के पत्रांक 1047 दिनांक 29.08.2022 के आलोक में शैक्षणिक सत्र 2022–23–24 में NCVT से मान्यता प्राप्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बरही में अंकित व्यवसायों में प्रवेश हेतु इच्छुक महिला एवं पुरूश उम्मीदवारों से "अनुसूची–क" के अनुसार हस्त लिखित / टंकित आवेदन पत्र दिनांक .24.09.2022 के अपराह्न 5:00 बजे तक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बरही (हजारीबाग) ग्राम – बेंदगी, पो.– रसोइया धमना, 825405 के पते पर हाथों–हाथ /निबंधित डाक एवं अन्य इलेक्ट्रोनिक माध्यम (e-mail) द्वारा निम्न शर्तों के अनुरूप आमंत्रित किए जाते हैं।

औद्योगिक प्रक्षिक्षण संस्थान बरही में 2ND कॉसिलिंग के बाद शेष रिक्ति की विवरणी

| व्यावसाय | ST | SC | SMQ | PH | Gen | BC1 | BC2 | EWS | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| इलेक्ट्रीशियन | 1 | 4 | 1 | 1 | 7 | 2 | 4 | 2 | 22 |
| फीटर | 1 | 3 | 1 | 1 | 8 | 2 | 2 | 4 | 22 |
| मेकेनिक डीजल | 2 | 7 | 1 | 2 | 10 | 3 | 5 | 5 | 35 |
| वेल्डर | 1 | 8 | 1 | 2 | 13 | 5 | 3 | 4 | 37 |

1. न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता:
(क) वेल्डर व्यावसाय में नामांकन के लिए आवेदक आठवीं (8वीं) कक्षा में उत्तीर्णत्ता आवश्यक है। शेष सभी व्यावसाय में नामांकन के लिए आवेदक दसवीं (10वीं) कक्षा में उत्तीर्णता है।
2. आयु अहर्त्ता:
(क) 01.07.2022 को आवेदक की न्यूनत्तम आयु 14 वर्ष एवं अधिकत्तम आयु 40 वर्ष के बीच होना चाहिए।(ख) दिव्यांग जनों/ सैन्य कार्रवाई में मारे गये सैन्य कर्मियों के विधवाओं के मामले में अधिकतम आयु 45 वर्ष तक है। आयु की गणना माध्यमिक/ 10वीं / समकक्ष परीक्षा के मूल/औपबंधिक प्रमाण पत्र तथा आठवीं (8वीं) स्तर के वयावसायों के लिए प्रधानाध्यापक द्वारा निर्गत उत्तीर्णता प्रमाण पत्र में अंकित जन्मतिथि के आधार पर की जायेगी।
3. आरक्षण:
(क) आरक्षण का प्रावधान कार्मिक, प्रशासनिक सूधार एवं राजभाषा विभाग रांची के संकल्प संख्या 2020 दिनांक 09.04.2010 (जिला आरक्षण रोस्टर) एवं ज्ञापांक 14/ आ0नी00402/2019 का0 1434/ रांची दिनांक 15.02.19 का अनुपालन किया जायेगा। आरक्षित सीटों का दावा करने वाले उम्मीदवारों को सक्षम पदाधिकारी (अंचलाधिकारी/ अनुमंडल पदाधिकारी / उपायुक्त) द्वारा निर्गत जाति प्रमाण पत्र की मूल प्रति संस्थान में नामांकन समय प्रस्तुत करना अनिवार्य है। (ख) सेवारत सैनिकों/ भूतपूर्व सैनिकों / वीरगति प्राप्त सैनिक के आश्रितो (किसी भी वर्ग के) के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में प्रत्येक व्यावसाय में एक सीट आरक्षित है। (ग) दिव्यांगों के लिए प्रत्येक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में प्रत्येक व्यावसाय में 5 प्रतिशत सीट आरक्षित है। (घ) आदिम जनजाति समुदायो के अभ्यार्थियों के आरक्षण के लिए कार्मिक, प्रशासनिक सूधार एवं राजभाषा विभाग रांची के ज्ञापांक 14/जा0नि0 0304/ 2016का0 5555 दिनांक 28.06.2016 का अनुपालन किया जायेगा। संकल्प के अनुसार अनुसूचित जनजाति कोटि के लिए निर्धारित सीटों में से न्यूनतम 2 प्रतिशत सीटें आदिम जनजाति समूह के अभ्यार्थियों के लिए आरक्षित है, बशर्ते कि वे आवश्यक न्यूनतम अर्हता को पूरा करते हो तथा अनुसूचित जनजाति कोटि की मेधा सूची में स्वतः नहीं आते हो। यह आरक्षण अनुसूचित जनजाति कोटि के आरक्षण में क्षैतिज रूप से उपलब्ध होगा। (ड़) अत्यंत पिछड़ा वर्ग (अनुसूची 1) तथा पिछड़ा वर्ग ( अनुसूची 2) के अभ्यार्थियों को कार्मिक, प्रशासनिक सूधार एवं राजभाषा विभाग रांची के ज्ञापांक 7/जाति 19–11/2008 का0 10007 दिनांक 29.08.2012के आलोक में क्रीमी लेयर अवधारणा के समावेश संबंधित प्रपत्र में ही जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा उन्हें आरक्षण का लाभ नहीं दिया जायेगा।
(च) आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों का वर्ग के अभ्यार्थियों को कार्मिक, प्रशासनिक सूधार एवं राजभाषा विभाग रांची के ज्ञापांक 14/आ0 नी0 0402/ 2019 का0 1434 दिनांक 15.02.2019 का अनुपालन करना होगा।
4. आवासीय अहर्त्ता:
झारखण्ड राज्य के स्थायी या स्थानीय निवासी के श्रेणी में आने वाले आवेदक ही औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में नामांकन के लिए पात्र समझे जायेंगे। झारखण्ड सरकार के कार्मिकए प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग की अधिसूचना ज्ञापांक 7/आ0नीति (सर्वदलीय बैठक) 27/2002 (खण्ड) का0 3198 दिनांक 18.04.2016 एवं पत्रांक 14/ विविध 1522/2019 का0 5752, दिनांक 19.07.2019 में स्थानीय निवासी का परिभाषित किया गया है। आवेदकों को अपने दावे के समर्थन में सक्षम पदाधिकारी (अंचलाधिकारी/ अनुमंडल पदाधिकारी/ उपायुक्त) द्वारा निर्गत ऑनलाइन स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र की मूल प्रति नामांकन के समय संस्थान में जमा करना अनिवार्य होगा।
5. सैनिक कोटा आरक्षण :
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रत्येक व्यावसाय में सैन्य कर्मियों (किसी भी वर्ग) के लिए एक सीट आरक्षित है। सैनिक कर्मचारी कोटा के अन्तर्गत निम्न को आरक्षण दिया जायेगा:
(क) सेवारत /भूतपूर्व सैनिकों के आश्रितों/ वीरगति प्राप्त सैनिको के आश्रितों। सैनिक काआ हेतु आरक्षित सीटों की सुविधा प्राप्त करने हेतु सेवारत / भूतपूर्व/ वीरगति प्राप्त सैनिकों के आश्रितों/ विधवाओं के लिए निम्न प्रमाण पत्रों की मूल प्रति नामांकन के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य है। (क) झारखंड राज्य के अंचलाधिकारी/ अनुमंडल पदाधिकारी/ उपायुक्त द्वारा निर्गत स्थायी / स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र। (ख) सक्षम सैनिक अधिकारी द्वारा निर्गत आश्रित प्रमाण पत्र (सेवारत सैनिक कर्मियो / अधिकारियों के लिए) या जिला सैनिक परिशद द्वारा निर्गत आश्रित प्रमाण पत्र (भूतपूर्व सेनिकों/ वीरगति प्राप्त सैनिकों के आश्रितों के लिए) (ग) सेवा मुक्ति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो) / पेंशन बुक।
6. दिव्यांगों हेतु आरक्षण :
निःशक्त अभ्यार्थियों के आरक्षण के लिए कार्मिक, प्रशासनिक सूधार एवं राजभाषा विभाग रांची के ज्ञापांक 14/आ0नी0 0405/ 2016 का0 2249 दिनांक 03.04.2018 का अनुपालन किया जायेगा। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रत्येक व्यावसाय में दिव्यांगों (किसी भी वर्ग) के लिए 5 प्रतिशत सीट आरक्षित है। दिव्यांग का अभिप्राय होगा वैसे उम्मीदवार जो (क) अंधापन और कम दृष्टि या (ख) बहरापन एवं श्रवण निःशक्तता या (ग) चलन निःशक्तता जिसमें सम्मिलित है सेरेब्रल पॉल्सी, कुश्ट रोग मुक्त, बौनापन, आमलीय आक्रांत से पीड़ित मांसपेशीय दूर्विकास या (घ) स्वलीनता, बौद्धिक निःशक्तता, सीखने की विशेष अक्षमता एवं मानसिक रोगी या (ड) बहु निःशक्तता, जो (क) से (घ) के बीच में निःशक्तता के भिन्न से स्थितियों के मिलने से हो, यह स्थिति अंधापन एवं बहरापन के मिलने से आ सकता है, के कारण कम से कम 40 प्रतिशत ओंशिक असमर्थ हो। दिव्यांगों को संस्थान में नामांकन के समय एक फुल साइज का अपना फोटो तथा चिकित्सा बोर्ड के सदस्यों द्वारा निर्गत एवं चिकित्सा अधिक्षक / मुख्य चिकित्सा अधिकारी / अस्पताल के मुखिया द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित दिव्यांगता प्रमाण पत्र की मूल प्रति लाना होगा। दूसरे किसी चिकित्सकों के प्रमाण पत्र की मान्यता नहीं दी जायेगी। आवेदन में दिव्यांग के प्रकार एवं दिव्यांगता प्रतिशत भरे।
7. मेधा सूची :
(क) जिन व्यावसाय में नामांकन के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता 8वीं कक्षा में उत्तीर्णता है, उसके लिए मेधा सूची का निर्माण (8वीं कक्षा में प्राप्तांक के आधार पर किया जायेगा। दो या दो से अधिक उम्मीदवारों के प्राप्तांक समान होने की स्थिति में जिनका जन्मतिथि पहले होगा अर्थात जो उम्र में बड़े होंगे उन्हें मेधा–क्रम में वरीयता दी जायेगी। इसके बावजूद अगर स्थिति समान रहती है तो उम्मीदवारों के प्रथम नाम के अंग्रेजी वर्णानुक्रमानुसार वरीयता दी जायेगी। इसके बावजूद जन्मतिथि एवं नाम के अंग्रेजी वर्णानुक्रमानुसार समान होने पर जो पहले आवेदन फॉर्म भरेंगे, को प्राथमिकता दी जायेगी। (ख) जिन व्यावसायों में नामांकन के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता 10वीं है, उसके लिए मेधा सूची का निर्धारण दशवीं (10वीं) कक्षा में प्राप्तांक के आधार पर किया जायेगा। दो या दो से अधिक उम्मीदवारों का प्रप्तांक समान होने की स्थिति में इनके मेधा–क्रम के निर्धारण में उपरोक्त प्रक्रिया का ही अनुसरण किया जायेगा।
10वीं कक्षा में उत्तीर्ण उम्मीदवार आठवीं(8वीं) कक्षा स्तरीय व्यावसायें के साथ साथ दसवीं (10वीं) कक्षा स्तरीय व्यावसायों में नामांकन के लिए योग्य समझे जायेंगे। यदि ऐसे उम्मीदवार दसवीं कक्षा के साथ साथ आठवीं कक्षा स्तरीय व्यावसायें में से किसी व्यावसाय में नामांकन के इच्छुक है, जो इसके लिए उन्हें आवेदन पत्र में आठवीं तथा दसवीं दोनों कक्षा में प्राप्तांक भरा जाय ताकि उनका मेधा–क्रमांक दोनों मेधा सूची में अंकित किया जा सके। 8वीं स्तर के व्यावसायों पहले 8वीं कक्षा वाले उम्मीदवार को प्राथमिकता दी जायेगी। इसके उपरान्त 10वीं कक्षा 10वीं कक्षा वाले उम्मीदवारों को सीट आवंटित की जायेगी।
8. आवेदन पत्र के साथ स्वअभिप्रमाणित शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, अंक पत्र, निवासी प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र एवं अन्य वांछित प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
9. साक्षात्कार के समय सभी प्रमाण पत्रों का मूल प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
10. आवेदन पत्र एवं नामांकन हेतु दिशा निर्देश iti barhi के सूचनापट या www.hazaribag.nic.in पर देखा जा सकता है।

प्रभारी प्राचार्य
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बरही
(हजारीबाग)

PR 278260 Labour Employment and Traning(22-23)D

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 22 सितंबर, 2022
www.azadsipahi.com
12

## नवीन जिंदल ने तिरंगे को जन-जन तक पहुंचाने की कानूनी लड़ाई लड़ी

# तिरंगे को जन-जन तक पहुंचाने में 22 सितंबर मील का पत्थर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुरकुंडा/भुवनेश्वर।** नयी दिल्ली फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष नवीन जिंदल ने तिरंगे को जन-जन तक पहुंचाने की जो कानूनी लड़ाई लड़ी, उसमें 22 सितंबर की तारीख मील का पत्थर है। वर्ष-1995 में इसी दिन जिंदल ने तिरंगे को लोकतांत्रिक बनाने के लिए दिल्ली हाइकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। 23 जनवरी 2004 को सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद लगभग 18 साल से फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया तिरंगे को घर-घर पहुंचाने के लिए प्रयासरत है और इस वर्ष आजादी के अमृत महोत्सव पर 'हर घर तिरंगा - हर दिन तिरंगा' अभियान चलाया है। फाउंडेशन अभी तक लगभग 100 विशालकाय ध्वज देश के कोने-कोने में लगवा चुका है। फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया



के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मेजर जनरल (रिटा.) अशीम कोहली ने कहा कि आज हम कहीं भी घूमने निकलते हैं तो सड़क किनारे, नुक्कड़-चौराहों या सार्वजनिक स्थानों पर तिरंगा फहरते देखकर हमें बहुत अच्छा लगता है। आज घर-दफ्तर और कारों में भी राष्ट्रीय ध्वज लगाकर लोग भारतीय होने की अपनी पहचान प्रदर्शित कर रहे हैं। 23 जनवरी 2004 के पहले आम दिनों में हमारा राष्ट्रीय ध्वज सिर्फ सरकारी इमारतों और सरकारी वाहनों की शान था। यह सब देखकर आज हमें आश्चर्य होता है कि हमारा राष्ट्रीय ध्वज आम भारतीयों के जीवन का अभिन्न अंग कैसे बन गया? हर हाथ में तिरंगा कैसे पहुंच गया? इतिहास में झांकें तो कुछ दिन को छोड़कर आम नागरिक राष्ट्रीय ध्वज नहीं फहरा सकते थे। यह अधिकार प्राप्त करने के लिए श्री नवीन जिंदल ने एक लंबी और कठिन कानूनी लड़ाई लड़ी, जिसकी शुरूआत उन्होंने 22 सितंबर 1995 को दिल्ली हाइकोर्ट में एक रिट याचिका दायर करके की थी। यह आसान लड़ाई नहीं थी। लगभग एक दशक लंबे संघर्ष के बाद उन्होंने ऐतिहासिक जीत दर्ज की।

### निर्धारित नियमों का पालन करते हुए उतारें झंडा

इस तरह साल के 365 दिन पूरे मान-सम्मान के साथ तिरंगा फहराने का अधिकार हम सभी भारतीयों को मिल पाया। आमतौर पर हम स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस पर तिरंगे के लिए लोगों में भारी उत्साह देखते हैं लेकिन अगले ही दिन उन्हें पता नहीं होता कि झंडे का क्या करना है? फ्लैग फाउंडेशन इस विषय पर लोगों को शिक्षित कर रहा है कि वे वर्ष भर पूरे उत्साह से झंडा फहरायें। अगर झंडा उतारना है तो पूरे मान-सम्मान से निर्धारित नियमों का पालन करते हुए वे यह कार्य करें। फाउंडेशन राष्ट्रीय ध्वज के मान-सम्मान को सर्वोच्च रखते हुए झंडा फहराने अथवा प्रदर्शित करने से संबंधित जिम्मेदारियों को समझने में लोगों की मदद कर रहा है।

# मलखंब साधक को तन और मन से स्वस्थ रखता है: मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री ने बालोद में नवनिर्मित इंडोर स्टेडियम का किया शुभारंभ

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज बालोद में नवनिर्मित इंडोर स्टेडियम का शुभारंभ किया और खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने इंडोर स्टेडियम पहुँचकर मलखम्ब में जिमनास्ट और योग कर रहे प्रतिभागियों के कलाकृतियों और अभ्यास को देखकर उनके हौसले की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह भारत की प्राचीन विधा है। मलखम्ब से साधक मजबूत और तंदुरुस्त बनने के साथ ही तन और मन से स्वस्थ होते हैं। उन्होंने यहां प्रशिक्षण ले रहे प्रतिभागियों को अपना आशीर्वाद और शुभकामनायें देते हुए नियमित अभ्यास करने के लिए





प्रेरित किया। उन्होंने प्रशिक्षकों को जिमनास्ट और योग की बारीकियों से अवगत कराने और इसे बढ़ावा देने का सुझाव दिया। मुख्यमंत्री ने यहां नेशनल खिलाड़ी दीप्ति साहू, चंचल साहू, प्रेरणा साहू, करुण नायक, राजकुमार मुथाई, वीरेंद्र कुमार, उषा चौधरी से भेंट की। उन्होंने तीन सगी बहने दीप्ति, चंचल और प्रेरणा साहू के जज्बे और हुनर की सराहना की। दीप्ति साहू नेशनल गेम में अनेक मेडल जीतकर जिला का नाम रोशन किया है। इंडोर स्टेडियम में कलारी पट्ढ, उशु, मुथाई, किक बॉक्सिंग, जूडो खेल का भी प्रशिक्षण दिया जाता है। यह इंडोर स्टेडियम में पूर्व सैनिक सेवा संघ द्वारा निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है। पूर्व सैनिक सेवा संघ के अध्यक्ष श्री राजकुमार साहू ने बताया कि यहां अभी 70 युवाओं को सैनिक, अर्धसैनिक बल में भर्ती के लिए जरूरी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पूर्व सैनिक किशोर नाथ योगी, हेमंत मारगिया, कन्हैया लाल, उमेश साहू द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यहां सन 1962 और 1965 के युद्ध में अपनी वीरता का परिचय देने वाले 70 वर्षीय विमल कुमार दास युवाओं को प्रशिक्षण दे रहे हैं।

## राहुल कांग्रेस अध्यक्ष नहीं बनेंगे: जयराम रमेश बोले

# 30 सितंबर तक राहुल यात्रा पर, दिल्ली में सिर्फ सोनिया से मिलेंगे, शेड्यूल में नॉमिनेशन नहीं

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस में नये अध्यक्ष के नामों को लेकर सियासी अटकलें तेज हैं। इसी बीच पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने बुधवार को कहा- राहुल गांधी नामांकन के दौरान भारत जोड़ो यात्रा पर रहेंगे। रमेश के इस बयान के बाद यह तय हो गया है कि राहुल पार्टी के अध्यक्ष पद की कमान नहीं संभालेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव को लेकर दिल्ली में भी हलचल शुरू हो गई है। राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत बुधवार को सोनिया गांधी से मुलाकात करने पहुंचें। वहीं, सांसद शशि थरूर सुबह कांग्रेस मुख्यालय पहुंचे और सेंट्रल इलेक्शन अथॉरिटी से मुलाकात की। पार्टी के दोनों वरिष्ठ नेता अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ सकते हैं। राहुल गांधी 23 सितंबर को भारत जोड़ो यात्रा से ब्रेक लेकर दिल्ली आयेंगे। रमेश ने कहा कि राहुल अपनी मां सोनिया से मिलेंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक राहुल इस दौरान सोनिया से नये अध्यक्ष के नाम को लेकर चर्चा कर सकते हैं।

### पद छोड़ने पर बोले गहलोत: समय बतायेगा, एक व्यक्ति-एक पद का नियम केवल नॉमिनेटेड पोस्ट के लिए

जयपुर। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई हैं। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का नाम अध्यक्ष पद की रेस में सबसे आगे हैं। इस सिलसिले में वह बुधवार शाम 4 बजे सोनिया गांधी से मिलने दस जनपथ पहुंचे। इसके बाद वह राहुल गांधी से मिलने कोच्चि भी जायेंगे। दिल्ली पहुंचने पर गहलोत ने कहा, 'अगर पार्टी के लोग मुझे चाहते हैं, उन्हें लगता है कि अध्यक्ष पद या सीएम पद पर मेरी जरूरत है तो मैं मना नहीं कर सकता। हमारे लिए पद कोई मायने नहीं रखता। एक पद, एक व्यक्ति का नियम केवल नॉमिनेटेड पोस्ट के लिए है। चुनाव लड़कर कोई भी दो पोस्ट पर रह सकता है। गहलोत ने कहा, 'समय बतायेगा कि मैं कहा रहूंगा, कहां नहीं रहूंगा।

# डेंगू मरीजों की संख्या 3788, खुर्दा में सबसे ज्यादा

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** राज्य में अब तक डेंगू मरीजों की संख्या 3788 की पहचान की जा चुकी है। 27 हजार 759 नमूनों की जांच की गई और 3788 मामलों का पता चला। जन स्वास्थ्य निदेशक निरंजन मिश्र ने बताया कि सबसे ज्यादा मामले खुर्दा में 2138, कोरापुट में 359, रायगडा में 321 और मालकानगिरी में 232 मामले सामने आये है। उन्होंने यह भी कहा, अब तक राज्य में आधिकारिक तौर पर किसी की भी डेंगू से मौत नहीं हुई है। 2021 में इस समय 3 हजार



895 आक्रांत का पता चला था। कुल 15,838 नमूनों का परीक्षण किया गया था। पिछले साल की तुलना में जहां सकारात्मकता दर में कमी आई है, वहीं दैनिक संक्रमण में भी कमी आई है। मानसून के दौरान और मानसून के बाद डेंगू थोड़ा बढ़ा, लेकिन अब यह कम हो रहा है।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई. निविदा सूचना**

**ई-निविदा नोटिस सं०-59 ऑफ 2022-23/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू।**

मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग/डी०डी०यू० एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ-साथ उन ठेकेदारो से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑन लाईन (ई-निविदा) आमंत्रित की जाती है।

**1. निविदा सं०-17-डीडीयू-व०मं०इंजी०-III-22-23, कार्य का नाम एवं लोकेशन:** सहायक मंडल इंजिनियर/डीडीयू सीटीआर (एस०)-5.302 टीकेएम (एमीडी लखनऊ, लाइन सं० 08, 10 डाउन सिक लाइन), टीटीआर (डायमंड क्रासिंग) - 14 सेट और टीटीआर (टीएसआर) - 7 सेट। **कार्य का अनुमानित लागत :** ₹ 16400787.67, **धरोहर राशि:** ₹ 232000.00 **ई-निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय:** 11.10.2022 को 12:00 बजे तक। **वेबसाईट पर ई-निविदा की विस्तृत जानकारी:** www.ireps.gov.in

**नोट:** विवाद की स्थिति में अंग्रजी पाठ मान्य होगा।

**मंडल रेल प्रबन्धक, पं० दीन दयाल उपाध्याय**

पीआर/1075/डी०डी०यू०/ईएनजीजी/टी/22-23/36



**पूर्व मध्य रेल**

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्यिक), पूर्व मध्य धनबाद, अनुबंध प्रदान करने के लिए वेबसाइट www.IREPS.gov.in के माध्यम से IREPS पोर्टल पर ओपन ई-नीलामी आमंत्रित करते है। विवरण निम्नानुसार है : **क्र.सं.** **(1) ई-नीलामी सूची :** मिक्स्ड, **ई-नीलामी सूची सं.:** पार्क- पीएनयू- पीयूबी-1, **ई-नीलामी प्रारंभ होने का निर्धारित दिन और समय का विवरण:** 11.10.2022, 12.00 बजे से, **कार्य का विवरण एवं स्टेशन का नाम:** लातेहार स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में 03 वर्षों के लिए प्री-फैब्रिकेटेड शौचालय का संचालन एवं रखरखाव।, बरवाडीह स्टेशन के अंदर 03 वर्षों के लिए सोल एडभरटाईजमेंट। तेलों स्टेशन पर 03 वर्षों के लिए, 02 व्हीलर, 03 व्हीलर एवं 04 व्हीलर का पार्किंग स्टैंड, गुरपा स्टेशन पर 03 वर्षों के लिए, 02 व्हीलर, 03 व्हीलर एवं 04 व्हीलर का पार्किंग स्टैंड, राय स्टेशन पर 03 वर्षों के लिए, 02 व्हीलर, 03 व्हीलर एवं 04 व्हीलर का पार्किंग स्टैंड। सभी संभावित बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे पूर्ण विवरण के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें और उपर्युक्त ई. नीलामी में कॉलम संख्या iv. में दिए गए कार्यक्रम के अनुसार भाग लें। रेल प्रशासन के पास किसी/समस्त प्रपत्र को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

**मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)/धनबाद**

पीआर/1073/डीएचएन/सीओएमएल/एन/22-23/40



**पूर्व मध्य रेल**

**ई. निविदा सूचना**

**ई-निविदा नोटिस सं०-58 ऑफ 2022-23/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू।**

मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग/डी०डी०यू० एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ-साथ उन ठेकेदारो से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑन लाईन (ई-निविदा) आमंत्रित की जाती है।

**1. निविदा सं०-12-डीडीयू-व०मं०इंजी०-II-22-23, कार्य का नाम एवं लोकेशन:** सहायक मंडल इंजिनियर/जपला के अधीन बी०डी सेक्शन के सेतु सं०- 33, 37 और 137 इत्यादि का पुनर्निर्माण। **कार्य का अनुमानित लागत :** ₹ 9075681.83, **धरोहर राशि :** ₹ 181500.00

**ई-निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय:** 10.10.2022 को 12:00 बजे तक। **वेबसाईट पर ई-निविदा की विस्तृत जानकारी:** www.ireps.gov.in

**नोट:** विवाद की स्थिति में अंग्रजी पाठ मान्य होगा।

**मंडल रेल प्रबन्धक, पं० दीन दयाल उपाध्याय**

पीआर/1074/डी०डी०यू०/ईएनजीजी/टी/22-23/32















देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**